सुप्रभात
रांची, सोमवार
26.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 310



12 सज्जनता के साथ शक्ति भी जरूरी: भागवत

## न्यूज डायरी

### ऑपरेशन सिंदूर पर बयान में संयम रखें : प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर चल रही बयानबाजी ने सियासी गलियारों में तूफान खड़ा कर दिया है। इस बीच पीएम मोदी ने खुद हस्तक्षेप करते हुए भाजपा नेताओं को स्पष्ट संदेश दिया है कि वे अपनी वाणी पर संयम रखें और गैरजरूरी बयान देने से बचें। उन्होंने कहा कि कुछ भी, कहीं भी बोलना पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा सकता है। सेना के पराक्रम और सरकार की रणनीति की आड़ में किसी भी तरह की गैर-जिम्मेदार टिप्पणी न की जाये।

### फर्नीचर दुकान में भीषण आग, लाखों की क्षति

**रांची।** राजधानी रांची के कोकर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक फर्नीचर की दुकान में रविवार को भीषण आग लग गयी। आग की लपटें इतनी तेजी के साथ दुकान में फैली कि जब तक दमकल के वाहन मौके पर पहुंचते पूरी दुकान जल कर राख हो गयी। इसमें लाखों की क्षति का अनुमान है। आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी होगी। रविवार के कारण दुकान बंद थी। अचानक दुकान से धुआं निकलते देख लोगों को पता चला कि आग लगी है। खबर पाकर सदर थाने की टीम और दमकल के कई वाहन मौके पर पहुंचे।

### रांची में राजभवन पर आज कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस की ओर से 26 मई को सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में यह धरना-प्रदर्शन होगा। इसमें कांग्रेस के सभी वरीय नेता, मंत्री, विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद, जिला अध्यक्ष सहित राज्य भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की हुई बैठक

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों का एक दिन का सम्मेलन रविवार को नयी दिल्ली में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वच्छता, सफाई, स्वास्थ्य सेवा, युवा सशक्तिकरण, कृषि, प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत तालमेल बनाने की जानकारी दी।

### दक्षिण-पश्चिम मॉनसून कर्नाटक में आगे बढ़ा

**केरल।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून कर्नाटक में आगे बढ़ गया है तथा तटीय कर्नाटक में वर्षा हो रही है। मैंगलुरू, पनामबुर तथा कारवाड में तेज बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने तटीय क्षेत्र में रेड अलर्ट जारी किया है। तटीय कर्नाटक, चिकमंगलूर, कोगाडू और आसपास इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। तेज हवा से वाहन चलाना मुश्किल हुआ है। कविकलगंदी के पास लैंडस्लाइड की खबर आई है।

# जापान को पछाड़ भारत बना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

- भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ 4 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी वाला देश बना।
- 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि जर्मनी का 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान।

▶▶ अगले तीन वर्षों में जर्मनी से भी आगे होगा भारत





एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब अगले 2.5 से 3 वर्षों में जर्मनी को भी पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। सुब्रह्मण्यम ने 10वीं नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल मीटिंग की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 4 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी वाला देश बन गया है और यह आईएमएफ का आंकड़ा है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। श्री सुब्रह्मण्यम ने कहा, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं और जो योजना बनायी जा रही है, अगर हम उसी पर टिके रहते हैं, तो भारत अगले 3 वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आईएमएफ का भी अनुमान है कि आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के मुताबिक, 2025 में अमेरिका 30,507.217 अरब डॉलर के आकार के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वहीं, चीन 19,231.705 अरब डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

सिंहभूम चैंबर के प्लेटिनम जुबिली समारोह में लोस अध्यक्ष हुए शामिल, कहा

# भारत बनेगा औद्योगिक महाशक्ति

▶▶ भारत 'अवसरों की धरती' उद्योग-हितैषी नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था और तेजी से बढ़ेगी आगे : ओम बिरला

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर/रांची।** लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में पीएम मोदी ने देश को औद्योगिक महाशक्ति बनाने का विजन रखा है। इस विजन के केंद्र में लघु और मध्यम उद्योग है। देश को औद्योगिक महाशक्ति बनाने में लघु और मध्यम उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका साबित होगी। भारत अब तकनीकी, अनुसंधान और उद्योगों के क्षेत्र में अपनी वैश्विक पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि हम सहयोगी नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता की भूमिका में तेजी से उभर रहे हैं। श्री बिरला रविवार को बिष्टुपुर स्थित लोयोला स्कूल ऑडिटोरियम में सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबली (75वीं वर्षगांठ) समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

लोकसभा अध्यक्ष ने भारत को 'अवसरों की धरती बताते हुए कहा कि उद्योग-हितैषी नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था और तेजी से आगे बढ़ेगी। भारत शीघ्र ही आर्थिक महाशक्ति बनेगा। इस मौके पर देश के विकास, उद्योग जगत की भूमिका और आतंकवाद पर भारत की नीति जैसे अहम विषयों पर चर्चा हुई।

इससे पूर्व श्री बिरला के रांची पहुंचने पर परंपरागत रूप से स्वागत किया गया। रांची में कई कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद वह जमशेदपुर पहुंचे।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के रांची पहुंचने पर पारंपरिक तरीके से स्वागत करतीं महिलाएं।

### भारत आतंकवाद के सफाये का अगुवा बना

श्री बिरला ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पीएम की अगुवाई में पूरी दुनिया को एक बड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद को अब किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हमारा देश अब अपने भीतर किसी भी आतंकवादी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि पूरी बल्कि दुनिया से भी आतंकवाद के सफाये में भारत भूमिका अदा करेगा। उन्होंने कहा कि जो भी देश आतंकवाद को प्रश्रय देगा उसे किसी सूरत में छोड़ा नहीं जायेगा।

### टाटा ने आपको समृद्ध विरासत दी

ओम बिरला ने कहा कि सिंहभूम के उद्यमियों के पास टाटा की समृद्ध विरासत है, प्रेरणा है। सोचिए, 100 साल से भी ज्यादा समय जेएन टाटा एंड फेमिली को यहां एशिया का पहला स्टील प्लांट लगाने के लिए कितनी मशक्कत करनी पड़ी होगी। तमाम कठिनाइयों को पार लगाते टाटा परिवार ने यहां उद्योगीकरण की नींव डाली। विश्व बाजार के तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद टाटा समूह की धाक जमी हुई है। इस विरासत से प्रेरणा लें और सीखें। उन्होंने जेएन टाटा के सपनों के शहर जमशेदपुर की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस शहर की वैश्विक स्तर पर पहचान है। देशके आर्थिक विकास में जमशेदपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### हम आयातक नहीं निर्यातक बने

लोकसभा स्पीकर ने कहा, अमृत काल के इस दौर मे अब भारत आधुनिक उत्पाद आयात करने वाला देश नहीं है बल्कि वैश्विक स्तर का निर्यात करने वाला देश बन गया है। हमारे रक्षा उपकरण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी मजबूती से अपनी पैठ बना चुका है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उद्योगों को तैयार करने में चैंबर को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबिली समारोह में भाग लेने का अवसर मिलने पर उन्होंने चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका और टीम तथा सदस्यों को बधाई दी। उनके साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युतबरण महतो भी थे।

नक्सली क्षेत्रों में विकास और शिक्षा पर चर्चा

# नक्सल पर सफलता के बाद पीड़ित इलाकों में सामान्य सुविधाएं पहुंची

मन की बात कार्यक्रम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास और शिक्षा को दिये जा रहे बढ़ावा पर चर्चा की। उन्होंने कहा, नक्सल हिंसा के खिलाफ सामूहिक लड़ाई की सफलता बाद अब हिंसा से प्रभावित जगहों पर शिक्षा, परिवहन, विकास जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंच रही हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र जैसे नक्सल प्रभावित रह चुके क्षेत्रों में विकास एवं शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के काटेझरी गांव में पहली बस जब आयी तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक चरण में है। सरकार ने अगले साल 31 मार्च तक इस खतरे को खत्म करने का संकल्प लिया है।

**पहली बार पहुंची बस का सुनाया किस्सा :** इस बार भी श्री मोदी ने अद्भुत और प्रेरक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के काटेझरी गांव भारत का एक ऐसा गांव है जहां पर आजादी के 77 साल बाद कोई सरकारी बस पहुंची।



इस गांव में 20 मई को बस सेवा शुरू हुई। गांव में पहली बार बस पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया। गांव में पक्की सड़क थी, लेकिन पहले कभी यहां बस नहीं चल पायी थी, क्योंकि ये गांव माओवादी हिंसा से प्रभावित था।

**शैक्षणिक प्रसार पर बात :** पीएम ने छत्तीसगढ़ के बस्तर और दंतेवाड़ा में विज्ञान प्रयोगशालाओं जैसी शैक्षणिक सुविधाओं का भी उदाहरण दिया। मोदी ने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि दंतेवाड़ा जिला 95 प्रतिशत परिणामों के साथ 10वीं कक्षा की परीक्षा में छत्तीसगढ़ शीर्ष स्थान पर रहा।

**झारखंड समेत कई राज्य में सुरक्षाबल बढ़ाया :** केंद्र सरकार ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों, विशेष रूप से छत्तीसगढ़, झारखंड, ओड़िशा, बिहार, और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी है। सीआरपीएफ, राज्य पुलिस, और अन्य विशेष बलों ने संयुक्त अभियान चला रहे हैं।

## झारखंड पहुंचा कोरोना संक्रमित व्यक्ति अस्पताल में भर्ती

- फिल्म निर्माता लाल विजय नाथ शाहदेव कोरोना पॉजिटीव




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर कोरोना वायरस की एंट्री हो गयी है। फिल्म मेकिंग में अपनी पहचान बना चुके लाल विजय शाहदेव कोरोना से संक्रमित पाये गये हैं। उन्होंने खुद इसकी जानकारी दी सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि 22 मई को जब वह मुंबई से रांची आ रहे थे, उसी दौरान फ्लाइट में उनकी तबीयत बिगड़ गयी और वह बेहोश हो गये। जांच में वह कोरोना पॉजिटिव पाये गये। लाल विजय शाह देव ने कहा है कि इस समय राजधानी रांची के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। अब वह पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं उन्होंने अपील की है कि उनके संपर्क में आये सभी लोग तुरंत कोविड टेस्ट करायें।

## राजद सुप्रीमो ने तेजप्रताप को पार्टी और घर से बाहर निकाला

एजेंसी

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी और परिवार से बाहर कर दिया है। लालू यादव के इस फैसले के साथ उनका पूरा परिवार साथ खड़ा है। राजद अध्यक्ष ने तेज प्रताप यादव और अनुष्का यादव की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की है। लालू यादव के छोटे बेटे और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम ऐसी चीजों को बर्दाश्त नहीं कर सकते।



हम बिहार की जनता के लिए काम कर रहे हैं और समर्पित हैं। रही बात मेरे बड़े भाई की तो राजनीतिक जीवन और निजी जीवन अलग-अलग हैं। उन्हें अपने निजी फैसले लेने का अधिकार है। वह वयस्क हैं और फैसले लेने के लिए स्वतंत्र हैं। इस पर पार्टी प्रमुख ने भी स्पष्ट कर दिया है।

## साहिबगंज में संदिग्ध अवस्था में मिला सिपाही का शव, एसआइटी करेगी जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज/रांची।** साहिबगंज पुलिस लाइन में कार्यरत सिपाही सुरजीत कुमार यादव (35) का शव रविवार को महिला सिपाही बैरेक भवन के पीछे संदेहास्पद परिस्थितियों में मिला। सिपाही का शव मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जिले के प्रभारी एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गयी है। दो से तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है, तीनों को शाम में सिपाही के साथ देखा गया था। बहुत जल्द मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा। दो दिन पूर्व ही वह पुलिस लाइन में आये थे।



**हाथ और छाती की हड्डी टूटी मिली :** पुलिस ने सदर अस्पताल में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टर मुकेश कुमार ने बताया कि जवान को गोली नहीं लगी थी, लेकिन छाती की हड्डी टूट कर उनके फेफड़े में घुस गयी थी। संभव है यही मौत का कारण बना। वहीं मृत जवान के दाहिने हाथ में कई जगह से फ्रैक्चर है। पोस्टमार्टम में पाया गया कि खून ताजा था और करीब 3.5 एमएल खून शरीर में था। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि के बाद शव को परिजनों के सौंप दिया गया। बता दें कि सुरजीत यादव पाकुड़ जिला के महेशपुर थाना क्षेत्र के ग्वालपाड़ा गांव का रहने वाले थे।

## कार्टून कोना




गुरुग्राम की एक कंपनी के सीइओ ने देश के टैक्स सिस्टम पर उठाये सवाल, कहा

# किसान एक करोड़ भी कमाये तो भी कोई टैक्स नहीं...

- कहीं न कहीं नौकरी करने वाला मध्यम वर्ग चुपचाप चिल्ला रहा है। वे सबसे ज्यादा योगदान करते हैं...

*सड़क पर सामान बेचने वाले लोग बिना किसी लिखा-पढ़ी के काम करते हैं। वे डिजिटल बैंकिंग या जीएसटी जैसे सिस्टम से बाहर रहते हैं, इसलिए उनकी कमाई का कोई हिसाब नहीं होता।*



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गुरुग्राम की एक कंपनी के सीईओ वीरेश सिंह ने देश के इनकम टैक्स सिस्टम को लेकर कुछ सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि किसानों को कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होता। वहीं कॉर्पोरेट कर्मियों को कमाई पर भारी-भरकम टैक्स देना होता है। उन्होंने इनकम टैक्स को लेकर लिंक्डइन पर पोस्ट लिखी है। पोस्ट में वीरेश ने लिखा है कि अगर कोई किसान साल में 1 करोड़ रुपये कमाता है, तो उसे कोई टैक्स नहीं देना होता। सड़क पर सामान बेचने वाले लोग भी, जिनमें से कुछ करोड़ों कमाते हैं, अक्सर टैक्स नहीं देते। इनमें चाय बेचने वाले, फूड स्टॉल लगाने वाले आदि शामिल हैं। उन्होंने लिखा है कि इनमें ज्यादातर लोग बिना किसी लिखा-पढ़ी के काम करते हैं। वे डिजिटल बैंकिंग या जीएसटी जैसे सिस्टम से बाहर रहते हैं। इसलिए उनकी कमाई का कोई हिसाब नहीं होता।

### सीइओ ने मध्यम वर्ग की पीड़ा बतायी

वीरेश सिंह ने माना कि भारत को किसानों की जरूरत है। भारत को सड़क पर सामान बेचने वालों की जरूरत है। भारत के कारोबार भी जरूरी हैं। उन्होंने लिखा है कि कहीं न कहीं नौकरी करने वाला मध्यम वर्ग चुपचाप चिल्ला रहा है। वे सबसे ज्यादा योगदान करते हैं और सबसे कम शिकायत करते हैं, लेकिन अक्सर उन्हें ही सबसे कम लाभ मिलता है।

### आंकड़ों का दिया हवाला

वीरेश सिंह ने अपनी पोस्ट में कुछ आंकड़ों का भी हवाला दिया है। लिखा है कि सीबीडीटी के 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार, केवल 3.6 करोड़ भारतीयों ने इनकम टैक्स रिटर्न भरा। इनमें से लगभग 1.5 करोड़ नौकरी करने वाले थे, उन्होंने कुल इनकम टैक्स का 60 प्रतिशत से ज्यादा दिया।

### कंपनी और कर्मचारी को कितना टैक्स?

वीरेश सिंह ने अपनी पोस्ट में कंपनी और कर्मचारी की कमाई पर लगाने वाले टैक्स के बारे में भी लिखा है। उन्होंने लिखा है कि अगर कोई प्राइवेट कंपनी को एक करोड़ रुपये का मुनाफा होता है तो उसे करीब 25 लाख रुपये टैक्स के रूप में चुकाने होते हैं। वहीं सालाना एक करोड़ की सैलरी वाले कर्मचारी को करीब 31 लाख रुपये का टैक्स देना पड़ता है। उन्होंने लिखा है, 'कोई शॉर्टकट नहीं। बस मेहनत करो और टैक्स भरो।

लातेहार के चंदवा में दर्दनाक सड़क हादसा

## कार के परखच्चे उड़े, एक ही परिवार के तीन की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर चंदवा थाना क्षेत्र के सेन्हा फुटबॉल मैदान के समीप एक भीषण सड़क हादसे में एक की परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों का उपचार रिम्स में चल रहा है। मृतकों में शांति देवी, बबिता देवी एवं मनोज वर्मा हैं। जानकारी के अनुसार कार पर सवार होकर वे लोग रांची जा रहे थे, इसी दौरान सेन्हा फुटबॉल मैदान के समीप सामने से आ रही एक दूसरी कार की वजह से आई-10 कार असंतुलित हो गयी और सामने से आ रहे मालवाहक वाहन से टकरा गयी। इस भीषण दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए।



**गिरिडीह में दो ट्रकों में टक्कर, दोनों चालकों की मौत :** जिले के ताराटाड़ थाना इलाके के गिरिडीह-धनबाद मुख्य मार्ग में रविवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। बताया गया कि दो ट्रकों में भीषण टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों के चालकों की मौत के साथ 10 मवेशियों की भी जान चली गयी।

## झारखंड में बीज वितरण की शुरुआत, 80 हजार क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य

# किसानों में जागरूकता से खत्म होगा बिचौलिया राज : शिल्पी नेहा तिर्की

- कहा- सरकार राज्य के किसानों से किए गए वायदे के प्रति सजग है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड में एक फिर रविवार से बीज वितरण की शुरुआत कर दी गई है। कृषि निदेशालय प्रांगण में बीज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों के बीच बीज वितरण का शुभारंभ किया। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग ने खरीफ फसल के बीज वितरण का लक्ष्य 80 हजार क्विंटल रखा है। ये आंकड़ा पिछले दो वित्तीय वर्ष से दोगुना है। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरकार राज्य के किसानों से किए गए वायदे के प्रति सजग है। यही वजह है कि बीज दिवस के दिन से ही राज्य भर में बीज वितरण की शुरुआत कर दी गई है। कमजोर राज्यों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए ज्यादा काम करना जरूरी है। झारखंड भी इसी रास्ते पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है। अगर किसान विभाग की योजनाओं को लेकर जागरूक होंगे, तो राज्य से बिचौलिया खत्म हो जाएंगे। ऐसा किसानों की जागरूकता और उनकी सूझ-बुझ से ही संभव है।

उन्होंने कहा कि विभाग किसानों को 50 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक अनुदान पर बीज उपलब्ध करा रही है। लेकिन इसका लाभ लेने के लिए समय पर सही जानकारी और प्रक्रिया को अपनाना होगा। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक किसानों से योजनाओं का फीडबैक ले रही है, ताकि कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। राज्य में छोटे बदलाव से विकसित झारखंड का निर्माण संभव है। फसल के पटवन के लिए विभाग ने नदी पर बिरसा पक्का चेक डैम योजना की शुरुआत करने का निर्णय लिया है। इसी तरह पलामू में बकरी के बजाय भेड़ का वितरण। किसी जिले में बकरी के बजाय शूकर का वितरण का उद्देश्य आवश्यकता के अनुसार किसान के अनुरूप योजना तैयार करना है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विभाग किसानों के अनुरूप योजना को रूप देना चाहती है। किसान जागरूक बनें और गांव के एक-एक लोगों तक विभाग की योजनाओं की जानकारी साझा करें, ये जरूरी है। ऐसा करके झारखंड के किसान भी केरल और महाराष्ट्र की तरह खुद को कृषि के क्षेत्र में सफल साबित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज किसानों को आधुनिकता के दौर में विज्ञान और ज्ञान को अपनाना होगा।

कृषि के क्षेत्र में उन्नत तकनीक से फसल की पैदावार में बढ़ोत्तरी तय है। इस मौके पर विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दीखी ने किसानों को सचेत करते हुए कहा कि भूल से भी बीज खरीद के लिए अपना ओटीपी किसी दूसरे से साझा न करें। एक भूल से आप खुद का नुकसान कर सकते हैं। बीज वितरण के लिए प्रखंड स्तर पर मॉनिटरिंग टीम का गठन किया गया है। इतना ही नहीं, ब्लॉक चेन सिस्टम को भी विभाग ने विकसित किया है। इसका उद्देश्य किसानों को उनकी मांग के अनुरूप समय पर बीज उपलब्ध कराना है। कृषि निदेशक ताराचंद ने कहा कि झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी खेती और किसानी से जुड़ी हुई है। राज्य में खरीफ की फसल को ही मुख्य फसल के तौर पर जाना जाता है। इस साल बीज वितरण के लिए 5 सरकारी कंपनियों को बीज मुहैया कराने का काम दिया गया है, ताकि बीज का वितरण पूरे राज्य में एक साथ शुरू हो सके। बीज दिवस के मौके पर रातू, बुढ़मू, कांके, मांडर, चान्हों और ओरमांझी प्रखंड के दो किसानों को बीज उपलब्ध कराया गया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि निदेशालय में जीर्णोद्धार के बाद तैयार कॉन्फ्रेंस हॉल का फीता काटकर उदघाटन भी किया।

## कोविड के नए वेरिएंट पर झारखंड अलर्ट, सरकार पूरी तरह तैयार : डॉ इरफान अंसारी

- भीड़ में लगाएं मास्क, सतर्कता ही सुरक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** देश में कोविड के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि यह एक सामान्य स्थिति है। कोविड के नये वेरियेंट जेएन-1 से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए है। डॉ. अंसारी ने कहा कि भीड़-भाड़ वाले इलाकों में मास्क पहनना जरूरी है। इससे न केवल कोविड, बल्कि अन्य बैक्टीरियल और वायरल संक्रमणों से भी बचाव होता है। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

मंत्री ने बताया कि झारखंड सरकार, केंद्र सरकार द्वारा जारी होने वाली नई गाइडलाइन्स का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि निर्देश मिलते ही राज्य सरकार तुरंत आवश्यक कदम उठाएगी। डॉ. अंसारी ने कहा लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है। झारखंड सरकार और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क एवं तैयार हैं। नागरिकों से अपील है कि वे अफवाहों से दूर रहें, आधिकारिक सूचना पर ही विश्वास करें और आवश्यक एहतियात बरतें।

## पीएम मोदी के खून में सिंदूर का होना चिंतनीय, हो जांच : इरफान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने पीएम नरेंद्र मोदी के उस बयान पर आश्चर्य और चिंता जताते हुए कटाक्ष किया है, जिसमें उन्होंने उनके रगों में सिंदूर बहने की बात कही थी। इरफान के मुताबिक, बीकानेर में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरे खून में सिंदूर है। स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते वे जांच की मांग करते हैं कि आखिर खून में सिंदूर कैसे गया? वे मोदी जी की लंबी आयु की कामना करते हैं। लेकिन ब्लड में सिंदूर जाना चिंता का विषय है। खून में अगर सिंदूर मिलाया गया तो यह हानिकारक है। अगर सिंदूर में पारा मिला हुआ रहा तो यह जानलेवा भी हो सकता है। तुरंत उनकी मेडिकल जांच कराई जानी चाहिए। इरफान के अनुसार, वे देश के सभी सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द मोदीजी के खून की जांच हो। उनका देश में रहना काफी जरूरी है। वे 100 साल जिएं, यह उनकी दुआ है। सिंदूर का खून में होना घातक है। जब से उन्होंने मोदीजी के भाषण को सुना है, तब से वे सदमे में हैं।

**क्या है मामला**

बताते चलें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार और भारतीय सेना के स्तर से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। आतंकियों के 9 ठिकानों को नष्ट किया गया था। इसी परिप्रेक्ष्य में पीएम मोदी ने कहा था कि उनके रगों में सिंदूर बहता है। इसके बाद एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें इरफान ने कहा था कि ब्लड में खून दौड़ता है तो यह बीमारी है। बाद में उनके स्तर से वीडियो जारी कर कहा गया कि पीएम के रगों में सिंदूर कैसे बह सकता है। इसकी जांच होनी चाहिए।

## सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस का धरना आज, तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस की ओर से सोमवार को राजभवन के पास आयोजित एक दिवसीय धरना की तैयारी पूरी हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में आयोजित धरना में प्रदेश प्रभारी के राजू के साथ प्रदेश कांग्रेस के सभी वरीय नेतागण, मंत्री, विधायक गण, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक सांसद, पूर्व सांसद, जिला अध्यक्ष सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसके पश्चात अपराह्न 3:00 बजे से आगामी नगर निकाय चुनाव हेतु नियुक्त पर्यवेक्षकों एवं जिला अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों की बैठक बिहार क्लब में होगी।

उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि एक लंबे अरसे से आदिवासी समुदाय अपने धार्मिक पहचान को पाने के लिए जनगणना में सरना धर्मकोड का कॉलम निर्धारित करने की मांग कर रहा है। आदिवासियों की इस मांग को कांग्रेस पूरी तरह समर्थन करती है और चाहती है कि आगामी जनगणना में सरना धर्म कोड का कॉलम अंकित किया जाए। उन्होंने कहा है कि आदिवासी समुदाय का रहन-सहन, पूजा पद्धति, मान्य परंपराएं सभी धर्मों से अलग है। यह प्रकृति पूजक हैं, इनके धार्मिक पहचान को बनाए रखना समय की मांग है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत प्राप्त संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार यह एक गंभीर समसामयिक मांग है जिसे केंद्र सरकार को अविलंब मानना चाहिए।

सोनाल शांति ने कहा है कि सोमवार को आयोजित धरना प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस संविधान के कस्टोडियन राज्यपाल के समक्ष सरना कोड लागू करने की मांग को रखेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने स्पष्ट कर दिया है कि सरना धर्म कोड की मांग को लेकर कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक पुरजोर लड़ाई लड़ेगी। जिस तरह हमने जातीय जनगणना की लड़ाई जीती है उसी तरह सरना धर्मकोड की लड़ाई भी जीतेंगे।

## पीएम के मन की बात है जन-जन की आवाज : संजय जायसवाल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को अपने बूथ पर सुना।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का जनता इंतजार करती है। पीएम मोदी ने कहा कि सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है। ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। इस तस्वीर ने पूरे देश को देश भक्ति के भावों से भर दिया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनय कुमार सिंह, राजकुमार जायसवाल, शुभम जायसवाल, मुन्ना भारद्वाज, संदीप भगत, अजय जायसवाल, विजय साहू, सुरेंद्र साहू, धनंजय सिंह, गीता देवी, कंचन देवी,आरती देवी, ओम प्रकाश गुप्ता, संतोष चौधरी, तरुण कुमार जायसवाल, आकाश कुमार, गोविंद वर्मा आदि उपस्थित थे।

## आगामी नगर निकाय चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस ने किया पर्यवेक्षक नियुक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में होने वाले आगामी नगर निकाय चुनाव को देखते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सांसद, मंत्री, विधायक एवं गत लोकसभा-विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार रहे नेताओं को नगर निगम, नगर पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्रों के पर्यवेक्षक के रूप में मनोनीत किया है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव को गंभीरता से लेते हुए संगठन को मजबूत करने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई करें ताकि हम नगर निकाय चुनाव में अपेक्षित सफलता प्राप्त कर सकें।

इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि विभिन्न नगर निगम नगर परिषद एवं नगर पंचायत के लिए वरीय नेताओं को जिम्मेवारी दी गई है। इसके तहत देवघर नगर निगम, मधुपुर नगर परिषद एवं गोड्डा नगर परिषद के लिए कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव। महगामा नगर परिषद- दीपिका पांडे सिंह, बासुकीनाथ नगर परिषद- बादल पत्रलेख, चतरा नगर परिषद एवं लातेहार नगर पंचायत- केएन त्रिपाठी, चास नगर निगम-श्वेता सिंह, चिरकुंडा नगर परिषद-अनुपमा सिंह, धनबाद नगर निगम-अजय दुबे, रांची नगर निगम एवं कपाली नगर परिषद-सुश्री यशस्विनी सहाय, बुंडू नगर पंचायत एवं खूंटी नगर पंचायत- कालीचरण मुंडा, सिमडेगा नगर परिषद भूषण बारा, गुमला नगर परिषद- सुखदेव भगत, लोहरदगा-नगर परिषद डॉ रामेश्वर उरांव, बचरा नगर पंचायत- सुश्री अंबा प्रसाद, रामगढ़ नगर परिषद- ममता देवी, हजारीबाग नगर निगम- मुन्ना सिंह, पाकुड़ नगर परिषद- निशत आलम, मिहिजाम नगर परिषद एवं जामताड़ा नगर पंचायत- डॉ इरफान अंसारी, फुसरो नगर परिषद- कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह, मानगो-नगर निगम- बन्ना गुप्ता, बिश्रामपुर नगर परिषद एवं माझियांव-नगर पंचायत- सुधीर कुमार चंद्रवंशी, छतरपुर नगर पंचायत- राधाकृष्ण किशोर, मेदिनी नगर नगर निगम- केएन त्रिपाठी को पर्यवेक्षक मनोनीत किया गया है।

उन्होंने बताया कि आगामी नगर निकाय चुनाव को कांग्रेस पूरी गंभीरता से ले रही है और इन चुनाव में बेहतरीन प्रदर्शन कर शहरी जनमानस के बीच अपनी भूमिका तय करना चाहती है। यह चुनाव संगठन के लिए संजीवनी का काम करेगा, जिससे कांग्रेस को मजबूती मिलेगी।

## झारखंड में अविलंब लागू हो पत्रकार सुरक्षा कानून : दीपेश निराला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता दीपेश निराला ने झारखंड में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि आये दिन पत्रकारों पर हो रहे हमले और पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर पत्रकारों के विरुद्ध दर्ज किये जा रहे फर्जी मुकदमों पर रोक लगाने के लिये यह सुरक्षा कानून लागू किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभी जिस प्रकार धुर्वा के सेक्टर 2 में एक पत्रकार के साथ मारपीट की घटना सामने आई है, वह लोकतांत्रिक देश के लिये उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले भी कई पत्रकारों की हत्या हो चुकी है और कई पत्रकारों पर हमला हो चुका है। ऐसी स्थिति में राज्य सरकार को त्वरित कदम उठाते हुये पत्रकारों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने चाहिये। जिला प्रशासन को इस मामले में संज्ञान लेते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करनी चाहिये। उन्होंने एक हिंदी दैनिक अखबार के वरिष्ठ पत्रकार संजीत कुमार दीपक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी के विरुद्ध अविलंब कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

## ग्राम सभा की सहमति से खुलेंगी शराब दुकानें, बीजेपी कर रही गुमराह : हेमलाल मुर्मू

- भाजपा के नेता आदिवासियों को गुमराह कर विरोध के नाम पर सरकार का पुतला जलवा रहे हैं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में शराब नीति को लेकर भाजपा के आरोपों पर झामुमो नेता हेमलाल मुर्मू ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता आदिवासियों को गुमराह कर रहे हैं और विरोध के नाम पर सरकार का पुतला जलवा रहे हैं।

**ग्राम सभा की सहमति से खुलेंगी शराब दुकानें**

झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि झारखंड सरकार की शराब नीति स्पष्ट है। जिसमें यह बात साफ तौर पर कहा गया है कि राज्य में शराब की दुकानें वहीं खुलेंगी, जहां ग्रामसभा के माध्यम से सहमति दी जाएगी।

**भाजपा के आरोपों पर कही ये बात**



उन्होंने कहा कि भाजपा ये आरोप लगाती रही है कि झामुमो झारखंड के आदिवासियों को शराब में डुबोना चाहती है। जबकि भाजपा के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पिछले दिनों बयान दिया था कि उनके कार्यकाल में शराब से रेवेन्यू 1900 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था, जबकि झामुमो महज 1000 करोड़ पर अटकी हुई है। ऐसे में साफ है कि कौन राज्य के आदिवासियों को शराब में डुबो रहा था।

वहीं पड़ोसी राज्य बिहार की तर्ज पर झारखंड में पूर्ण शराबबंदी के मसले पर हेमलाल मुर्मू ने कहा कि ये फिलहाल झारखंड में अभी तय नहीं हुआ है। इसके कई पहलू हैं। इसके परिणाम पर विचार होगा फिर तय हो पाएगा कि क्या करना है।

**शराब घोटाले में शामिल लोगों पर होगी कार्रवाई**

वहीं शराब नीति में गड़बड़ी के मामले और विपक्ष के आरोप के बीच कुछ आला अधिकारियों की गिरफ्तारी पर झामुमो नेता हेमलाल मुर्मू ने कहा कि कानून अपना काम कर रही है, जो गलत होंगे उनपर कार्रवाई होगी।

# हर घर नल-जल योजना एवं अन्य केन्द्रीय योजनाओं में झारखण्ड की हिस्सेदारी की राशि दे केन्द्र : बंधु तिर्की

- झारखण्ड की केन्द्र की ओर से उपेक्षा पर क्यों नहीं बोलते भाजपा नेता और उसके सांसद-विधायक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन के साथ ही अन्य केन्द्रीय योजनाओं में झारखण्ड की हिस्सेदारी की अच्छी खासी राशि केन्द्र सरकार के पास बकाया है जिससे झारखण्ड के आर्थिक एवं सामाजिक विकास पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। श्री तिर्की ने कहा कि झारखण्ड एवं यहां के लोगों के हित में केन्द्र को अविलंब बकाया राशि का भुगतान कर देना चाहिये।

श्री तिर्की ने कहा कि यदि हर घर नल-जल योजना की बात की जाये तो इसे सभी ग्रामीण घरों में पेयजल पहुंचाने के लिये 15 अगस्त 2019 को शुरू किया गया था जिसे 31 मार्च 2024 तक पूरा हो जाना था लेकिन कोरोना के कारण इसे बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दिया गया। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में लक्ष्य 62 लाख 54 हजार 97 घरों के मुकाबले केवल 34 लाख 40 हजार 792 घरों तक यह योजना पहुंची है, जो लक्ष्य का केवल 55.02 प्रतिशत है और इसकी पृष्ठभूमि में सबसे बड़ा कारण केन्द्र द्वारा इस योजना के लिये झारखण्ड को देय राशि का भुगतान नहीं करना है। यहां तक कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में केन्द्र के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत झारखण्ड को 2114 करोड़ 16 लाख रुपये की राशि प्रदान की जानी थी, जबकि इस मद में केवल



70 करोड़ रुपये मिले।

उन्होंने कहा कि 24,665 करोड़ 30 लाख रुपए की अनुमानित लागत वाली इस योजना की 50 प्रतिशत राशि 12,332 करोड़ 65 लाख रुपए केन्द्र द्वारा दिया जाना था जबकि अबतक केवल 5,987 करोड़ 46 लाख का भुगतान किया गया है जो कि बहुत कम है। श्री तिर्की ने कहा कि बकाया राशि की मांग के लिये राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री से भी मुलाकात की और उन्हें बकाया राशि के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये भी झारखण्ड के हिस्से की राशि विमुक्त करने की मांग रखी लेकिन अबतक केन्द्र सरकार के द्वारा कोई भी सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग की विविध योजनाओं का हाल भी कुछ ऐसा ही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि यह स्थिति तब है जब सभी योजनाओं से संबंधित केन्द्र सरकार के प्रत्येक दिशानिर्देश का पालन राज्य सरकार के द्वारा सख़्ती के साथ किया जा रहा है।

श्री तिर्की ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी सहित भाजपा के सभी सांसदों और विधायकों की इस बात के लिये तीखी आलोचना की कि वे छोटी-छोटी बातों को मुद्दा बनाकर झारखण्ड में राजनीति तो कर रहे हैं। लेकिन राज्य के साथ ही यहाँ के लोगों के लिये बेहद संवेदनशील, गंभीर और सीधे-सीधे विकास से जुड़े मामले पर कुछ भी नहीं बोल रहे जबकि यह प्रत्यक्षता आम लोगों के हित से जुड़ा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि लगभग प्रत्येक केन्द्रीय योजना में अपनी हिस्सेदारी देने के मामले में केन्द्र सरकार, झारखण्ड सहित उन प्रदेशों की उपेक्षा करती है, जहां विपक्षी कांग्रेस या अन्य दलों की सरकार है। श्री तिर्की ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अन्य विविध केन्द्रीय मंत्रालयों से मांग की है कि वह इस मामले को संपूर्ण देश के संतुलित एवं सम्यक विकास के साथ जोड़कर देखे न कि इसे राजनीतिक रंग दे।

## भारत के हर प्रांत में पहुंचायी जाएगी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** धरती आबा बिरसा मुंडा सार्धशती वर्ष (150वां वर्ष) के अंतर्गत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), झारखंड के कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी जन्मस्थली उलिहातू, खूंटी की पवित्र माटी रविवार को एकत्रित की गयी। 29-31 मई को रायपुर में अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक में बिरसा मुंडा की शौर्यगाथा को देश के कोने-कोने तक पहुंचाने को कार्यकर्ताओं को इसे भेंट किया जाएगा। मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय जनजातीय छात्र कार्य प्रमुख प्रमोद राऊत उपस्थित थे।

मौके पर उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की यह जन्मस्थली सम्पूर्ण भारतवर्ष के युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र है। इस मिट्टी को भारत के प्रत्येक प्रांत में उनके संघर्ष एवं अंग्रेजों के विरुद्ध लोहा लेने की हिम्मत, प्रत्येक नागरिक को उनके जीवन से आत्मसात कराएंगी। धर्मांतरण के विरुद्ध एक कड़ी लड़ाई लड़ते हुए अपने जनजातीय समाज की सांस्कृतिक धरोहर एवं विरासत को संजो कर रखने में उनकी महत्ती भूमिका रही। उन्होंने परंपरागत तीर धनुष के माध्यम से जिस प्रकार से अत्याधुनिक हथियार से युक्त अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ी, वह वाकई में हम सबके लिए एक मार्गदर्शन एवं ऊर्जा का विषय है।

उन्होंने कहा कि बिरसा मुण्डा जी केवल झारखंड के नहीं, अपितु सम्पूर्ण देश के युवाओं के लिए आदर्श हैं। आज समाज में जहां जहां अन्याय होगा, देश का युवा बिरसा मुंडाजी से प्रेरणा लेकर उसका प्रतिकार करेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिरसा मुंडा के परिवार जनों के साथ झारखंड प्रांत के संगठन मंत्री नीलेश कटारेजी, खेलो भारत के राष्ट्रीय संयोजक आशुतोष प्रताप, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभम पुरोहित, प्रदेश मीडिया संयोजक गुड्डू राय, जिला संयोजक प्रकाश टूटी, पवन, रोशन ठाकुर, अशोक टूटी एवं अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय बड़ा पूजा शोभायात्रा के साथ शुरू





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हिनू स्थित मणिटोला में तीन दिवसीय बड़ा पूजा रविवार को शोभायात्रा के साथ शुरू हो गया। शोभायात्रा शाम 5 बजे मंदिर परिसर से निकाली गई। शोभायात्रा पत्थर रोड, शिवपुरी, साकेत मार्ग और बाल मंदिर स्कूल होते हुए मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई।

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। शोभायात्रा मे सुबोधकांत सहाय, बिरेन्द्र प्रधान, आलोक दूबे, विनय सिन्हा दीपू, अजय दूबे, पवन पासवान, रमेश पासवान, अरविंद उपाध्याय, सुबोध सिंह गुड्डू, शंभू गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सदर थाना क्षेत्र की घटना, फायर बिग्रेड के 30 वाहनों ने आग पर पाया काबू

# सुप्रीमो ट्रेक्रो इंडिया फर्नीचर दुकान में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित सुप्रीमो ट्रेक्रो इंडिया में रविवार को भीषण आग लग गई। घटना रविवार शाम करीब पौने चार बजे की है। आग की लपटें इतनी तेजी के साथ दुकान में फैली की जब तक फायर बिग्रेड के वाहन मौके पर पहुंचते पूरी दुकान जल कर राख हो गई। आग पर काबू पाने के लिए फायर बिग्रेड के कर्मियों को काफी मेहनत करनी पड़ी। कई घंटो की कड़ी मशक्कत



के बाद आग पर काबू पाया गया। आग किन वजह से लगी इसका पता लगाया जा रहा है, हालांकि आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी होगी। इस अगलगी की घटना में लाखों की नुकसान होने की संभावना है।

**आग से मची अफरा-तफरी :** प्रत्यशदर्शियों के अनुसार रविवार होने की वजह से दुकान बंद थी। कुछ लोग अपने काम में लगे थे तभी अचानक दुकान से धुआं निकल ने लगा, थोड़ी ही देर में आग की ऊंची ऊंची लपटें उठने लगी। जिससे लोगों को पता चला कि आग लगी है। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते तब आग हर तरफ फैल गई। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी सदर थाना को दी। आग लगने की खबर पाकर सदर थाने की टीम सबसे पहले मौके पर पहुंची, उसके बाद फायर बिग्रेड के कई वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने में जुट गए।

इस अगलगी की घटना के संबंध में सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि सुप्रीमो ट्रेक्रो इंडिया नामक दुकान में फर्नीचर के लगभग सभी स्टॉक जल कर राख हो गए। दुकान गुरुवचन सिंह की है। इस घटना में उन्होंने अबतक किसी प्रकार की लिखित आवेदन नही दिया है।

## डीआइजी सह रांची एसएसपी ने अड्डेबाजी की शिकायत को लेकर जारी किया मोबाइल नंबर (8987790664)

# शहर के सार्वजनिक जगहों पर अड्डाबाजी करते पाये गये तो बरसेगी पुलिस की लाठी

- शहरवासियों से जारी किये गये मोबाइल नंबर पर सूचना देने की अपील

मोरहाबादी मैदान, करमटोली चौक के आसपास, बिड़ला मैदान, रिम्स के आस पास, डीआईजी मैदान, डोरंडा, लालपुर के लोअर वर्द्धमान कॉलोनी में एक साथ पुलिस ने कार्रवाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में सार्वजनिक स्थानों के साथ-साथ कई अन्य स्थानों पर रात के समय अड्डेबाजी करने वाले लोगों के खिलाफ शनिवार की रात को बड़ा अभियान चलाया गया। डीआईजी सह एसएसपी रांची के निर्देश पर चलाए गए अभियान से अड्डेबाजी करने वालों में हड़कंप मच गया।

**एक साथ हर थाना क्षेत्र में शुरू हुआ अभियान :** डीआईजी सह रांची एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने शनिवार की रात अड्डेबाजी को लेकर मोबाइल नंबर (8987790664) साझा किया और आमलोगों से मोबाइल पर सूचना देने की अपील की है। नंबर साझा करने के कुछ ही देर बाद उसका असर दिखने लगा। रांची के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से आमलोगों के उक्त नंबर पर कॉल आने लगे और बकायदा अड्डेबाजी की तस्वीर के साथ लोकेशन तक पुलिस के पास पहुंचने लगी। जिसके बाद सूचना मिलने पर एसएसपी के निर्देश पर एक साथ शहर के हर थाना क्षेत्र में अड्डेबाजी करने वालों पर कारवाई शुरू की गई। इस दौरान मोरहाबादी मैदान, करमटोली चौक के आसपास, बिड़ला मैदान, रिम्स के आस पास, डीआईजी मैदान, डोरंडा, लालपुर के लोअर वर्द्धमान कॉलोनी में एक साथ पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस की इस कार्रवाई से हर तरफ हड़कंप मच गया। पुलिस अभियान के दौरान 50 से ज्यादा लोगों को बेवजह मजमा लगाने के आरोप में पकड़ा गया। इसमें कई लोग ऐसे थे जो बेवजह सड़कों पर खड़े होकर समय बर्बाद कर रहे थे। कुछ स्थानों पर धूम्रपान करते हुए लोगों को भी पकड़ा गया। सभी को थाने लाया गया और फिर उन्हें चेतावनी देते हुए उनके परिजनों को मामले की जानकारी देकर उन्हें वापस घर जाने दिया गया। पुलिस ने साथ ही साथ यह हिदायत दी गई कि भविष्य में अगर बेवजह अड्डेबाजी करते दिखे तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने कहा कि वे मुखर होकर अड्डेबाजी करने वालों की जानकारी दें। त्वरित कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्थान पर अड्डेबाजी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. अड्डेबाजी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## सिरमटोली-मेकन फ्लाईओवर के रैंप विवाद मामला

# एनसीएसटी ने रांची डीसी समेत तीन अधिकारियों को जारी किया समन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सिरमटोली-मेकन फ्लाईओवर के रैंप विवाद को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने नगर विकास विभाग सह पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, डीसी मंजूनाथ भजंत्री व रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह को समन जारी किया है। समन के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यालय में 29 मई को उपस्थित होने को कहा गया है।

दरअसल, केंद्रीय सरना समिति और चडरी सरना समिति की ओर से चार मई को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ



आशा लकड़ा से सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर के रैंप निर्माण के कारण सरना स्थल के संरक्षण को लेकर शिकायत पत्र सौंपा गया था। इस मामले को लेकर आयोग की ओर से राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी को निर्देश दिया गया था कि 13 मई को श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में बैठक आयोजित की जाये, लेकिन, 12 मई को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग विभाग केसचिव कृपानंद झा ने आयोग को पत्र के माध्यम से 13 मई को बैठक नहीं करने की सूचना दी। आदिवासी समाज के बुद्धिजीवियों ने एनसीएसटी की सदस्य डा आशा लकड़ा को बताया था कि ई-टेंडर पोर्टल पर सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर का डीपीआर उपलब्ध नहीं है। डीपीआर तैयार करने से पूर्व संबंधित अधिकारियों ने सरना स्थल की वर्तमान स्थिति का भी आकलन नहीं किया। साल 2020 में राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि पूर्व में मेकान की ओर से तैयार किये गये डीपीआर में कई खामियां है। बैठक के दौरान पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव व सविता कच्छप ने बताया था किगलत आरोप लगाकर आदिवासी समाज के लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# राजधानी में बकरी चोरों को आक्रोशित भीड़ ने जमकर पिटाई की, दो गिरफ्तार

## सुखदेव नगर थाना क्षेत्र की घटना, चोरों की कार क्षतिग्रस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के सुखदेव नगर इलाके में मॉब लिंचिंग की घटना को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये विफल कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित भीड़ से बकरी चोरी करने के दो आरोपी युवक को अपने कब्जे में लेकर फौरन थाना पहुंची। घटना रविवार दोपहर करीब ढाई बजे की है। हालांकि बकरी चोरी करते हुए चोरों को रंगे हाथ पकड़े जाने पर भीड़ ने जमकर मारपीट की है। चोरी की घटना में शामिल एक अन्य युवक भीड़ का फायदा उठाकर भाग निकलने में सफल रहा। आक्रोशित लोगों ने मौके पर खड़ी चोरों की कार को निशाना बनाया और उसे तोड़फोड़ कर पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है।

**क्या है घटना :** आसपास के लोगों के अनुसार रविवार को एक सफेद रंग की कार (जेएच01एके-9268) में कुछ युवक सुखदेव नगर अंतर्गत



पहाड़ी मंदिर के पीछे बस्ती में पहुंचे थे। जहां कार सवार युवकों ने मौका देखकर रोड पर मौजूद बकरी को कार में लादकर भागने लगे। इसी दौरान आसपास में मौजूद बस्ती के लोगों की नजर बकरी चोरों पर पड़ी। जिसके बाद काफी संख्या में लोगों ने कार सवार युवकों का दौड़ाया। आक्रोशित भीड़ को अपनी तरफ आते देख सभी कार को तेजी से भगाते हुये रातू रोड, गौशाला के पास पहुंचे, जहां भीड़ ने युवकों को घेर लिया और जमकर पीटने लगे। जानकारी मिलते ही सुखदेव नगर व कोतवाली थाना की पुलिस फौरन घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी युवक को भीड़ के चंगुल से निकालते हुये अपने कब्जे में लिया। वहीं भाग रहे एक युवक को कोतवाली थाना क्षेत्र से पकड़कर थाना ले गयी। इस दौरान भीड़ के द्वारा कार को पूरी तरह चकनाचुर कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने कार व बकरी को जब्त कर थाना लेकर गई।

**कार में सवार से तीन युवक :** पुलिस ने बकरी चोरी के आरोप में दो युवक बंटी उर्फ जावेद और कैश को भीड़ से बचाने में सफल रही। वहीं एक युवक कैफ भाग निकलने में सफल रहा। तीनों आरोपी इदरिश कॉलोनी, कांटा टोली के रहनेवाले है। गरफ्त में आये दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इस मामले में सोनिया तिर्की के द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है।

# वित्त आयोग के अध्यक्ष 29 को देवघर में करेंगे बैठक

- वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में आने वाली टीम के स्वागत और होने वाली बैठक को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया 29 को देवघर में बैठक करेंगे। देवघर जिला प्रशासन के स्तर पर इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। रविवार को इसे लेकर देवघर डीसी विशाल सागर ने बैठक कर आयोजन के तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में डीसी ने अधिकारियों को बताया कि 29 मई को 16वें वित्त आयोग की टीम देवघर आयेगी। आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में इस टीम का आगमन होना है। केंद्रीय वित्त आयोग की बैठक में 16वें वित्त आयोग के एजेंडा के बारे में डीसी ने सबों को बताया। डीसी ने बताया कि वित्त आयोग की केंद्रीय टीम प्रमंडल स्तर पर बैठक करेगी। सहायता अनुदान पर पंचायतों व निकायों से राय लेगी।

साथ ही वित्त आयोग की टीम देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज, गोड्डा और पाकुड़ जिले के जिला परिषद अध्यक्ष, एक मुखिया और एक प्रमुख के साथ बैठक करेगी। इसके अलावा डीसी ने आयोग के साथ बैठक को लेकर की जाने वाली विभिन्न तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करने के अलावा विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश भी दिये।

बैठक के दौरान अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं नजारत व परिवहन विभाग की टीम भी उपस्थित थी।

# युवा राजद के रांची जिला संगठन का हुआ विस्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश युवा राजद के बाई पास रोड स्थित कार्यालय में रविवार को रांची जिला युवा राजद के अध्यक्ष कमलेश सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से झारखण्ड प्रदेश युवा राजद के अध्यक्ष रंजन यादव उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उदेश्य रांची जिला युवा राजद के संगठनात्मक विस्तार से जुड़ा था।

बैठक में रांची जिला युवा राजद अध्यक्ष कमलेश सिंह के सुझाव पर प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय सहित रांची जिला के विभिन्न प्रखण्डों में युवा राजद के संगठन में मजबूत और कर्मठ पदाधिकारियों का नियुक्ति किया गया।

मौके पर रंजन यादव ने सभी नवनियुक्त युवा राजद के पदाधिकारियों को राजद के मूल्यों तथा विचारधारा से अवगत कराया



और दिशानिर्देश दिया कि पाटी में युवाओं को भारी संख्या में जोड़े और राजद को तथा लालू यादव और युवा नेता तेजस्वी यादव के नीति सिद्धांतों का पालन करते हुए झारखंड में राजद को मजबूत करने का काम करें।

**प्रखंडों का इन्हें दी गई जिम्मेवारी**

बैठक में लिये गए निर्णय के तहत ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष आशिफ आलम, ईनामुल अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष ओरमांझी-तौफीक रजा, प्रखंड अध्यक्ष कांके-सरिता कुमारी, प्रखंड अध्यक्ष रातू-मुश्ताक अंसारी, जिला महासचिव-विक्रांत भगत, प्रखंड अध्यक्ष नगरी-राजू खान, प्रखंड अध्यक्ष मांडर- मोहम्मद सलमान, कांके-संपत कुमार, प्रखंड अध्यक्ष नामकुम-उस्मान खान, जिला महासचिव-आफताब, जिला सचिव-अशोक यादव, प्रखंड अध्यक्ष बेड़ो -रेणुका देवी, प्रखंड अध्यक्ष बुढ़मू-सरवर मियां, प्रखंड अध्यक्ष ईटकी-अजीत केशरी, प्रखंड उपाध्यक्ष ईटकी-रितिक राज आर्यन, जिला महासचिव-इम्तियाज, जिला सचिव, सलीम जावेद को बनाया गया।

बैठक में मुख्य रूप से छतरपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रत्याशी विजय राम, युवा राजद प्रदेश महासचिव मंतोष यादव, युवा राजद प्रवक्ता क्षितिज मिश्रा, युवा राजद प्रदेश सचिव अभिराज राय उपस्थित थे।

## दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ने कहा- भगवान बिरसा की धरती को नमन करने आया हूं...

# देश के विकास में जनजातियों का बड़ा योगदान : ओम बिरला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला पहली बार झारखंड दौरे पर रविवार को रांची पहुंचे। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को मैं प्रणाम करने आया हूं। ये धरती जनजातीय समुदाय की संस्कृति है। बिरसा मुंडा ने जनजातीय समुदाय, जंगल-जमीन, आदिवासी की संस्कृति को बचाने के लिए एक लंबी लड़ाई लड़ी। उन्होंने बिरसा चौक स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद बिरसा मुंडा संग्रहालय जाकर धरती आबा की स्मृतियों का अवलोकन भी किया। श्री बिरला ने कहा, जिन वीर सपूतों ने भारत की आजादी, दलितों-शोषितों और आदिवासी समुदाय के



हितों के लिए संघर्ष किया, उनकी जन्मभूमि और कर्मभूमि को विकसित और संवर्धित करने का प्रयास किया गया है, जो प्रशंसनीय है। बिरसा मुंडा की यह धरती हम लोगों के लिए प्रेरणा है। इससे पूर्व स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने रविवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का गर्मजोशी से स्वागत किया। एयरपोर्ट पर उनसे शिष्टाचार भेंट की।

## राज्यपाल और सीएम ने किया स्वागत



जमशेदपुर रवाना होने से पहले लोकसभा अध्यक्ष राज भवन पहुंचे। वहां राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने श्री बिरला को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। तीनों नेताओं ने देश और राज्य की स्थिति पर थोड़ी देर चर्चा भी की। इस मौके पर ओम बिरला ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जनजातीय समुदाय के लोगों में आत्मविश्वास भरा, जिसकी वजह से उनमें संघर्ष के लिए सामर्थ्य पैदा हुआ। धरती आबा बिरसा मुंडा लंबे दिनों तक इसी जेल में रहे। आने वाली पीढ़ी जब भी यहां आयेगी। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रांची विधायक सह पूर्व मंत्री सीपी सिंह भी लोकसभा अध्यक्ष के साथ थे। राजभवन पहुंचने पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने उनकी अगवानी की।

## लोकसभा के अध्यक्ष ने श्याम प्रभु का किया दर्शन



ओम बिरला ने हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में पूजन-दर्शन कर समस्त देशवासियों के लिए मंगल कामना की। एयरपोर्ट से राजभवन जाने के क्रम में उन्होंने श्री श्याम मंदिर में दर्शन किए। उनके साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी दरबार में दर्शन किये। मंदिर में सुरेश सरावगी, अजय मारू, राजीव मित्तल, गौरव अग्रवाल मोनू, पंकज गाड़ोदिया, अमित सरावगी ने उनका स्वागत किया।

## आतंक के खिलाफ दुनिया हमारे नेतृत्व की कर रही प्रशंसा : ओम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजस्थान फाऊंडेशन रांची चैप्टर के तत्वावधान में रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश ऐसा प्रदेश है जहां पर प्रचूर मात्रा में खनिज संपदा है व्यापार यहां का तेजी से आगे बढ़ रहा है। आर्थिक और सामाजिक जीवन में बड़ा परिवर्तन यहाँ देखने को मिल रहा है। हमें गर्व है हमारे देश की सेना ने दुनिया को अपना शौर्य दिखाया। हम हमेशा शांति का संदेश दुनिया वालों को देते आये



हैं, लेकिन कोई देश अगर हमारे इस संरक्षण का गलत फायदा उठाता है तो भारत आतंकवादियों का आतंक का सफाया करेगा। दुनिया हमारी नेतृत्व की प्रशंसा कर रही है।

# सीयूजे के वीसी का कोरिया और जापान का दौरा सफल

- चार विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू पर बनी सहमति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीयूजे के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास का 12 दिवसीय दक्षिण कोरिया और जापान दौरा सफल रहा। उन्होंने दक्षिण कोरिया के चार विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू पर सहमति बनाई। अपने दौरे के दौरान वे विश्वविद्यालयों के प्रमुखों से मिले और एमओयू पर चर्चा की और विभिन्न बिंदुओं पर सहमति भी बनी। प्रो. दास ने बताया कि सीयूजे एशिया के समृद्ध और साझा विरासत वाले देशों के विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू कर रहा, ताकि दोनों देश और करीब आएं और झारखंड जैसे विकास की राह पर अग्रसर राज्य के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा दी जा सके। इस एमओयू के तहत कई अहम उद्देश्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

**जिनके साथ एमओयू हुआ**

हांकुक विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालय के साथ पिछले पांच साल से चले आ रहे एमओयू को अगले पांच वर्ष (2025-2030) तक के लिए विस्तार करने पर पूर्ण सहमति बनी। साथ ही हांकुक विश्वविद्यालय में कोरियाई भाषा एवं हिंदी के अलावा अन्य विषयों खासकर मैनेजमेंट, कंप्यूटर साइंस एवं सोशल साइंस जैसे विषयों में साझा अकादमिक कार्यक्रम चलाने पर भी सहमति बनी। इसके अलावा सैमसंग ग्लोबल एक्सपर्ट्स हिंदी लैंग्वेज एंड इंडियन कल्चर ट्रेनिंग प्रोग्राम को और आगे बढ़ाने के लिए सहमति बनी। इस सहमति के तहत इस साल अगस्त में सैमसंग के 12 कर्मचारी सीयूजे आकर भारतीय इतिहास, संस्कृति और विरासत को समझेंगे और टेंडम कक्षा में हिंदी भी सीखेंगे।



बुसान विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालय के साथ भी पिछले वर्ष किए गए एमओयू को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी है। इसके अनुसार दोनों विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप और इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग में सहयोग किया जाएगा साथ ही सोशल साइंस, मैनेजमेंट और जनसंचार में साझा अकादमिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए चलाए जाएंगे। क्वांग्वोन विश्वविद्यालय के साथ भी एमओयू पर सहमति बनी और दोनों विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग एवं जनसंचार विभाग कुछ दिनों में साझा अकादमिक गतिविधियों की शुरुआत करेंगे। दोंगुक विश्वविद्यालय के साथ भी जल्द ही अकादमिक गतिविधि की शुरुआत पर सहमति बनी। कुलपति ने इसके अलावा हांकुक विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालय में सात विद्यार्थियों को हिंदी भाषण प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र दिया। कुलपति कोरिया में कार्य कर रहे भारतीयों से भी मिले जिनका नेतृत्व डॉ नागेंद्र कौशिक ने किया।

इस दौरे के दौरान कुलपति ने तीन विश्वविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत के बढ़ते कद पर विशेष व्याख्यान भी दिया। उन्होंने हांकुक विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालय, बुसान विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालय (दक्षिण कोरिया) और रितसुमेकन एशिया पेसिफिक यूनिवर्सिटी, जापान में व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में कहा कि भारत जिस प्रकार से आर्थिक अकादमिक उन्नति कर रहा है, कोरियाई और जापानी छात्रों के लिए यह आवश्यक है कि वो भारत को और अध्ययन करें ताकि आने वाले दिनों में वो भारत, कोरिया और जापान के आर्थिक, सामाजिक, अकादमिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाने में प्रभावी हों। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को भगवतगीता और विवेकानंद से सीखने की प्रेरणा दी। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा का वर्णन करते हुए कोरियाई छात्रों को भारत के दर्शन, गणितीय ज्ञान, आयुर्वेद की पद्धति, विज्ञान की प्राचीन समझ, भाषा के क्षेत्र में किए गए अद्वितीय कार्य से रूबरू कराया। इसके अलावा भारत के सहयोगी के तौर पर जापान के कार्यों को सराहा। इसके अलावा प्रो. दास ने भारत पाकिस्तान युद्ध पर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में भारत का पक्ष रखा। कहा कि यह कहना बिलकुल गलत है कि भारत और पाकिस्तान में युद्ध चल रहा है बल्कि सच्चाई ये है कि यह भारत और आतंकवाद और आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों के बीच लड़ाई हो रही। भारत युद्ध नहीं चाहता बल्कि आतंकवाद और उसके सरगना का सफाया ही भारत का मूल मंत्र है।

प्रो. दास ने कोरिया और जापान के विद्यार्थियों को बताया कि भारत का बढ़ता हुआ आर्थिक कद इस बात का संकेत है कि आने वाले दिनों में विदेशी छात्रों के लिए अपार संभावनाएं हैं और उन्हें आगे बढ़कर इसका फायदा उठाना चाहिए।

## मोरहाबादी में ऑटो व ई-रिक्शा चालकों की बैठक आठ जून को



रांची। झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सह रांची जिला ई रिक्शा चालक यूनियन के अध्यक्ष दिनेश सोनी, रांची जिला ई-रिक्शा चालक यूनियन के महासचिव मो. अब्बास, रांची जिला ई-रिक्शा चालक यूनियन के कोषाध्यक्ष भोला सिंह ने रविवार को संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर बताया है कि शनिवार को यातायात एसपी द्वारा 10 एजेंडा पर बैठक कर ऑटो चालक मालिक, ई-रिक्शा चालक मालिकों को कुछ निर्देश जारी किया गया है। जिसमें रांची शहर में ऑटो चालक व ई-रिक्शा चालक परिचालन करने के समय पर वर्दी पहनकर ही परिचालन करने, सभी को आई कार्ड या नेम प्लेट लगाकर परिचालन करने, ऑटो व ई रिक्शा में सीट से ज्यादा पैसेंजर नहीं बैठाने और खास करके आगे सीट पर महिलाओं को किसी भी हालत में नहीं बैठाने, नशा की हालात में ऑटो या ई रिक्शा का परिचालन नहीं करने, रांची शहर के हर एक प्रमुख चौक चौराहों से 50 मीटर दूरी हटकर ही अपना ऑटो एवं ई-रिक्शा का परिचालन करें बेवजह रोड में ऑटो, ई-रिक्शा खड़ा नहीं करने, भाड़ा तालिका ऑटो एवं ई-रिक्शा में जल्द से जल्द लगाने, ऑटो के आगे पीछे साफ अक्षर में नंबर प्लेट होने, इंश्योरेंस का पेपर कंप्लीट रखने और रांची शहर से जो भी डीजल ऑटो का समय सीमा समाप्त हो चुका है वैसे ऑटो या ई -रिक्शा को शहर के अंदर परिचालन नहीं करना शामिल है।

## श्री राधा- कृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद का आयोजन



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम, पुंदाग में रविवार को 208वां अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के सदस्यों के सौजन्य से किया गया। इस अन्नपूर्णा भंडारा अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई। जिसके बाद मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। वहीं भजन संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी एवं सज्जन पाड़िया एवं निर्मल जालान ने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। जिसके बाद सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संध्या में सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा। उन्होंने बताया कि 26 मई को वट सावित्री पूजा एवं सोमवती अमावस्या के अवसर पर मंदिर में श्री राधा कृष्ण जी का भव्य श्रृंगार, विशेष पूजा-अर्चना, भजन- कीर्तन, एवं महाआरती व प्रसाद का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, शिव भगवान अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, संजय सर्राफ, सुनील पोद्दार, अंजनी अग्रवाल, विष्णु सोनी, नंदकिशोर चौधरी, सुरेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, विशाल जालान, पवन पोद्दार, मनीष सोनी, आरव अग्रवाल, मधु जाजोदिया, मनीष सोनी, चंद्रदीप साहू, हरीश कुमार, महेश वर्मा, धीरज गुप्ता, अशोक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

## घर में चोरी करने का प्रयास, दो गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने के आरोप में दो अभियुक्त उदय वर्मा और ललन कुमार राय को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्त धनई सोसो, चटकपुर के रहनेवाले हैं। पुलिस ने इनके पास से चोरी की मोबाइल जब्त की है। जानकारी के अनुसार सुखदेव नगर अंतर्गत न्यू आनंद नगर स्थित फुलदेव उरांव के घर में दोनों अभियुक्त चोरी करने की नियत से घुसे थे। घर मालिक के द्वारा दोनों को मौके पर पकड़ लिया गया और पुलिस को सौंप दिया। इस मामले में पीड़ित द्वारा दोनों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है।

# जेपीएससी मुख्य रिजल्ट में आरक्षण का उल्लंघन किया गया : देवेन्द्र नाथ महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने जेपीएससी पर परीक्षाफल में मनमानी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आयोग ने संविधान के आर्टिकल 15 और 16 में एसटी, एससी, ओबीसी में प्रावधान आरक्षण से छेड़छाड़ किया है। रविवार को उन्होंने प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि जेपीएससी कार्यालय की ओर से जारी विज्ञापन संख्या 1/2024 में मुख्य परीक्षा परिणाम नियम 3 (ग) तथा झारखंड संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा नियम 2023 मुख्य परीक्षा नियम 19(ख) का उल्लंघन किया गया है।



महतो ने आयोग की ओर से नियमावली उल्लंघन के साक्ष्य होने का दावा करते हुए कहा कि मुख्य परीक्षा परिणाम नियम 3(ग) तथा झारखंड संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा नियम 2023 मुख्य परीक्षा नियम 19(ख) कहता है कि मुख्य परीक्षाफल से इंटरव्यू के लिए चयनित प्रथम सूची विज्ञापन में प्रावधान अनारक्षित कुल सीट का 2.5 गुना सूची तैयार किया जाएगा। साथ ही अंतिम अभ्यर्थी का प्राप्त अंक अनारक्षित श्रेणी का कट ऑफ मार्क्स होगा और कट ऑफ मार्क्स से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले किसी भी प्रकार का आरक्षण का लाभ नहीं लेने वाले आरक्षित श्रेणी के एसटी, एससी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, दिव्यांग सभी श्रेणी के आरक्षित अभ्यर्थी को शामिल किया जायेगा।

**अबुआ सरकार की आरक्षण और नियमावली से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी :** इसके अलावा विज्ञापन में प्रावधान के अनुसार सभी आरक्षित श्रेणी का कोटिवार प्रावधान सीट के अनुसार उसी कैटेगरी से 2.5 गुना अभ्यर्थियों को चयनित कर इंटरव्यू लेने का प्रावधान है, लेकिन आयोग ने नियम का पालन नहीं किया और बिना कट ऑफ मार्क्स और मार्कशीट के मुख्य परीक्षाफल प्रकाशन कर इंटरव्यू के तिथि की घोषणा कर दी।

उन्होंने यह भी दावा किया है कि जिस दिन कट ऑफ मार्क्स जारी होगा उस दिन और भी गड़बड़ी सामने आएगी। उन्होंने मांग की है कि सरकार और आयोग संज्ञान में लेते हुए तत्काल आरक्षण और नियमावली का पालन करते हुए कोटिवार परीक्षाफल जारी करते हुए कट ऑफ मार्क्स जारी करें। मांग नहीं सुनने पर देवेन्द्र नाथ महतो ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि अबुआ सरकार की आरक्षण और नियमावली से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# संघर्ष का कोई विकल्प नहीं, लड़ाई तेज करें : महेश्वर साहू

- वैश्य मोर्चा का रांची में प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित


खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में रांची, लोहरदगा, खूंटी सहित धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, चतरा रामगढ़, देवघर जिले के केंद्रीय पदाधिकारी शामिल हुए। इस सम्मेलन की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु एवं संचालन उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद व अशोक गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल (धनबाद), मोहन साव (गोमिया) एवं वैश्य चौधरी कल्याण समिति के महासचिव विनोद कु. जायसवाल उपस्थित थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महेश्वर साहु ने कहा कि वैश्य मोर्चा अपने स्थापना काल से वैश्य समाज की हितों की रक्षा के लिए लड़ती आ रही है। उन्होंने कहा कि संघर्ष का कोई विकल्प नहीं है। विशिष्ट अतिथि झारखंड आंदोलनकारी रेखा मंडल ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन मे सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर घोषणा की गयी कि ओबीसी को 27% आरक्षण, जाति आधारित जनगणना, वैश्य आयोग का गठन, पिछड़ा वर्ग मंत्रालय का गठन, छोटे दुकानदारों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों की लूटी गयी जमीन वापसी, वैश्यों पर बढ़ते हमले, हत्या, शोषण, अत्याचार पर रोक की मांग को लेकर आंदोलन को तेज किया जायेगा। इस अवसर पर समाज के लिए बेहतर कार्य करने के लिये प्रमोद चौधरी, विनोद जायसवाल, ढ़लन साव, अधिवक्ता सहदेव चौधरी, कृष्णा साहु, उपेन्द्र प्रसाद, विष्णु मंडल, राजकुमार बर्णवाल, जगदीश साहु एवं दीपा रानी कुंज को माला पहना कर एवं अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया गया।



# ईस्पोर्ट्स केवल एक ट्रेंड नहीं, बल्कि आने वाला भविष्य है

**रांची।** जोका डाइन एंड बार में सफलतापूर्वक आयोजित बीजीएमआई (बैटलग्राउंड्स मोबाइल इंडिया) चैंपियनशिप लीग युवाओं के जुनून और संस्कृति का अद्भुत संगम हाल ही में न केवल क्षेत्र के प्रतिभाशाली गेमर्स को एक मंच प्रदान किया, बल्कि समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी गौरवपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी मुक्तरथ बाबा की उपस्थिति ने एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयाम जोड़ा। यह संदेश स्पष्ट था कि आज के युवाओं के सपनों और रुचियों को अब समाज के हर वर्ग से समर्थन मिल रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से हिमांशु पांडे, रजत कुमार, और त्रिप्त संभव ओझा जैसे विशिष्ट अतिथि भी मौजूद रहे, जिन्होंने न केवल प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणादायक संवाद भी प्रस्तुत किया। यह आयोजन केवल प्रतियोगिता का मंच नहीं था, बल्कि यह कौशल, रणनीति और युवा ऊर्जा का उत्सव था। जोका डाइन एंड बार ने एक आदर्श आयोजन स्थल के रूप में शानदार माहौल प्रदान किया, जहां खेल और मनोरंजन दोनों का सुंदर मेल देखने को मिला। ईस्पोर्ट्स केवल एक ट्रेंड नहीं, बल्कि आने वाला भविष्य है - और यह देखकर खुशी होती है कि इसे इतनी सकारात्मकता और स्वीकार्यता के साथ अपनाया जा रहा है।



## वट सावित्री व्रत आज, सुहागिनें अखंड सौभाग्य की करेंगी कामना

**रांची।** आस्था और परंपरा का संगम लिए वट सावित्री व्रत आज श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को मनाया जाने वाला यह पर्व विवाहित महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन व्रती महिलाएं पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य के लिए बरगद की पूजा करती हैं। वट सावित्री का पर्व सुहागिनों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन सती सावित्री की तरह पति की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाएं व्रत रखती हैं और वटवृक्ष की पूजा महादेव मानकर करती हैं। पंडित रमाकांत मिश्रा ने बताया कि 12 बजकर 11 मिनट से शुभ मुहूर्त शुरू हो रहा है और दूसरे दिन 27 मई यानी मंगलवार को 8 बजकर 31 मिनट पर मुहूर्त समाप्त हो रहा है। इसलिए सुहागिनों द्वारा सोमवार को ही व्रत किया जाएगा।

# उलेमा व काजियों का फैसला, गैर शरई निकाह नहीं पढ़ाएंगे....

- बम-पटाखे डीजे डांस वाली शादियों का होगा बहिष्कार, निकाह को आसान बनाने का लिया निर्णय
- आम जनता हेल्पलाइन हर वर्ष अपने खर्च पर 11 बच्चियों की निकाह कराएगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रविवार को अंजुमन मुसाफिर खाना में आसान व मस्नून निकाह पर इल्मी मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के उलेमा, काजी, मुफ्ती, मौलाना, अंजुमन, सोसाइटी, तंजीम, पंचायत, क्लब आदि के पदाधिकारी शामिल हुए। सर्वसम्मति से उलेमा और शहर काजियों ने निर्णय लिया कि गैर शरई निकाह नहीं पढ़ाएंगे। पंचायत, तंजीम व आवाम ने कहा बम पटाखे डीजे, डांस वाली शादियों का बहिष्कार होगा। निकाह को आसान बनाने का भी निर्णय लिया। ज्ञात हो कि सामाजिक संस्था आम जनता हेल्पलाइन ने समाज में आसान व मसनून निकाह को बढ़ावा देने के लिए एक अजीमुश्शान इल्मी मजलिस का आयोजन किया। मुस्लिम समाज में निकाह को मुश्किल और खर्चीला बना दिया गया है। जिसकी वजह जेना आम और निकाह मुश्किल होता जा रहा है। आज हमारी शादियों में नाच, गाना, डीजे और बम पटाखे जैसी गैर रस्मी चीजें शामिल हो गयी हैं। इन्हीं बुराईयों से बचने और लोगों को बेदार करने के साथ-साथ निकाह को आसान बनाने के लिए उलेमा व शहर काजियों और शहर के विभिन्न संगठनों के जिम्मेदारों की एक अहम बैठक हुई। इस मजलिस की अध्यक्षता मौलाना तौफीक कादरी ने की और संचालन वरिष्ठ पत्रकार हाजी फिरोज जिलानी ने किया। इस इजलास में तीन सूत्री प्रस्ताव पारित किये गये। निकाह को आसान करना, पंचायत, तंजीमों और आवाम को इस बात के लिए जागरूक करना कि शादियों में गैर इस्लामी, रस्मों को रोकना। उलेमा, शहर काजी के संयुक्त समन्वय से गैर इस्लामी रस्मों वाली शादियों पर रोक लगाना। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि अगली बैठक 29 जून को होगी। स्थान का चयन नहीं हुआ है, बाद में ऐलान किया जाएगा। आम जनता हेल्पलाइन हर वर्ष अपने खर्च पर 11 गरीब और जरूरतमंद बच्चियों की निकाह कराएगा। आये हुए लोगों को आम जनता हेल्पलाइन के अध्यक्ष एजाज गद्दी और उनकी टीम ने स्वागत किया। वक्ताओं ने जोर दिया कि मस्जिदों में निकाह हो, दहेज पर भी रोक लगे। निकाह आसान हो, वलीमा अपने औकात के हिसाब से करें। वक्ताओं ने कहा कि खर्चीली शादियों के कारण बच्चियों की निकाह 30-35 सालों तक नहीं हो पा रही है। इसके लिए हम सब जिम्मेदार हैं। इस मौके पर एजाज गद्दी, मुफ्ती आसिफ मदनी, मौलाना असगर मिस्बाही, पठान तंजीम के अध्यक्ष राजा अय्यूब खान, मौलाना तल्हा नदवी, मुफ्ती अबु दाऊद कासमी, मुफ्ती तल्हा नदवी, मौलाना जावेद नदवी, अंजुमन अध्यक्ष हाजी मुख्तार अहमद, सचिव डॉक्टर तारिक, काजी नसीरुद्दीन फैजी, काजी तौफीक कादरी, काजी मसूद फरीदी, हाफिज मिकाइल, एस अली, सैयद नेहाल अहमद, नदीम खान, शकील, मुख्तार, हाजी फिरोज जिलानी, इकबाल खान, नसीम गद्दी, डॉक्टर मौलाना हुजैफा, शमीम, लाडले खान, हाजी अब्दुर्रहमान, नुरुल होदा, सोहेल अख्तर, सरफराज सड्डू, अधिवक्ता अजहर खान, मो शमशू, मेराज गद्दी, एमआईएम महताब आलम, बच्चा बाबू, संपा गद्दी, मो. इस्लाम समेत सैकड़ों लोग थे।



## खबर एक नजर में

### एक्वा वर्ल्ड में पंजाबी संडे का भव्य आयोजन



**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में रविवार को पंखा पंजाब की समृद्ध कला और संस्कृति को समर्पित रहा। सारे कार्यक्रम पंजाबी थीम पर आयोजित किये गये। कार्यक्रम की शुरुआत में सीबीएस डांस ग्रुप के द्वारा मुंडियान तो बच के गीत पर नृत्य पेश किया गया। इसके कोरियोग्राफर स्वस्तिक राज थे। नृत्य में हिस्सा लेने वाले में रिया, अहम, मानसी, निर्मला, समृद्धि प्रमुख थे। इसके अतिरिक्त विभिन्न ग्रुपों ने हाई रेटेड गबरू हो जायेगी बल्ले बल्ले, बोलो तरारा, लहंगा, एक्सक्यूजस आदि गीतों पर जमकर नृत्य किया। रविवार को पंजाबी संडे में बड़ी संख्या में पंजाबियों की भागीदारी रही। आज पंजाबी व्यंजन का भी स्टॉल लगाया गया था। इसमें मकई की रोटी और चने का साग दिया जा रहा था। दीपांजलि ग्रुप के निदेशक विपुल नायक, देव ज्योति नाहा, नीतू कुमारी, डेविड, गौतम आदि मौजूद थे। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव, लोकेश, प्रद्युम, आनंद, साहिल आदि उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि अगला रविवार 1 जून का कार्यक्रम राजस्थान की कला और संस्कृति को समर्पित रहेगा।

### 202 याचिकाकर्ता दुकानदारों को जगह दे निगम : कुमार रौशन



**रांची।** मोरहाबादी दुकानदार संघ की बैठक रविवार को मोरहाबादी न्यू वेंडर मार्केट के ठीक सामने स्थित मैदान में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मोरहाबादी दुकानदार संघ के अध्यक्ष कुमार रोशन ने की। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। निगम द्वारा जारी किए गए आवंटन सूची में विद्यमान खामियों को नगर आयुक्त के समक्ष रखे जाने पर सहमति बनी। विदित हो कि मोरहाबादी के फुटपाथ दुकानदारों द्वारा माननीय उच्च यायालय में दायर याचिका नंबर डब्ल्यू पी (सी )717 /2022 , रौशन कुमार एंड अदर्श वर्सेज स्टेट ऑफ झारखंड के आदेश के आलोक में 202 याचिकाकर्ता फुटपाथ दुकानदारों को मोरहाबादी में वेंडर मार्केट बनाकर बसाया जाना है। दुकानदारों का कहना है कि आवंटन हेतु जो सूची नगर निगम के द्वारा जारी की गई है वह अत्यंत त्रुटिपूर्ण है। बैठक में मुख्य रूप से राहुल सिंह बीरू, अनिल मेहता, नितेश यादव, राजेंद्र उरांव, लक्ष्मी साहू, महेश शाह, भीम, दिवाकर, प्रताप आदि मौजूद रहे ।

### कुड़ुख लिटरेरी सोसाइटी ऑफ इंडिया ने किया शोध कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** कुड़ुख लिटरेरी सोसायटी आफ इंडिया नई दिल्ली एवं झारखंड चैप्टर रांची के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एचआरडीसी के ऑडिटोरियम में एक दिवसीय शोध कार्यशाला का आयोजन सोसाइटी के केन्द्रीय समिति सचिव नबोर एक्का के अध्यक्षता में हुआ। जिसमें विभिन्न कॉलेजों के शिक्षक, शोधार्थी एवं विधार्थियों के द्वारा कुड़ुख भाषा, साहित्य और संस्कृति से संबंधित शोध लेख प्रस्तुत किया गया। जिसमें शिक्षक ग्रुप से डॉ.बंदे खलखो, शोधार्थी ग्रुप से प्रथम जगदीश उरांव, द्वितीय सुखराम उरांव, तृतीय मंजू कुमारी विद्यार्थी ग्रुप से प्रथम महावीर उरांव, द्वितीय करमा उरांव, तृतीय चिंतामनी उरांव को दिया गया। इस एक दिवसीय शोध कार्यशाला में कोषाध्यक्ष डॉ शिशिर खाखा, सदस्य ब्रिडी लकड़ा, दिल्ली के चैप्टर चीफ जोसेबियुस एक्का साथ ही झारखंड चैप्टर चीफ प्रो. धीरज उरांव, सचिव-सुखराम उरांव, महासचिव-प्रो. ब्लासियुस पन्ना, कोषाध्यक्ष-डॉ. कीर्ति मिंज,उप कोषाध्यक्ष - कृष्णा उरांव, मीडिया प्रभारी - जगदीश उरांव एवं प्रो. सुषमा मिंज, प्रो. हेमंत टोप्पो, प्रो. अरूण अमित तिग्गा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सीएमपीडीआई में रंगोली बिहू का आयोजन



**रांची।** सीएमपीडीआई के 'रबीन्द्र भवन' में असमिया समाज, रांची द्वारा 'रंगोली बिहू समारोह' का आयोजन रविवार को किया गया। मुख्य अतिथि सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार और विशिष्ट अतिथि निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी एवं निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/आरडीएंडटी) अजय कुमार ने संयुक्त रूप से समारोह का उद्घाटन किया। इस मौके पर संस्थान के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संजय कडम्बार उपस्थित थे। इस मौके पर सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार ने कहा कि हमारा देश विभिन्न संस्कृति एवं परंपराओं वाला देश है। रंगोली बिहू/बोहाग असम की एक प्रमुख त्योहार है और यह त्योहार फसल से संबंधित होता है। इस अवसर पर नए-नए कपड़े एवं खास प्रकार के भोजन-व्यंजन बनाए जाते हैं। यह पर्व असम में बहुत खुशी और उत्साह के साथ मनाया जाता है।इस अवसर पर असमिया समाज, रांची के मंजू दिहिगिंया, टीना मोनी हजारिका, हुनमनी, अपराजिता, सिद्धिका, एरिका, सुमी दास एवं कृतिपर्णा सरमा, वर्णाली बणिक आदि द्वारा लोक गीत एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। समारोह के आयोजन में डॉ पंकज दास, सोम बहादुर तमांग, निरूज बोरागुहाय, प्रलय भट्टाचार्यी, गगन बोरो, कुमारेश हजारिका तथा अन्य सदस्यों की भूमिका अहम रही।

### डीएसपीएमयू के डॉ अशोक नाग को मिला सावित्रीबाई फुले पुरस्कार 2025



**रांची।** बेंगलुरु, कर्नाटक स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने डॉ अशोक कुमार नाग को प्रतिष्ठित सावित्रीबाई फुले पुरस्कार 2025 प्रदान किया है। डॉ नाग रांची के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के वनस्पति विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर हैं और पिछले 25 वर्षों से अनुसंधान और अध्यापन से जुड़े हुए हैं। डॉ नाग पहले सेंट जेवियर्स कॉलेज और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, नई दिल्ली में व्याख्याता थे। बाद में 2008 में वे रांची कॉलेज में वनस्पति विज्ञान के व्याख्याता के रूप में शामिल हुए। डॉ नाग ने 50 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। डॉ नाग के पिता डॉ प्रो केके नाग रांची विवि के वीसी रह चुके हैं।

### श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप का आगमन



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा,रातु रोड में रविवार को टाटानगर से पुष्प से सुसज्जित वाहन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पावन स्वरूप लाया गया। गुरु नानक सत्संग सभा के तत्वाधान में गुरुनानक सेवक जत्था के श्रद्धालु मनीष मिढ़ा के नेतृत्व में कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप को टाटानगर से रांची ले आने के लिए दोपहर बारह बजे चार पहिया वाहनों से रवाना हुए। जिसमें कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पांच विरध (वृद्ध) स्वरूप और संची साहिब को पुष्प से सज्जित वाहन में विराजमान कर सड़क मार्ग से टाटानगर स्थित टेल्को गुरुद्वारा साहिब ले जाया गया और यह स्वरूप धर्म प्रचार समिति, अकाली दल, जमशेदपुर को सौंप दिया गया। वहां लंगर छकने के बाद वाहेगुरु जी से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के नये पावन स्वरूप सड़क मार्ग द्वारा रात नौ बजे कृष्णा नगर कॉलोनी पहुंचा। पावन स्वरूप का श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से स्वागत किया। कार्यक्रम में सुरेश मिढ़ा, हरगोबिंद सिंह, लेखराज अरोड़ा, महेश सुखीजा, प्रेम मिढ़ा, नरेश पपनेजा, चरणजीत मुंजाल, अशोक गेरा, सुभाष मिढ़ा, हरजीत बेदी, हरविंदर सिंह हन्नी, मोहन लाल अरोड़ा, नीरज गखड़, अश्विनी सुखीजा,रमेश गिरधर, सागर थरेजा, मोहन काठपाल, जीवन मिढ़ा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सड़क निर्माण में प्रभावित किसान की सुविधा बंद नाराज ग्रामीणों ने एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य रोका

## एनएचआई व पीआरए कंपनी पर धोखा देने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता


ओरमांझी में एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य को रोकते ग्रामीण।

**ओरमांझी।** एनएचआई व पीआरए कंपनी पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने रविवार को भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत ओरमांझी में हो रही एक्सप्रेस-वे सड़क निर्माण कार्य रोक दिया गया है। वीयूपी अंडर पास से खेत जाने का सर्विस रोड निर्माण बंद किए जाने की जानारी मिलते ही दर्जनों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने पहले पुलिया निर्माण कार्य रोका, उसके बाद निर्माण कार्य में संचालित हाईवा व पोकलेन मशीन का भी परिचालन बंद करा दिया। बताया गया कि निर्माण कार्य रोकने वालें में ज्यादातर एक्सप्रेस-वे सड़क निर्माण के प्रभावित किसान थें। ग्रामीणों ने कहा गुडू व कोरंजा टोली के लगभग 500 किसानों का हजार एकड़ भूमि के बीच में सड़क निर्माण हो रहा है। किसानों को अपने खेतों में जाने का रास्ता नही मिलने पर खेतों से अपने फसल को कैसे लाएगें। कहा पूर्व में एनएचआई व पीआरए कंपनी द्वारा सर्विस रोड देने का आश्वासन दी गई थी। अब रात में निर्माण कार्य कर सर्विस रोड बंद कर दिया गया। निर्माण कार्य कर रहे ग्रामीणों के अनुसार सड़क के किनारे गाडवाल व नाली निर्माण भी काफी घटिया हो रही है। निर्माण स्थल तक का सड़क अधुरा निर्माण कर घटिया निर्माण किया जाता है। जिससे संबंधित अधिकरी निरीक्षण करने नहीं पहुंच पाते हैं। ग्रामीणों के साथ निर्माण कार्य रोकने में शामिल जिप सदस्य सरिता देवी ने कहा कंपनी द्वारा ग्रामीणों को धोखे में रख कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्रभावित किसानों को खेतों तक जाने की सुविधा नही मिली, तो ग्रामीण निर्माण कार्य करने नही देगें। बाद में कंपनी के लाईजनर हिमांशु तिवारी व ओरमांझी थाना पुलिस पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। नही माने तो पर पीआरए कंपी के मुख्य प्रोजेक्ट मैनेजर अमरिश शर्मा पहुंचे। फिलहाल पुलिया नंबर 78-79 के स्थित कार्य नही हो रहा है। जिन्होने मार्ग किनारे लगा पिलर को हटवा दिया और ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद सभी ग्रामीण वापस लौट गए। निर्माण कार्य रोकने में जिप सदस्य के साथ अशोक पाहन, सुरेंद्र साहू, अजय महतो, दीपक महतो, बंधन मुंडा, गुडू पाहन, प्रदीप साहू, विवेक कुमार, रवि मुंडा, नारायण साहू, कामेश्वर महतो, संजय साहू, राजधाम साहू, पवन कुमार, विजय कुमार, अमित मुंडा, अजीत मुंडा, प्रेमचंद मुंडा, अकाश महतो, दिनेश मुंडा व अनिरूद्ध साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थें।

# सिविल विभाग प्रमुख नींद से जागा, चूरी, मानकी रोहिणी में पानी सप्लाई सिस्टम का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



## चूरी के लिए बनेगा फिल्टर स्कीम : सुमन कुमार

एनके एरिया के सिविल विभाग प्रमुख सुमन कुमार ने कहा कि चूरी में पानी फिल्टर करने के लिए प्रेशर फिल्टर बेड स्कीम बनाया जायेगा। जिसके बाद मुख्यालय को स्कीम भेज कर स्वीकृति ली जाएगी। उम्मीद है कि स्वीकृति भी मिल जाएगी। क्योंकि चूरी में फिल्टर की कोई व्यवस्था नहीं है। शेडिमेंटेशन टैंक सात दिनों में शुरू किया जाएगा। जिसके बाद स्टोरेज पानी को स्थिर कर उसकी सप्लाई की जाएगी।

**खलारी।** अखबारों के पन्नो में छपी खबर के बाद एनके एरिया के सिविल विभाग प्रमुख सुमन कुमार जागे, रविवार को चूरी, मानकी, डकरा और रोहिणी में पानी सप्लाई का निरीक्षण किया। चूरी कॉलोनी में लाल पानी सप्लाई हो रही थी। जिसके बाद उन्होंने वाटर सप्लाई सिस्टम को देखा और कई तरह के निर्देश दिए। 30 वर्षो के बाद पहला अवसर था कि किसी बड़े अधिकारी ने चूरी जंगल में बने पानी टंकी पर जाकर सप्लाई सिस्टम को देखा। कई सालों से चूरी पानी टंकी के पास बने शेडिमेंटेशन टैंक बंद पड़ा देख उसे जल्द से जल्द चालू करने का निर्देश दिया। चूरी पम्प हाउस में लगे वाटर सप्लाई सिस्टम को लेकर कर्मियों से कई तरह की जानकारी ली। अधिकारी सुमन कुमार ने बताया कि चूरी में फिल्टर पानी की व्यवस्था हो इसके लिए विभाग गंभीर होकर काम करेगा। खराब पड़े वाल्भ और कई उपकरणों को दुरुस्त किया जाय। इसके बाद उन्होंने मानकी सपही नदी से होने वाले पानी सप्लाई सिस्टम का निरीक्षण कर उसे भी दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। डकरा और रोहिणी में पानी की आपूर्ति, स्टोरेज और फिल्टरेशन का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर बीएमएस के सेफ्टी बोर्ड सदस्य राघवेंद्र पासवान सहित विभाग के कई अधिकारी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## पूर्व प्रमुख रेणु देवी का निधन, शोक की लहर



खलारी। खलारी प्रखंड की प्रथम प्रमुख और वर्तमान पंचायत समिति सदस्य रेणु देवी का रविवार सुबह 9:30 बजे निधन हो गया। बताया जा रहा है कि वह विगत छह माह से बीमार थीं। पैरालिसिस के चपेट में आने के बाद वह बिल्कुल ही अस्वस्थ हो गई थीं। उनके पति लालचंद लोहरा सीसीएल एनके एरिया की रोहिणी परियोजना में सीनियर फिटर के पद पर कार्यरत थे। उनके पैतृक गांव चामा के बाला नदी में अंतिम संस्कार किया गया। रेणु देवी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। वे सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय थीं और अपनी सादगी तथा जनसेवा के लिए जानी जाती थीं। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## ठनका की चपेट आकर तीन गायों की मौत

सिकिदिरी। मतातू गांव में ठनका की चपेट में आकर गांव के कनक किशोर महतो की तीन गायों की मौत मौके पर ही हो गई। इनमें दो गाय दुधारु थी वहीं एक गाय गाभिन थी।घटना शनिवार की देर रात बारह बजे की है। घटना के संबंध में कनक किशोर महतो ने बताया कि रोज की तरह वे शनिवार की शाम अपनी गायों को घर के बाहर बने शेड में बांध दिया था। शनिवार की देर रात अचानक हुए जोरदार ठनका की चपेट में आकर तीनों गायों की मौत हो गई। रविवार की सुबह शेड में देखा कि तीनों गाय जमीन पर मरी पड़ी हुई हैं।उन्होंने बताया कि तीनों गायों के मरने से सवा दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर मुखिया सुफल महली रविवार की सुबह मौके पर पहुंच कर किसान जनक किशोर महतो को आपदा प्रबंधन विभाग से मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया है।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल, रिम्स रेफर



बेड़ो। इटकी थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर गड़गांव फुट ब्रिज के समीप रविवार की अपराह्न लगभग एक बजे बाइक से असंतुलित होकर गिरने से इटकी थाना क्षेत्र के गड़गांव करम टोली गांव निवासी एक 53 वर्षीय झरिया उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्वजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा मेघा भगत ने घायल का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल बेटे पंचम ने बताया कि वह बेड़ो से अपने घर आ रहे थे।

# कालीचरण मुंडा ने घटिया निर्माण पर लगाई फटकार, बोले 'झाड़-फांस काम नहीं चलेगा'

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** खूंटी के कांग्रेस सांसद कालीचरण मुंडा ने तमाड़ प्रखंड के जारगो गांव में एक चेकडैम के शिलान्यास के अवसर पर निर्माण सामग्री की निम्न गुणवत्ता पर कड़ा रुख अख्तियार किया। मौके पर मौजूद विभागीय सहायक अभियंता को फटकार लगाते हुए सांसद मुंडा ने स्पष्ट शब्दों में कहा, याद रखिए एसडीओ साहब, मेरे सांसद रहते झाड़-फांस काम नहीं चलेगा। उन्होंने घटिया सामग्री को हटाकर गुणवत्तायुक्त सामग्री लाने का निर्देश दिया। भले ही इसके लिए काम रोकना पड़े। सांसद ने निर्माण स्थल पर योजना की प्राक्कलित राशि और अन्य सभी जानकारियों को अंकित करने वाले साइन बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने तमाड़ के सांसद व विधायक प्रतिनिधि और गांव के मुंडा-पाहन को काम की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपते हुए चेतावनी दी कि गड़बड़ी पाए जाने पर वे ही दोषी माने जाएंगे। उन्होंने सहायक अभियंता को साफ-साफ कहा कि यदि काम ठीक से नहीं हुआ तो उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जाएगा। क्षेत्र के विकास और खुशहाली पर जोर शिलान्यास समारोह में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कालीचरण मुंडा ने कहा कि वे जनता के प्यार के कारण ही सांसद बने हैं और क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने जोरगो नाला पर बनने वाले चेकडैम से 100 एकड़ खेतों की सिंचाई होने की बात कही, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। सांसद ने ग्रामीणों को लाह की खेती के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रदेश सहकारिता कांग्रेस के महासचिव मो नईमुद्दीन खां, सांसद प्रतिनिधि अशोक महतो, संजय सेठ, अजय साहू, ऋषिकेश महतो, विजय स्वांसी सहित कई अन्य नेता और ग्रामीण उपस्थित थे।

समर्पणदीप बीएड कॉलेज में एकदिवसीय कार्यशाला

# परिस्थिति के अनुकूल मन को संयमित रखें : प्रो गोविंद

▸▸ व्यक्तित्व विकास पर चर्चा

▸▸ मन के सामंजस्य पर जोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** समर्पणदीप बीएड कॉलेज में सिगमंड फ्रायड के मनोविश्लेषणात्मक सिद्धांतक विश्लेषण विषय पर एक दिनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत दीप प्रज्वलित व सरस्वती वंदना से की गयी। कार्यक्रम के मुख्य विचारक प्रो डॉ गोविन्द साहू ने चेतन मन, अर्धचेतन मन व अवचेतन मन के साथ सामंजस्य से व्यक्तित्व में विकास कैसे हो, इसकी बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मन को परिस्थिति के अनुकूल रखना और मानव व्यवहार के जटिल समस्याओं का समाधान के लिये एक रूप-रेखा तैयार की जानी चाहिये। संचालन आनंद कुमार भगत ने किया।

### कार्यक्रम में इन्होंने लिया हिस्सा

अभिषेक सिंह, एनके गुप्ता विकास पोद्दार, जितेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, डॉ दशरथ महतो, डॉ नमिता साहू, प्रो अच्युतानंद मिश्र, प्रो शैलेश कुमार, प्रो अंकित कुमार, प्रो अंकिता कुमारी, रविकांत पांडेय, दिनेश, कन्हाई, सत्यभामा, शिवराज भगत, कमलेश महतो, सुरेन्द्र कुमार ,अंशु तिर्की, अटल, सौरभ, जितराज, पूजा, साक्षी, प्रियंका, मेघा, ईरा, आस्था, प्रिसिला, खुशबू, सावित्री, पुष्पा व कमला आदि।

खबर एक नजर में

## जसपुरिया मजदूर संघ का गठन



अनगड़ा। जसपुरिया मजदूर संघ गेतलसूद का रविवार को गठन किया गया। गठन को लेकर आसपास के गांव से मजदूरों के प्रतिनिधि शामिल हुए। अध्यक्षता सीताराम मुंडा ने किया। संचालन जैलेन्द्र कुमार ने किया। निर्णय हुआ कि मजदूरों के हित में, रोजगार उपलब्ध कराने व क्षेत्र से पलायन को रोकने के लिए मजदूर संघ काम करेगा। अगली बैठक में संघ का विस्तार किया जाएगा। जैलेन्द्र कुमार ने बताया कि मजदूर संघ के का उददेश्य भविष्य में गेतलसूद रियाडा भूमि मे खुलनेवाले फैक्टरी में आसपास के कुशल/अकुशल मजदूरों को समायोजित करना है। इससे क्षेत्र से पलायन रूकेगा। सभी मजदूरों का पंजीयन कराकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ी जाएगी। मौके पर रांची विवि के मनोनीत सीनेट मेंबर प्रो. सत्यदेव मुंडा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजय नायक, बिगेश्वर महतो, बिनोद चौधरी, कामेश्वर महतो, शिकारी महतो, कमलाकांत मुंडा, गणेश लोहरा, अजय राज, वरूण ठाकुर, द्वारिका प्रजापति, मनसू मुंडा, जयप्रकाश गोस्वामी, तीरथनाथ महतो, वासुदेव गोस्वामी, बटेश्वर गोस्वामी, कृष्णा साहू, वीचा उरांव आदि उपस्थित थे।

## फेसबुक हैक कर आपत्तिजनक पोस्ट कर बदनाम करने की साजिश थाने में की शिकायत

सिल्ली। सिल्ली प्रखण्ड के गोड़ाडीह गाँव निवासी लोबिन चंद्र महतो ने सिल्ली थाना में लिखित शिकायत की है। शिकायत पत्र में उन्होंने लिखा है कि वर्तमान में आजसू पार्टी की सोशल मीडिया कार्य देख रहा हूं। मेरा फेसबुक पेज बीते दिन अज्ञात के द्वारा हैक कर लिया गया था और आपत्तिजनक पोस्ट किया जा रहा था। और मुझे बदनाम किया जा रहा है। मेरे साथ साथ आजसू पार्टी के छवि को भी धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। अज्ञात के द्वारा किया गए पोस्ट से किसी को पीड़ा पहुंची है तो उसके लिए क्षमा प्रार्थी हैं। साथ ही अज्ञात की जांच कर कार्रवाई करने की कृपा करें।

## ओरमांझी में वज्रपात से तीन पशु की मौत



ओरमांझी। थाना क्षेत्र के पांचा मनातु में वज्रपात से तीन पशुओं की मौत हो गई है। तीनों पशु गांव के कनक किशोर महतो की थी। जिसमें दो दुधारू गाय थी, वहीं एक बच्चा देने वाली गई थी। तीनों गाय लगभग 1.20 लाख की थी। रविवार रात की वर्षा के साथ हुई तीनों पशुओं की मौत के संबंध में बताया गया कि रात में तीनों कनक महतो तीनों गाय को गोहाल में बांधा था। सुबह गायों को चारा देने गया, तो तीनो मृतक पड़े थें। तीनों गाय की मृत देख घर की महिलाएं रो रही थी। बताया गा कि वज्रपात होने पर बिजली ट्रांसफर में भी आग लग गई थी। वहीं घटना की जानाकरी मिलने पर काफी संख्या में लोग पहुंच कर दुख जताते हुए पीड़ित किसान को मुआवजा देने की मांग कर रहे थें। बाद में ग्रामीणों की मदद से तीनों गाय को जमीन में गड्ढा खोद कर गाड़ दिया गया।

## विधानसभा स्तरीय अहीर मिलन समारोह

चान्हो। विधानसभा स्तरीय अहीर मिलन समारोह का आयोजन प्रखंड के सिलागाई बंजारी पतरा के निकट रविवार को किया गया। इसकी अगुवाई अनिल गोप ने की। समारोह को सम्बोधित करते हुए समाज के अगुवा रामजी यादव ने कहा कि राजनीति से समाज टूटता है। इसलिए समाज के विकास में किसी तरह ही राजनीति नहीं होनी चाहिए। सबको मिलजुल कर समाज को आगे ले जाने का काम करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को नशापान से दूर रहने, तथा बाल बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान देने की भी बात कही। कार्यक्रम के दौरान अनिल गोप सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।मौके पर अशोक यादव, अजय यादव, भूषण भगत, संजय गोप, हरीश गोप, गोविंद गोप, अजय गोप, दिनेश गोप, रमन गोप, मुकेश गोप सहित अहीर समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

## हुटाप शिव मंदिर में मंडा पूजा को लेकर हुई बैठक फुलखूंदी 10 जून व बनस झूलन 11 जून को



खलारी। शिव मंदिर हुटाप परिसर में मंडा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता पहान दीपक मुंडा व संचालन जागेश्वर यादव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंडा पूजा का फुलखूंदी 10 जून (मंगलवार) को तथा बनस झूलन 11 जून (बुधवार) को संपन्न होगा। जिसमें एक मंडा पूजा कमेटी का गठन किया गया। कमिटी में अध्यक्ष जागेश्वर यादव,सचिव अमेरिका मुंडा, रोहित यादव,उपाध्यक्ष विक्रम तुरी, ऐतवा मुंडा ,उपसचिव दीपक मुंडा, अमित लोहरा,कोषाध्यक्ष परिश्रम भुइंया, गौतम यादव, सहित अन्य कार्यकताओं की मंडा पूजा की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदारी तय की गई है। कार्यकताओं में श्याम लोहरा, चतुरगुन भुइंया, पंकज यादव, नीरज मुंडा, प्रमोद यादव, महेश तुरी, रवि तुरी, विजय यादव, सिकंदर यादव, रमेश तुरी, आकाश यादव, गोविंद यादव, उमेश यादव, गोविंद तुरी, शुभम तुरी, डब्लू मुंडा, अरुण यादव, सिनोद यादव, पप्पू यादव, जगलाल यादव, मधो मुंडा, विनोद तुरी, राजेश तुरी, मुन्ना तुरी और कृष्णा तुरी सहित गांववासियों ने आपसी सहयोग और समर्पण से मंडा पूजा को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## जनता मजदूर संघ डकरा युनियन कार्यलय में बैठक संपन्न, संगठन का पुनर्गठन पर चर्चा



खलारी। जनता मजदूर संघ की बैठक यूनियन कार्यालय डकरा में किया गया। बैठक की अध्यक्षता गोल्डेन प्रसाद यादव व संचालन तपेश्वर यादव ने किया। बैठक में विशेष रूप से जेसीएसी के कमलेश कुमार सिंह उपस्थिति थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण किया जाय, जिसमें क्षेत्रीय समिति के पूर्ण पुनर्गठन, सभी शाखाओं के विस्तार और मजदूरों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर गंभीर विचार-विमर्श सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसमें समिति की नई रणनीति तैयार की गई कि आने वाले समय में मजदूर हितों की और अधिक प्रभावी तरीके से रक्षा की जा सके। प्रत्येक शाखा को और अधिक सक्रिय किया जाएगा तथा श्रमिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान कमलेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में संगठन की एकता और अनुशासन को मजबूत करने पर बल दिया तथा आने वाले चुनौतियों से निपटने के लिए कार्यकताओं को संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। यह बैठक जेएमएस के लिए एक नई दिशा तय करने वाली साबित हो सकती है, जहां संगठनात्मक मजबूती के साथ श्रमिक हितों को सर्वोपरि रखा गया है। मौके पर सचिव डीपी सिंह,टुपा महतो, बूटन चौहान,अजय चौहान, वीरेन पासवान, सेतु बांध सिंह,चंदन कुमार, सुनील कुमार, रावेल सिंह,विकास कुमार, जितेंद्र कुमार,टेकलाल, अमित, गणेश ठाकुर, रविन्द्र उरांव, अर्जुन,ओम प्रकाश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# लोस अध्यक्ष ओम बिरला का नागरीक अभिनंदन किया गया



अनगड़ा। स्वर्णभूमि बैंकेट हॉल में आयोजित लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला का नागरिक अभिनंदन किया गया। समारोह में भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार के साथ भाजपा नेता शशि भूषण भगत रांची विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य सत्यदेव मुंडा, रामकुमार दुबे, संजीव तिवारी, ग्राम प्रधान कमलाकांत मुंडा, शिकारी महतो आदि ने लोकसभा अध्यक्ष को अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ने भारत के वीर सैनिकों की शौर्य और वीरता की गाथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों ने अपने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि अब भारत अपने सैनिकों को स्वदेशी हथियार उपलब्ध करने के साथ कई देशों को बेच भी रहा है।

# तुमांग प्रभावित अधिकार मोर्चा ने रोहिणी परियोजना पदाधिकारी से भेंट कर अपनी समस्याएं रखीं

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** तुमांग प्रभावित अधिकार मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने रोहिणी परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार से मुलाकात किया।बीस दौरान मोर्चा के सदस्यों ने पीओ को शॉल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर चर्चा करते हुए प्रभावित गांवों में व्याप्त बेरोजगारी की समस्याओं से पीओ को अवगत कराया। प्रभावित मोर्चा ने बताया कि प्रभावित ग्रामीण लंबे समय से रोजगार की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें स्थायी समाधान नहीं मिला है। वही परियोजना पदाधिकारी ने मोर्चा के सदस्यों आश्वासन दिया गया कि ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से लिया जाएगा और यथासंभव समाधान की दिशा में प्रयास किया जाएगा। मौके पर मोर्चा के अध्यक्ष सुधीर उरांव और सचिव अमर लोहार, करण उरांव, रोहित लोहार, आशीष महतो, मनोज सिंह, रोशन भुइया, राहुल कुमार, राहुल महली, सुमित कुमार, अरुण भुइया, विनोद लोहार, उपेंद्र कुमार एवं श्रवण उरांव शामिल थे। इधर मोर्चा ने उम्मीद जताई कि प्रबंधन की ओर से मिले आश्वासन पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी, जिससे प्रभावित ग्रामीणों को राहत मिल सकेगी। मोर्चा के सदस्यों ने ये भी आह्वान किया कि प्रबंधन की ओर से प्रभावित लोगों के लिए कोई पहल नही करती है तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसका जिम्मेवार खुद पीओ और सीसीएल प्रबंधन होंगे।

# चुटूपालू, इरबा व हेंदेबिली में मंडा पूजा की तैयारी जोरो पर, काशीना पाहन व राजू सिंह बने अध्यक्ष

▸▸ मंडा पूजा में भक्ति जागरण का आयोजन होगा

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते ग्रामीण।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के चुटूपालू, इरबा व हेंदेबिली में मंडा पूजा की तैयारी जोरो पर है। चुटूपालू में सोमवार को मंडा पूजा होगा। वहीं इरबा में 29 मई व हेंदेबबिली में 06 जून को होगा। इसे लेकर श्रीश्री शिव मंडा पूजा समिति हेंदेबिली ओरमांझी की एक बैठक लालमोहन करमाली की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मंडा पूजा धूमधाम से किए जाने का निर्णय हुआ। बताया गया कि 26 मई, सोमवार को डागर से मंडा पूजा शुरू होगी। 28 मई को पाट शादी व छह जून को रात्रि 10 बजे से भक्ति जागरण का योजना किया जाएगा। वहीं सात जून को झुलन के साथ मंडा पूजा संपन्न होगी। वहीं श्रीश्री शिव मंडा पूजा इरबा का सफल आयोजन के लिए समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष काशीनाथ पाहन, सचिव मनोज उरांव, कोषाध्यक्ष मनोज टोप्पो, उपाध्यक्ष सोमर मुंडा, उपसचिव गोपाल उरांव व उपकोषाध्यक्ष पूर्व मुखिया विनिता कुजूर को बनाया गया। वहीं चुटूपालू का अध्यक्ष राजू सिंह, सचिव नितेश साहू व कोषाध्यक्ष बालकिशुन बेदिया को बनाया गगया है। हेंदेबिली में हुई बैठक में राजकिशोर महतो, सुभाष गंझु, जयकिसुन महतो, संजय भडांरी रामेशवर महतो, परमश्वर भंडारी, चंदरदेव महतो, सुधीर कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें।

# सेना के सम्मान में कांग्रेस 27 को करेगी कार्यक्रम आयोजित



**इटकी।** इटकी स्थित कुंदी मैदान में भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस पार्टी द्वारा 27 मई को आयोजित जयहिंद सभा की तैयारी लगभग पुरी कर ली गई है। अल्पसंख्यक ग्रामीण जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर ने रविवार को कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर तैयारियों का जायेजा लिया। कार्यक्रम स्थल को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। मौसम के मद्दे नजर टेंट को वाटर प्रूफ बनाया गया है। मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले का भारतीय सैनिकों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत किये कार्रवाई के समर्थन और उनके सम्मान में कांग्रेस पार्टी द्वारा पुरे देश में जयहिन्द कार्यक्रम किया जा रहा है। कुंदी मैदान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथिति कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष व मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ी होंगे। कार्यक्रम में झारखंड प्रभारी के राजू, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सहित कांग्रेस के कई बड़े नेता शामिल होंगे।

# बारीडीह में 36 वां वार्षिक पड़हा जतरा की तैयारी लेकर बैठक का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


बारीडीह पड़हा जतरा टांड़ पर बैठक में मौजूद पड़हा समाज के ग्रामीण।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के बारीडीह जतरा टांड़ में रविवार को तीन जून को होनेवाले 36 वां वार्षिक पड़हा जतरा समारोह को लेकर 12 पड़हा, 21 पड़हा और केंद्रीय पड़हा संचालन समिति की संयुक्त बैठक एतवा उरांव की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान पदाधिकारियों ने कई बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए जतरा के सफल संचालन के लिए रणनीति बनाई। जहां इस वर्ष तीन दिनी जतरा समारोह का आयोजन होगा। जिसमें 1 जून को पड़हा समाज पर विस्तृत परिचर्चा व कार्यशाला में समाज के विद्वान लोग भाग लेंगे। वहीं 2 जून को किसान मेला सह किसान गोष्ठी और 3 जून को पड़हा जतरा समारोह का आयोजन होगा। वहीं पड़हा जतरा में पूजा-पाठ की व्यवस्था, लकड़ी से बने प्रतीक चिह्नों में हाथी, घोड़ा, रंपा-चंपा की व्यवस्था, पीने का पानी, चिकित्सा व विधि व्यवस्था देखने के लिए ड्रोन कैमरा और वालंटियर की व्यवस्था करने और जतरा स्थल पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। जतरा स्थल पर चाक चौबंद व्यवस्था के लिए पंद्रह विभाग बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई। मौके पर मुख्य संरक्षक नीलमणि भगत ने कहा कि पड़हा व्यवस्था हमारी धरोहर है। हमें एकजुट होकर समारोह को सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि जतरा में ज्यादा से ज्यादा खोड़हा दल व झंडा को लाया जाए। वहीं संरक्षक डॉ दिवाकर मिंज ने कहा कि पड़हा हमारा सामाजिक संगठन व विरासत है। इसकी अस्तित्व की रक्षा करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है। उन्होंने पड़हा समाज के लोगों से एकजुट होकर इस समारोह को सफल बनाने का आह्वान किया। वहीं मौके पर 21 पड़हा राजा महादेव कुजुर, 12 पड़हा राजा विशाल उरांव, अध्यक्ष जुगेश उरांव, सचिव धनंजय कुमार राय, भौवा उरांव, प्रो सोमरा उरांव, अल्फ्रेड मिंज, मंगा उरांव, एतवा उरांव, घिनु उरांव, बंदे उरांव, सुका उरांव, अरुण उरांव, पीटर तिर्की, चरवा उरांव, तेम्बा उरांव, मंजू धान, पंचमी उरांव समेत मांडर, चान्हो, इटकी, लापुंग, बेड़ो व सिसई प्रखंड के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## छात्रों में आत्महत्या की प्रवृति

**यह** दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं की हैं। विडंबना यह है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कोचिंग संस्थानों के संरचनात्मक दबाव, उच्च दांव वाली परीक्षाओं, गलाकाट स्पर्धा, दोषपूर्ण कोचिंग प्रथाएं और सफलता की गारंटी के दावों का सिलसिला थमा नहीं है। यही वजह है कि हाल ही में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कई कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापारिक प्रथाओं के चलते नोटिस दिए हैं। दरअसल, कई कोचिंग संस्थान जमीनी हकीकत के विपरीत शीर्ष रैंक दिलाने और चयन की गारंटी देने के थोथे वायदे करते रहते हैं। निस्संदेह, इस तरह के खोखले दावे अक्सर कमजोर छात्रों और चिंतित अभिभावकों के लिये एक घातक संजाल बन जाते हैं।

निश्चित रूप से युवाओं के लिये घातक साबित हो रही टॉपर्स संस्कृति में बदलाव लाने के लिए नीतिगत फैसलों की सख्त जरूरत है। राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्तावित कोचिंग संस्थान (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक इस दिशा में बदलावकारी साबित हो सकता है। लेकिन कोई भी प्रावधान तब तक कारगर साबित नहीं हो सकते जब तक कि कोचिंग संस्थानों की कारगुजारियों की नियमित निगरानी न की जाए। कोचिंग संस्थानों में नामांकन से पहले अनिवार्य परामर्श और योग्यता परीक्षण मददगार हो सकता है। यह विडंबना ही है कि वर्ष 2018 के दिशा-निर्देश, जिनका मकसद छात्रों को मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करना और निजी संस्थानों को विनियमित करना था, वे आज अप्रासंगिक हो गए हैं। यह एक हकीकत है कि सख्त निगरानी के बिना नये कानून का भी प्रतीकात्मक बनने का जोखिम बना रहता है। युवाओं को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा के लिये बाध्य करना और योग्यता को अंकों के जरिये रैंकिंग से जोड़ना कालांतर अन्य छात्रों को निराशा के भंवर में फंसा देता है।

## आज का राशिफल

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# भारतीय राष्ट्रवाद को नयी आंखों से देखिए!




**जब** हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है।

देश में इन दिनों राष्ट्रवाद चर्चा और बहस के केंद्र में है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम भारतीय राष्ट्रवाद पर एक नई दृष्टि से सोचें और जानें कि आखिर भारतीय भावबोध का राष्ट्रवाद क्या है? ह्वराष्ट्रह्न सामान्य तौर पर सिर्फ भौगोलिक नहीं बल्कि ह्वभूगोल-संस्कृति-लोगह्न के तीन तत्वों से बनने वाली इकाई है। इन तीन तत्वों से बने राष्ट्र में आखिर सबसे महत्वपूर्ण तत्व कौन सा है? जाहिर तौर पर वह ह्वलोगह्न ही होगें। इसलिए लोगों की बेहतरी, भलाई, मानवता का स्पंदन ही किसी राष्ट्रवाद का सबसे प्रमुख तत्व होना चाहिए।

जब हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है। यही वैश्विक अचेतन (कलेक्टिव अनकांशेसनेस) हम-सबके एक होने का कारण है। स्वामी विवेकानंद इसी बात को कहते थे कि इस अर्थ में भारत एक जड़ भौगोलिक इकाई नहीं है। बल्कि वह एक चेतन भौगोलिक इकाई है जो सीमाओं और सैन्य बलों पर ही केंद्रित नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद मनुष्य के विस्तार व विकास पर केंद्रित है। जिसे भारत ने ह्ववसुधैव कुटुम्बकम्ह्न कहकर संबोधित किया। यह ह्ववसुधैव कुटुम्बकम्ह्न राजनीतिक सत्ता का उच्चार नहीं है। उपनिषद् का उच्चार है। सारी दुनिया के लोग एक परिवार, एक कुटुम्ब के हैं, इसे समझना ही दरअसल भारतीय राष्ट्रवाद को समझना है। यह राष्ट्रवाद मनुष्य की सांस्कृतिक एकता के विस्तार का प्रतीक है और हमारे सांस्कृतिक मूल्य, मानववादी सांस्कृतिक मूल्यों पर केंद्रित है। हमारी भारतीय अवधारणा में राज्य निर्मित भौगोलिक-प्रशासनिक इकाईयां प्रमुख स्थान नहीं रखतीं बल्कि हमारी चेतना, संस्कृति, मूल्य आधारित जीवन और परंपराएं ही यहां हमें राष्ट्र बनाती हैं। हमारे सांस्कृतिक इतिहास की ओर देखें तो आर्यावर्त की सीमाएं कहां से कहां तक विस्तृत हैं, जबकि सच यह है कि इस पूरे भूगोल पर राज्य बहुत से थे, राजा अनेक थे- किंतु हमारा सांस्कृतिक अवचेतन हमें एक राष्ट्र का अनुभव कराता था। एक ऐतिहासिक सत्य यह भी यह है कि हमारा राष्ट्रवाद दरअसल राज्य संचालित नहीं था, वह समाज और बौद्धिक चेतना से संपन्न संतों, ऋषियों द्वारा संचालित था। वह राष्ट्रवाद इस व्यापक भूगोल की चेतना में समाया हुआ था। यहां का ज्ञान विस्तार जिस तरह चारों दिशाओं में हुआ,वह बात हैरत में डालती है। राजा सिर्फ राज्य बनाते हैं, ऋषि अपने सांस्कृतिक अवदान से राष्ट्र बनाते हैं।



- प्रो संजय द्विवेदी

> भारतीय संदर्भ में राष्ट्रवाद को समझना वास्तव में मानवतावाद के व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझना है। यह विचार कहता है- ह्लसंतों को सीकरी से क्या कामह्व और फिर कहता है ह्यह्लकोई नृप होय हमें क्या हानिह्व। इस मायने में हम राज या राज्य पर निर्भर रहने वाले समाज नहीं थे। राजा या राज्य एक व्यवस्था थी, किंतु जीवन मुक्त था-मूल्यों पर आधारित था।

आप देखें तो बुद्ध पूरी दुनिया में अपने संदेश को यूं ही नहीं फैला पाए, बल्कि उस ज्ञान में एक ऐसा नवाचार, नवचेतन था जिसे दुनिया ने स्वतः आगे बढकर ग्रहण किया। भारत कई मायनों में अध्यात्म और चेतना की भूमि है, सच कहें तो दुनिया की तमाम स्थितियों से भारत एक अलग स्थिति इसलिए पाता है, क्योंकि यह भूमि संतों के लिए, ज्ञानियों के लिए उर्वर भूमि है। दुनिया के तमाम विचारों की सांस्कृतिक चेतना जड़वादी है, जबकि भारत की चेतना जैविक है। इसलिए भारत मरता नहीं है, क्योंकि वह जड़वादी और हठवादी नहीं है। यहां का मनुष्य सांस्कृतिक एकता के लिए तो खड़ा होता है पर विचारों में जड़ता आते ही उससे अलग हो जाता है। हमारा ईश्वर आंतरिक उन्नयन और पाप क्षय के लिए काम करता है। हमारे संत भी आध्यात्मिक उन्नयन और पापों के क्षय के लिए काम करते हैं। मनुष्य की चेतना का आत्मिक विस्तार ही इस राष्ट्रवाद लक्ष्य है। इसलिए यह सिर्फ एक खास भूगोल, एक खास विचारधारा और पूजा पध्दति में बंधे लोगों के उद्धार के लिए नहीं, बल्कि समूची मानवता की मुक्ति के काम करने वाला यह विचार है। यहां मानव की मुक्ति ही उसका लक्ष्य है। यह राष्ट्रवाद सैन्यबल और व्यापार बल से चालित नहीं है, बल्कि यह चेतना के विस्तार, उसके व्यापक भावबोध और मनुष्य मात्र की मुक्ति का विचार से अनुप्राणित है।

भारतीय संदर्भ में राष्ट्रवाद को समझना वास्तव में मानवतावाद के व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझना है। यह विचार कहता है- ह्लसंतों को सीकरी से क्या कामह्व और फिर कहता है ह्यह्लकोई नृप होय हमें क्या हानिह्व। इस मायने में हम राज या राज्य पर निर्भर रहने वाले समाज नहीं थे। राजा या राज्य एक व्यवस्था थी, किंतु जीवन मुक्त था-मूल्यों पर आधारित था। पूरी सांस्कृतिक परंपरा में समाज ज्यादा ताकतवर था और स्वाभिमान के साथ उदार मानवतावाद और एकात्म मानवदर्शन पर आधारित जीवन जीता था। वह चीजों को खंड-खंड करके देखने का अभ्यासी नहीं था। इसलिए इस राष्ट्रवाद में जो समाज बना, वह राजा केंद्रित नहीं, संस्कृति केंद्रित समाज था। जिसे अपने होने-जीने की शर्तें पता थीं, उसे उसके कर्तव्य ज्ञात थे। उसे राज्य की सीमाएं भी पता थीं और अपनी मुक्ति के मार्ग भी पता थे। इस समाज में गुणता की स्पर्धा थी- इसलिए वह एक सुखी और संपन्न समाज था। इस समाज में भी बाजार था, किंतु समाज- बाजार के मूल्यों पर आधारित नहीं था। आनंद की सरिता पूरे समाज में बहती थी और आध्यात्मिकता के मूल्य जीवन में रसपगे थे। भारतीय समाज जीवन अपनी सहिष्णुता के नाते समरसता के मूल्यों का पोषक है। इसीलिए तमाम धाराएं, विचार, वाद और पंथ इस देश की हवा-मिट्टी में आए और अपना पुर्नअविष्कार किया, नया रूप लिया और एकमेक हो गए। भारतीयता हमारे राष्ट्रवाद का अनिवार्य तत्व है। भारतीयता के माने ही है स्वीकार। दूसरों को स्वीकार करना और उन्हें अपनों सा प्यार देना। यह राष्ट्रवाद विविधता को साधने वाला, बहुलता को आदर देने वाला और समाज को सुख देने वाला है। इसी नाते भारत का विचार आक्रामकता का, आक्रामण का, हिंसा या अधिनायकवाद का विचार नहीं है। यह श्रेष्ठता को आदर देने वाली,विद्वानों और त्यागी जनों को पूजने वाली संस्कृति है। अपने लोकतत्वों को आदर देना ही यहां राष्ट्रवाद है। इसलिए यहां भूगोल का विस्तार नहीं, मनों और दिलों को जीतने की संस्कृति यहां जगह पाती है।

यहां शांति है, सुख है, आनंद है और वैभव है। यह देकर, छोड़कर और त्यागकर मुक्त होती है। समेटना यहां ज्ञान को है, संपत्ति, जमीन और वैभव को नहीं। इसलिए फकीरी यहां आदर पाती है और सत्ताएं लांछन पाती हैं। इसलिए यहां लोकसत्ता का भी मानवतावादी होना जरूरी है। यहां सत्ता विचारों से, कार्यों से और आचरण से लोकमानस का विचार करती है तो ही सम्मानित होती है। वैसे भी भारतीय समाज एक सत्ता निरपेक्ष समाज है। वह सत्ताओं की परवाह न करने वाला स्वाभिमानी समाज है। इसलिए उसने जीवन की एक अलग शैली विकसित की है, जो उसके राष्ट्रवाद ने उसे दी है। यही स्वाभिमान एक नागरिक का भी है और राष्ट्र का भी। इसलिए वह अपने अध्यात्म के पास जाता है, अपने लोक के पास जाता है और सत्ता या राज्य के चमकीले स्वप्न उसे रास नहीं आते।

## लेटर टू एडिटर

### भविष्य की रणनीति

**भारत** ने कई बार अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में की गई एयर स्ट्राइक आज भी लोगों को याद है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकियों का सफाया किया। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी ह्यछेड़ेंगे तो छोड़ेंगे नहीं।ह्न यह ऑपरेशन अभी जारी है। यदि दुश्मन देश दोबारा कोशिश करेगा, तो भारत और भी कठोर जवाब देगा। अब हमें आतंक के खिलाफ भविष्य की रणनीति और मजबूत करनी होगी।

**- राहुल शर्मा, जमशेदपुर**

### बढ़ती गर्मी

**यूरोपीय** वैज्ञानिकों के अनुसार साल 2024 अत्यधिक गर्म रहा, जो ग्लोबल वार्मिंग का संकेत है। सर्दी का घटता समय और बढ़ता तापमान आने वाले संकट के संकेत हैं। पर्यावरण से खिलवाड़ ने प्रकृति का संतुलन बिगाड़ दिया है। अब चिंता नहीं, बल्कि सामूहिक चिंतन और पर्यावरण संरक्षण के ठोस प्रयासों की आवश्यकता है, नहीं तो परिणाम विनाशकारी होंगे।

**- राजेश कुमार, रांची**

### फसलों पर संकट

**भारत** जलवायु परिवर्तन और ओजोन संकट की दोहरी मार झेल रहा है। आईआईटी खड़गपुर के अध्ययन के अनुसार, 2050 तक गेहूं की पैदावार में 20 फीसदी तक गिरावट हो सकती है।

**- रविशंकर सिंह, रांची**

## ट्वीट

**उत्तम** चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि धन संपदा आदि वसुधा के समस्त वैभव नैतिकता, सुसंस्कार एवं अच्छे चरित्र के अभाव में बेकार है।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# घरेलू विवाद से दहेज के झूठे मामलों में उलझते पुरुष



सत्येन्द्र प्रसाद सिंह

समस्या

जब वैवाहिक कलह के कारण घरेलू विवाद उत्पन्न होते हैं, तो अक्सर पति के परिवार के सभी सदस्यों को फंसाने की कोशिश की जाती है। अदालतों को दहेज उत्पीड़न के मामलों में कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें सतर्क रहना होगा कि कहीं कानून का दुरुपयोग कर पति के रिश्तेदारों को फंसया तो नहीं जा रहा। अदालतों को निर्दोष परिवार के सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए।

पुरुषों के अधिकारों से तात्पर्य कानूनी और सामाजिक अधिकारों से है, जो खासतौर पर पुरुषों के सामने आने वाली समस्याओं को सम्बोधित करते हैं। भारत में, जबकि महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देना जरूरी है, पुरुषों की चुनौतियों पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है, जैसे धारा 498ए आईपीसी के तहत घरेलू हिंसा के मामलों में झूठे आरोप, मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी और सीमित पैतृक अधिकार। साझा पालन-पोषण कानूनों के इर्द-गिर्द हाल की बहसें लैंगिक न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता को उजागर करती हैं। भारत में पुरुषों के अधिकारों को अक्सर लैंगिक समानता पर व्यापक चर्चा में कम ध्यान दिया जाता है। घरेलू दुर्व्यवहार के शिकार के रूप में पुरुषों को कानूनी मान्यता नहीं मिलती है, जिससे सुरक्षा की मांग करना या दुर्व्यवहार के मामलों की रिपोर्ट करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। जीवनसाथी द्वारा भावनात्मक, वित्तीय या शारीरिक शोषण के शिकार पुरुषों को सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है और घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 जैसे मौजूदा ढाँचों के तहत कानूनी सहारा नहीं मिलता है।

पुरुषों से भावनाओं को दबाने की सामाजिक अपेक्षाएँ उनके मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं, जिससे आत्महत्या की दर और अनुपचारित मनोवैज्ञानिक समस्याएँ बढ़ती हैं। 2022 के एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चलता है कि आत्महत्या के 72.5% मामले पुरुषों के हैं, जो लिंग-संवेदनशील मानसिक स्वास्थ्य नीतियों की आवश्यकता पर बल देता है। तलाक या अलगाव कानून मातृ हिरासत का पक्ष लेते हैं, पिता की भूमिका को हाशिए पर डालते हैं और बच्चे के पालन-पोषण में उन्हें समान अधिकारों से वंचित करते हैं। अभिभावक और वार्ड अधिनियम, 1890, मातृ हिरासत को प्राथमिकता देता है जब तक कि माँ को अयोग्य नहीं माना जाता है, जिससे माता-पिता की भागीदारी के लिए पिता के अवसर सीमित हो जाते हैं। धारा 498ए (दहेज उत्पीड़न) जैसे लिंग-विशिष्ट कानूनों का कभी-कभी दुरुपयोग किया जाता है, जिससे निर्दोष पुरुषों को प्रतिष्ठा, वित्तीय और भावनात्मक नुकसान होता है। राजेश शर्मा बनाम यूपी राज्य (2017) में, सुप्रीम कोर्ट ने धारा 498ए के दुरुपयोग को नोट किया और झूठे आरोपों के खिलाफ सुरक्षा उपाय पेश किए।

पुरुषों के पास शिकायतों को दूर करने के लिए समर्पित संस्थान या हेल्पलाइन का अभाव है सामाजिक रूढ़िवादिता पुरुषों को अपराधी के रूप में चित्रित करती है, संस्थागत दृष्टिकोण को प्रभावित करती है और कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार या यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में उचित उपचार को सीमित करती है। विशाखा दिशा-निर्देश केवल महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर उत्पीड़न को कवर करते हैं, जिससे पुरुष पीड़ितों को भारतीय कानून के तहत समान सुरक्षा नहीं मिलती है। यौन शोषण के वयस्क पुरुष उत्तरजीवी कानूनी ढांचे में अपरिचित रहते हैं, जिससे उन्हें वैधानिक उपचार या संस्थागत सहायता से वंचित रखा जाता है। उदाहरण के लिए, आईपीसी की धारा 375 बलात्कार को केवल एक महिला के दृष्टिकोण से परिभाषित करती है, जिससे यौन उत्पीड़न के पुरुष उत्तरजीवी बिना किसी सहारे के रह जाते हैं।

घरेलू हिंसा अधिनियम और आईपीसी की धारा 498ए जैसे मौजूदा कानूनों को संशोधित करके उन्हें लिंग-तटस्थ बनाया जाए, जिससे घरेलू हिंसा और झूठे आरोपों के खिलाफ पुरुषों के लिए समान सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कनाडा और यूके जैसे देशों में घरेलू हिंसा कानून लिंग-तटस्थ हैं। साझा पालन-पोषण की अवधारणा ऑस्ट्रेलिया में अच्छी तरह से स्थापित है, जो हिरासत के निर्णयों में दोनों माता-पिता के लिए समान विचार को अनिवार्य बनाती है। जापान ने तनाव कम करने को लक्षित करते हुए कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिन्हें लिंग-विशिष्ट चिंताओं को शामिल करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। केरल में पुलिस के लिए नियमित संवेदीकरण कार्यशालाओं के परिणामस्वरूप लिंग-आधारित शिकायतों का अधिक संतुलित संचालन हुआ है। संगठनों को समावेशी कार्यस्थल नीतियों को बाध्यकारी किया जा सकता है जो पितृत्व अवकाश, पुरुषों द्वारा सामना किए जाने वाले यौन उत्पीड़न और मानसिक स्वास्थ्य सहायता जैसे मुद्दों को सम्बोधित करती हैं। लैंगिक न्याय के लिए संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित होना चाहिए जिससे समाज में माहौल अनुकूल रहे।

# बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव से जुड़े जीवन-संकट

ललित गर्ग

समस्या

**भारत** में इस समय गर्मी एवं हीट वेव का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, खासकर उत्तर भारत के अनेक राज्यों विशेषतः गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में अप्रैल के प्रारंभ में ही बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव लोगों को अपनी चपेट में लेने लगी, कई शहरों में पारा 44-45 डिग्री तक चढ़ गया है। राजस्थान के बाडमेर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जो चिन्ताजनक होने के साथ अनेक समस्याओं एवं परेशानियों का सबब है।

विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है। इसके मुताबिक साल 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है।

गुजरात एवं राजस्थान के अनेक स्थानों पर अभी से गर्मी इतनी तेज है कि कुछ ही दिनों में धरती तवे की तरह तपने लगेगी। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर हो सकते हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल होगा। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम, हमारी सुविधावादी जीवनशैली और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम से ही गर्मी कहर बरपाती है और प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने आती हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्त्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा, अन्यथा आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं।

विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम और गरीबी दोनों मारती है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। जलवायु परिवर्तन की वजह से हो रहा तापमान में लगातार असंतुलन सामान्य घटना नहीं है, जिसका दायरा अब वैश्विक हो गया है। भले ही कोई इस विनाशकारी स्थिति को तात्कालिक घटना कहकर खारिज कर दे लेकिन जमीनी सच्चाई यह है की बड़े पैमाने पर ग्लेशियर्स का पिघलना और हीट वेव बहुत बड़े वैश्विक खतरें की आहट है।

**हिमाचल प्रदेश में स्थित यह कृष्ण मंदिर भक्तों के लिये दर्शन और पूजन का एक अदभुत केन्द्र हैं। साभार: अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



स्पीड न्यूज

## एथलेटिक्स खिलाड़ी हुये सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में रविवार को एथलेटिक्स खिलाड़ियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कराटे प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ने बताया कि श्रृष्टि कुजूर ने भाला फेक व लंबी कूद में कांस्य पदक, आस्था सिंह ने भाला फेक और गोला फेक में रजत पदक, वैष्णवी कुमारी ने लंबी कूद में रजत पदक और आरेम कुमार ने भाला फेक में रजत पदक जीतकर क्षेत्र कार नाम रौशन किया है। मौके पर चित्रलेखा, विकास, शिवांश, रेयांश, खुशी, स्नेहलता, अन्नया, ओम, वैश्नवी, रीना कुजूर, प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर, आस्था सिंह, रीना कुजूर और कमलनाथ सिंह ने मौजूद थें। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी। साथ ही हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## लोहसिंघना में धूमधाम से मना मंडा



**कुजू।** भगवान शिवभक्ति का महापर्व मंडा पूजा छोटकीडुंडी पंचायत अंतर्गत ग्राम लोहसिंघना में शनिवार रात धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मांडू विधायक निर्मल महतो, पंचायत मुखिया रामसेवक महतो, पंसस रीना कुमारी शामिल हुए। छऊ नृत्य कला का शुभारंभ विधायक ने फीता काटकर और ढोल नगाड़ा बजाकर किया। श्रद्धालुओं ने निर्जला और उपवास रखकर लोटन सेवा करते हुए भगवान शिव व माता पार्वती की विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा किया। अहले सुबह 71 भोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर नंगे पाँव चलकर शिव भक्ति की अद्भुत परिचय दिया। साथ ही, बनस झुला। इससे पूर्व, धवैया और सरलाकला से आए कलाकारों ने रंग बिरंगी मुखौटा पहनकर एक से बढ़कर धर्म आधारित आकर्षक छऊ नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का खुब मनोरंजन कराया।
मौके पर उपमुखिया गोपाल महतो, रूपा महतो, लीलावती महतो, रवि महतो, पूजा समिति के अध्यक्ष झमनलाल महतो, सचिव तारकेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष शंकर करमाली, उपाध्यक्ष दुलार प्रसाद, संरक्षक मनोज, रोहित, विकास, सुमेश, बसंत, प्रदीप, कपिल, रमेश, बालेश्वर, शोभा महतो, तिलक कुमार, सुखदेव महतो, किसुन महतो, पंकज कुमार, रामपाल महतो, महेश चौधरी, प्रेम करमाली, राजनाथ महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जोहार पार्क में सुनी मन की बात



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन सिंह फौजी की अगुवाई में रविवार को छत्तर मांडू स्थित जोहार पार्क में मन की बात की 122 वीं कड़ी को सुनने की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में बूथ नंबर 46 के अध्यक्ष नीरज सिंह और उनके सहयोगी तथा आमजनों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। सभी सेना के शौर्य के सम्मान में तिरंगा हाथ में थामे हुए थे। जिला उपाध्यक्ष रंजन फौजी ने बताया कि आज की कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा की भारत का संकल्प आतंकवाद को खत्म करना है। आपरेशन सिंदूर बदलते भारत की तस्वीर है। सेना के पराक्रम पर देश को गर्व है। सेना के शौर्य से हर हिंदुस्तानियों का सर ऊंचा हुआ है। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष नीरज सिंह, राजेंद्र राय आदि उपस्थित थे।

## सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह और सदस्यों द्वारा सैंकड़ों गरीब- जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया गया। डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच उद्देश्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, लालू उरांव, विजय राम, लखन राम, कारू यादव, सुकरा करमाली, मो. शाहिद सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

# नशे की आग में झुलसता हजारीबाग

## मीडिया को कोसते रहेंगे या सड़कों पर उतरेंगे

अभय सिंह



**हजारीबाग।** झारखंड का यह शांत और सांस्कृतिक ज़िला आज नशे के अंधे कुएं में गिरता जा रहा है। स्कूलों से कॉलेजों तक, गलियों से मोहल्लों तक हर कोना अब चिट्टा, ब्राउन शुगर, कोरेक्स और अफीम के धुएं में घिरा है। सवाल उठता है कि ये जहर कौन फैला रहा है? और उससे भी बड़ा सवाल, कौन रोक रहा है? हर बार जब नशे की बात होती है, लोग मीडिया को कोसते हैं मीडिया बिक गई है। लेकिन अगर वाकई मीडिया बिक गई होती तो हर दिन अखबारों में नशे के खिलाफ खबरें कौन छाप रहा? वो कौन हैं जो ड्रग माफिया से धमकियां खाने के बावजूद सच्चाई उजागर कर रहे हैं? हकीकत यह है कि एक संगठित तंत्र, ड्रग पेडलर, सफेदपोश, और निष्क्रिय अफसर मिलकर इस शहर के युवाओं की जिंदगी से खेल रहा है। प्रशासन आंकड़ों की बाजीगरी दिखाता है कि इतने लोग पकड़े गए, इतनी ड्रग्स बरामद हुई पर असलियत ये है कि हर मोहल्ले में 8 से 10 डीलर खुलेआम नशे का सौदा कर रहे हैं। और अगर कोई समाज एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले भी करता है, तो दो दिन बाद वह ऊँची पहुँच के दम पर वापस लौट आता है, और इस बार और भी निर्दय बनकर। कुछ साहसी समाजसेवी जैसे मैंगो मैन मनोज गुप्ता, गणेश सीटू, गौतम कुमार और अभिषेक कुमार लगातार आवाज उठा रहे हैं लेकिन नेताओं की ज़ुबान पर ताला लगा है। क्यों? क्या ड्रग्स की लड़ाई उनकी प्राथमिकता नहीं? क्या उन्होंने कभी इस जहर के खिलाफ कोई मार्च निकाला? अब वक्त आ गया है कि जनता सिर्फ तमाशबीन न बने। नशे के खिलाफ मैदान में उतरना होगा। नहीं तो अगली चीख आपके घर से निकलेगी और तब सुनने वाला कोई नहीं होगा। हजारीबाग को बचाना है, तो आज नहीं तो कभी नहीं।

# 100 साल पुराना शिव मंदिर की मूर्ति खंडित

## हजारीबाग के मूनका बगीचा में भड़का जनआक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग के मूनका बगीचा स्थित 100 साल पुराना शिव मंदिर की मूर्ति को खंडित होने से इलाके में भारी उबाल। शनिवार रात जैसे ही लोगों को यह जानकारी मिली कि धर्मशाला परिसर में स्थित प्राचीन मंदिर के मूर्ति को खंडित कर दिया गया है, पूरे मोहल्ले में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए और मंदिर स्थल पर धरना शुरू कर दिया। इस जनआंदोलन का नेतृत्व सामाजिक कार्यकर्ता मनोज नारायण भगत और विवेक बरियार ने किया।

भीड़ शांतिपूर्ण रही, लेकिन उनकी भावनाओं की तीव्रता साफ झलक रही थी। लोग मूनका परिवार और धर्मशाला समिति पर मंदिर गिराने की साजिश का आरोप लगाते रहे और सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। रविवार को यह मामला तब शांत हुआ जब सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, समाजसेवियों की मध्यस्थता से मूनका समाज धर्मशाला कमेटी, अनुमंडल पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच लिखित समझौता हुआ। समझौते में यह तय हुआ कि मंदिर को पूर्ववत स्थान पर पुनः स्थापित किया जाएगा और आम जनता के लिए खुला रहेगा। इस समझौते के साथ ही मनोज भगत ने अपना अनशन समाप्त किया।विधायक प्रदीप प्रसाद ने बताया कि कैंपस में दो मंदिर हैं और अब दोनों में पूजा होगी, किसी प्रकार का विवाद नहीं रहेगा। मुन्ना सिंह ने कि यह सिर्फ मंदिर नहीं जनभावनाओं की जीत है।

## पेंशनर कल्याण समाज की बैठक

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला पेंशनर कल्याण समाज की मासिक बैठक रविवार को जिला कार्यालय में हुई। पूर्व संरक्षक स्व. डॉ निर्मल बनर्जी की जन्म जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम डॉ. के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पर्पण किया गया। अउपस्थित पेंशनरों ने डॉ बनर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाले। बैठक में स्वस्थ जीवन बीमा के संबंध भी चर्चा के साथ साथ सदस्यता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से सचिव छोटू लाल मोदी, कोषाध्यक्ष छुन्न साहू, संरक्षक पन्ना लाल राम, दिलीप साहा, प्रखंड अध्यक्ष देवशरण महतो, रामस्वरूप खन्ना, सुधीर तिवारी, रामप्रसाद महतो, उमा साहू, महेश्वर प्रसाद, बाल गोविंद करमाली, भगतु नाया, महेंद्र मिश्रा, प्रदीप बनर्जी, अनिल बनर्जी आदि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

रामगढ़। टायर मोड़ के नजदीक रविवार सुबह लगभग 4:00 बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। साइकिल से कोयला लेकर रांची बेचने जा रहे दो लोगों को देर रात वाहन ने चपेट में ले लिया था। जिसमें एक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सैनूल फूलसराय निवासी के रूप में हुई है।



## मंत्री योगेंद्र महतो ने मां छिन्नमस्तिके मंदिर में की पूजा

**रजरप्पा। रविवार को मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, योगेंद्र प्रसदि सपरिवार रजरप्पा पहुँचे। उन्होंने मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर मां भगवती के आगे माथा टेककर आशीर्वाद लिया। उसके बाद नारियल बलि देकर पंडित असीम पंडा द्वारा रक्षा सूत्र भी बंधवाए। उन्होंने माँ छिन्नमस्तिका की पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्र एवं राज्यवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने की मंगलकामना की। इस दौरान गोमिया के पूर्व विधायक बबीता देवी, धवैया पंचायत के मुखिया सह झामुमो नेता तेजलाल महतो सहित उमेश महतो आदि मौजूद थे।**

## कुजू : दो बसों की टक्कर में 10 यात्री हुये घायल



**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के लकड़ीगेट फोरलेन सड़क पर रविवार सुबह दो बस की टक्कर में 10 यात्री घायल हो गए। बाद में सभी घायलों को मांडू व कुजू पुलिस के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। बताया जाता है कि रांची से माँ शेरावाली बस संख्या जेएच02एपी-7664 हजारीबाग की ओर जा रहा था। इसी बीच लकड़ी गेट के पास एक अन्य यात्री बस यात्रियों को बैठाने के लिए जैसे ही रुका, वैसे ही पीछे से माँ शेरावाली नामक बस ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे माँ शेरावाली बस पर सवार 8 से 10 यात्री घायल हो गए। जबकि कई यात्रियों को हल्की चोट आई। वही बस में अन्य सवार यात्री अपने गंतव्य की ओर जाने के लिए बस के इंतजार में सड़क पर खड़े रहे। कुजू पुलिस पहुँच कर दुर्घटना ग्रस्त बस को ओपी ले आया।

# उपस्वास्थ्य केंद्र तक जल्द बनेगा सड़क : संजीव बेदिया

### झामुमो कार्यकताओं व ग्रामीणों ने निर्माण में देरी पर उठायी आवाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया के आवास पर रविवार को झामुमो कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान लोगों ने विशेष रूप से कुरसे गावं स्थित शिव मंदिर से देवरिया उपस्वास्थ्य केंद्र तक 1.900 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण में हो रही देरी की समस्या को प्रमुखता से रखा गया।

संजीव बेदिया ने तुरंत विभागीय अधिकारियों को मोबाइल पर संपर्क कर जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सड़क विकास का पैमाना होता है। जल्द से जल्द सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराया जायेगा। चर्चा के दौरान यह बात भी सामने आया कि विधायक रोशन लाल चौधरी के दबाव के चलते 1.900 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य में देरी हो रही है। क्योंकि ग्रामीणों के आवेदन पर 540 मीटर सड़क निर्माण कार्य को उपायुक्त रामगढ़ के आदेश पर रोक दिया गया है। जबकि मूल योजना 1.900 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण की थी। आरोप है कि आजसू पार्टी के कार्यकर्ता पेटी कॉन्ट्रैक्ट के जरिए केवल छोटी सड़क बनवाना चाह रहे हैं, जिससे पूरी योजना में बाधा उत्पन्न हो रही है। विभागीय अधिकारी चाहते हैं कि दोनों विभागों के कार्यों में सामंजस्य बनाते हुए पूरा निर्माण कार्य समय पर पूरा किया जाए।

एक नजर में

## कायस्थ महासभा ने बांटा आयुर्वेदिक दवा



हजारीबाग। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की हजारीबाग इकाई और डाबर इंडिया लिमिटेड ने संयुक्त रूप से सीएसआर एक्टिविटी के तहत एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान 300 से अधिक लोगों के बीच साफ-सफाई से जुड़ी सामग्री, न्यूट्रीशनल सप्लीमेंट्स, सौंदर्य प्रसाधन और आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा ने किया, जबकि संचालन प्रदेश प्रमंडल प्रभारी बृज मोहन प्रसाद और समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रूपेश बिहारी लाला ने किया। कार्यक्रम में महासभा के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ समाज के सभी वर्गों से लोग, स्कूलों के छात्र और शिक्षक भी शामिल हुए। लोगों ने डाबर के उत्पादों का लाभ उठाया और महासभा की सामाजिक गतिविधियों की सराहना की। हाल ही में महासभा द्वारा जरूरतमंद छात्रों को मुफ्त कंप्यूटर शिक्षा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे कई विद्यार्थियों का भविष्य संवर रहा है। जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा ने कहा कि महासभा बिना स्वार्थ के सामाजिक कार्य कर रही है और उसके कार्यों का अनुसरण अब कई संगठन भी करने लगे हैं, जो गर्व की बात है।

## रावत ने धीरज शर्मा को दिया श्वास पुस्तक



**विष्णुगढ़।** प्रखंड के युवा पत्रकार धीरज शर्मा को बोकारो जिला के नारायणपुर में अंतरराष्ट्रीय शांतिवक्ता विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु के कार्यक्रम के दौरान चित्रकार उमेश आर्ट और मानवीय संस्था के सदस्यों ने श्री शर्मा का स्वागत करते हुए उन्हें 'श्वास' पुस्तक भेंट स्वरूप दी और जीवन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। श्री शर्मा ने प्रेम रावत जी को नमन करते हुए प्रेम रावत फाउंडेशन के सभी अधिकारियों, सहयोगी सदस्यों और विशेष रूप से चित्रकार उमेश आर्ट को इस सम्मान के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। बताते चलें कि लेखक, कहानीकार और अंतरराष्ट्रीय शांति वक्ता प्रेम रावत जी पिछले लगभग 60 वर्षों से विश्वभर में शांति का संदेश प्रसारित कर रहे हैं। उनका अभियान ह्लस्वयं को जानोह्व 1966 में प्रारंभ हुआ, और तब से वे विभिन्न देशों में मंचों से लोगों को शांति का संदेश देते आ रहे हैं। उनका शांति शिक्षा कार्यक्रम दुनियाभर में आशा की किरण बनकर उभरा है, जिसका लाभ स्कूल, कॉलेजों से लेकर जेलों तक में देखा गया है। प्रेम रावत फाउंडेशन जरूरतमंदों, गरीबों और आपदा-पीड़ितों की सहायता हेतु लगातार प्रयासरत है। फाउंडेशन के ₹जन भोजन₹ अभियान के तहत देश -विदेशों भारत के अन्य राज्यों सहित झारखंड में बच्चों के भविष्य को संवारने का प्रयास किया जा रहा है। बोकारो जिले में फाउंडेशन के कुल 54 केंद्र सक्रिय हैं, जिनमें नारायणपुर मुख्य आश्रम के रूप में कार्य करता है। आज के इस प्रेरणादायी कार्यक्रम में बोकारो जिले की टीम सहित सैकड़ों महिलाएं और पुरुषों ने भाग लेकर कार्यक्रम का आनंद उठाया।

## बरही में नाले का निर्माण कार्य शुरू



**बरही।** बरही पटना रोड स्थित नाले का लंबे समय से गंदे नाले का बनाने का काम शुरू कर दिया है। नाले के बनने से बरसात के मौसम में पानी निकासी में किसी तरह की कोई बाधा नहीं आएगी। बरही पटना रोड के बरसाती और गंदे पानी की निकासी के लिए यह एक मात्र नाला है। नाले को सीमेंटेड बनाने के लिए भाजपा नेत्री रिंकी उर्फ सुषमा विश्वकर्मा ने 16 जुलाई 2024 को सांसद मनीष जयसवाल को ज्ञापन सौंपा था। जिसके बाद सांसद मनीष जयसवाल ने इनकी मांग को मंजूर किया था। नाला बनने से बारिश के दिनों में पानी लंबे समय तक नहीं रुकेगा। अब तक नाला खुला था, जिसके कारण नाला कूड़ा करकट से भरा पड़ा था। नाले में कई बार खुले में घूमने वाले पशु गिर भी जाते थे। भाजपा नेत्री रिंकी उर्फ सुषमा विश्वकर्मा ने बताया कि नाला को सीमेंटेड बनाए जाने से स्थानीय लोगों को दूषित जल से फैलने वाली गंभीर बीमारी से राहत मिलेगी। वहीं इस कार्य के लिए रत्नेश्वर प्रसाद केशरी, महेंद्र केशरी, बिरेंद्र केशरी, मनोज केशरी, कृष्णा गुप्ता, धर्मेंद्र, छोटन यादव, गोविंद साव, उमेश चंद्रवंशी, मुकेश साव, दिलीप साव, प्रकाश केशरी, मंजीत कुमार, रामटहल साव एवं कमल किशोर समेत अन्य लोगों ने सांसद मनीष जयसवाल का आभार जताया है।

## भुरकुंडा में भाजपाइयों ने सुनी मन की बात



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बावला के नेतृत्व में भुरकुंडा के पटेलनगर पंचायत अंतर्गत बूथ संख्या 356 में रविवार को पीएम मोदी के मन की बात के 122वें भाग को सुना।ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित किया। प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने की बातों ने विशेष प्रभाव डाला। उनका यह वाक्य जो खेल खेलते हैं, वही जीतते हैं। लोगों के मन में गूंजता रहा और युवाओं को प्रेरित करता दिखा। कार्यक्रम के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गर्व की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। देशवासियों में बढ़ती देशभक्ति और आतंकवाद को जड़ से मिटाने के संकल्प को जोरदार समर्थन मिला। मौके पर भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बावला ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्र के प्रति समर्पण और युवा चेतना को जागृत करने वाला एक प्रेरणादायक क्षण रहा। पीएम मोदी के मन की बात सुनने वालों में भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, मुन्ना यादव, उमेश सिंह, विनोद कुमार, सूरज कुमार गौर, पुरेंद्र कुमार, संजय दुबे, नवल राय, लाखू कुमार, राजू साहू, श्रवण कुमार, आनंद साहू आदि शामिल थे।भदानीनगर मंडल में भी मंडल अध्यक्ष सागर दांगी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 122वें भाग को सुना गया।

# युवाओं को बदलनी होगी जीवनशैली



विंध्यवासिनी त्रिपाठी

रोजमर्रा की भागम-भाग जिंदगी में आदमी का बढता गुस्सा, सरदर्द, पीठदर्द, हताशा, निराशा व नकारात्मक विचारों की प्रबलता तत्पश्चात अवसाद ये कुछ ऐसे लक्षण हैं, जिनके आधार पर कहा जा सकता है कि ये मानिसक रोगों के लक्षण हैं। लेकिन कथित विकास की प्रतिस्पर्धा में प्रायः लोग इसे मानसिक रोग मानने को तैयार नहीं। यही कारण है कि मनोरोगियों की संख्या दिनोदिन बढ़ती जा रही है।वैसे तो पूरी दुनिया में मनोरोगियों की बहुत बड़ी तादाद है, और वह लगातार बढ़ती ही जा रही है। लेकिन भारत जो गरीबी में जीते हुए भी इस रोग से 90 के दशक के पहले तक तकरीबन अछूता था, यहां अब रोग तेजी से पांव पसारता जा रहा है। आर्थिक उदारीकरण के बाद की समृद्धि ने देश में मनोरोगियों की भी बाढ़ सी ला दी है। वैसे तो देश या दुनिया में कुल कितने मानसिक रोगी हैं, इसका ठीक-ठीक आंकड़ा तो कहीं भी उपलब्ध नहीं है क्योंकि आम तौर पर 99 फीसद लोग इस रोग से प्रभावित होने के बावजूद चिकित्सकों के पास नहीं जाते और न ही खुद को मानसिक रोगी ही मानते हैं। बावजूद इसके भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का दावा है कि देश की लगड्डाग 7 करोड़ आबादी मनोरोगों के चपेट में है जबकि यह तादाद 1991 तक महज 3 करोड़ ही थी। हालांकि सरकार ने हाल के दिनों में इस ओर ध्यान दिया है, और संसद ने लंबित मानसिक स्वास्य देखड्डाल विधेयक, 2013 को मंजूरी दे दी है। लेकिन केवल कानून बन जाने से इस समस्या का समाधान संभव नहीं दिखता। समाजशास्त्री डॉ. अविनाश सिंह कहते हैं कि इस बीमारी के लिए पाश्चात्य जीवन शैली भी काफी हद तक जिम्मेदार है। कथित विकास और विलास की अतृप्त प्रतिस्पर्धा के चलते आदमी को अपने लिए वक्त ही नहीं है। उनका दावा है कि अकेले अमेरिका की 20 फीसदी आबादी किसी न किसी मनोरोग से प्रड्डावित है। धन कमाने की अंधी दौड़ में वे खुद को मानसिक रोगी मानने को तैयार नहीं हैं। वहीं, भारत में जहां 1991 तक महज 3 फीसद लोग इसके दायरे में थे, उनकी तादाद भी अब बढक़र 6 फीसद से ज्यादा हो गई है। यद्यपि भारत में योग क्रांति के बाद के बाद लोगों में अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्य को लेकर जागरूकता बढ़ी है। लोगों की जीवन शैली में बदलाव आ रहा है। लेकिन विकराल हो चुकी इस समस्या का व्यापक समाधान सिर्फ योग से संभव नहीं। इसके लिए सरकार के साथ ही सामाजिक संगठनों को भी आगे आना होना। सरकार का दायित्व है कि वह पीड़ितों के समुचित इलाज का प्रबंध करे, तो सामाजिक संगठन लोगों को जागरूक करें और अपने स्तर से उन्हें इस मानसिक त्रासदी से उबरने में सहयोग दें। लेकिन अभी तक सरकार और सामाजिक संगठन, दोनों ही अपने दायित्व पर खरे नहीं उतरे हैं। भारत में 1982 से ही जिला मानसिक स्वास्य कार्यक्रम चल तो रहा है पर इसकी गति बेहद धीमी है। देश ड्डार के 660 जिलों में अड्डी तक महज 443 जिलों में ही मानसिक रोग निवारण केंद्र खुल सके हैं। तो देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों, जिनकी आबादी 6 करोड़ से ज्यादा है, में अड्डी तक एक ड्डी चिकित्सा केंद्र नहीं खुल पाया है। आंकड़े बताते हैं कि देश की 3.1 लाख आबादी पर महज 1 मनोचिकित्सक उपलब्ध है। इनमें भी 80 फीसद चिकित्सक तो शहरी क्षेत्रों में हैं। इस लिहाज से ग्रामीण क्षेत्रों में तो 10 लाख की आबादी पर एक मनोचिकित्सक ही उपलब्ध है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो का आंकड़ा तो और भी चौंकाने वाला है। उसका कहना है कि पिछले 15 सालों में देश भी में तकरीबन 1 लाख 26 हजार 166 लोगों ने विभिन्न मानसिक रोगों के चलते आत्महत्याएं की हैं। इनमें सर्वाधिक तादाद अकेले महाराष्ट्र में रही, जहां 19601 लोगों ने आत्महत्या की तो प. बंगाल दूसरे स्थान पर रहा। वहां 13932 लोगों ने अपना जीवन गंवा दिया। इसकी विकरालता को इस आधार पर समझा जा सकता है कि दुनिया का हर चौथा आदमी कभी न कभी मानसिक रोग का शिकार हुआ है। लेकिन कुछ आदतों में सुधार करके इससे बचा भी जा सकता है। मनोचिकित्सक कहते हैं कि व्यक्ति अपनी कुछ आदतों जैसे ज्यादा देर तक टीवी देखना, सेलफोन का ज्यादा इस्तेमाल आदि के साथ ही देर तक सोने की आदतों जैसी आदतों का परित्याग कर इससे बच सकता है। इसके अलावा, नियमित 30 मिनट का व्यायाम एवं ध्यान भी बेहतर परिणाम दे सकता है। लेकिन जो इसकी चपेट में हैं, उन्हें चिकित्सकीय परामर्श जरूर लेना चाहिए।

# जारी है कामयाबी का दौर

शशांक द्विवेदी

आज से लगभग 43 साल पहले उपग्रहों का साइकिल और बैलगाड़ी से शुरू हुआ इसरो का सफर आज उस मकाम पर पहुंच गया है जहां भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में दुनिया के सबसे शक्तिशाली पांच देशों में से एक बन गया है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक और छलांग लगाते हुए इसरो ने अंतरिक्ष में प्रक्षेपण की सेंचुरी लगा दी है। अपनी सैन्य क्षमताओं और निगरानी तंत्र को बेहद मजबूत बनाने के लिए भारत ने आसमान में एक और बड़ी छलांग लगाते हुए आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी सी 40 ) की सहायता से कार्टोसेट-2 श्रंखला के रिमोट सेंसिंग उपग्रह सहित 31 उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित कर दिया। इसमें एक भारतीय माइक्रो सैटेलाइट और एक नैनो सैटेलाइट के अलावा 28 छोटे विदेशी उपग्रह हैं। यह इसरो का 42वां और साल 2018 का पहला मिशन है। इसके जरिए भेजा गया कार्टोसैट सैटेलाइट अपनी कक्षा में पहुंच गया है। ये सैटेलाइट न सिर्फ भारत के सरहदी और पड़ोस के इलाकों पर अपनी पैनी नजर रखेगा बल्कि स्मार्ट सिटी नेटवर्क की योजनाओं में भी मददगार रहेगा। ये सैटेलाइट 500 किमी से भी ज्यादा



ऊंचाई से सरहदों के करीब दुश्मन की सेना के खड़े टैंकों की गिनती कर सकता है। भारत के पास पहले से ऐसे पांच रिमोट सेंसिग सैटेलाइट मौजूद हैं। पिछले साल पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा की गई सिंजकल स्ट्राइक में दुश्मन ठिकाने की सटीक जानकारी कार्टोसैट उपग्रह से ही मिली थी। अब कार्टोसैट श्रंखला के तीसरे सफल प्रक्षेपण के बाद देश की सैन्य निरीक्षण क्षमता में भारी इजाफा होगा। पीएसएलवी पर कार्टोसैट-2 के अलावा जो उपग्रह गए हैं, उनमें से 28 सैटेलाइट अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, फिनलैंड और दक्षिण कोरिया के हैं, जिनमें अकेले अमेरिका के 19 सैटेलाइट हैं। कार्टोसैट 2 सैटेलाइट सीरीज एक निगरानी उपग्रह है, जिसकी मदद से अब डिफेंस और कृषि क्षेत्र की तत्काल जानकारी मिलेगी। इसका इस्तेमाल तटीय क्षेत्रों और शहरों की निगरानी के लिए किया जाएगा। कार्टोसैट 2 सैटेलाइट सीरीज में हाई रेजुलेशन कैमरा लगा है, जिससे खींची फोटो का इस्तेमाल किया जाएगा। कार्टोसैट-2 श्रृंखला के इस उपग्रह के प्रक्षेपण के साथ ही भारत की अंतरिक्ष और अधिक पैनी और व्यापक होने जा रही है। हालिया रिमोट सेंसिग उपग्रह की विभेदन क्षमता 0.6 मीटर की है। इसका अर्थ यह है कि यह छोटी चीजों की तस्वीरें ले सकता है। रिमोट सेंसिग कार्टोसैट-2 श्रृंखला के उपग्रह का वजन 710 किलोग्राम है। इसके साथ सह यात्री उपग्रह भी है, जिसमें 100 किलोग्राम का माइक्रो और 10 किलोग्राम का भारतीय नैनो उपग्रह भी शामिल हैं, बाकी सभी सह यात्री उपग्रहों का कुल वजन करीब 613 किलोग्राम है। पीएसएलवी से प्रक्षेपण का खर्च लगभग 100 करोड़ रु पये आता है। पिछले साल ही अंतरिक्ष इतिहास में पहली बार 7 देशों के 104 उपग्रह एक साथ प्रक्षेपित करके इसरो ने इतिहास रच दिया था। ग्लोबल सैटेलाइट मार्केट में भारत की हिस्सेदारी बढ.रही है। अभी यह इंडस्ट्री लगभग 200 अरब डालर की है। फिलहाल इसमें अमेरिका की हिस्सेदारी 41 फीसद की है। छोटे उपग्रहों को लॉन्च करने में महारत हासिल कर चुकी इसरो ने अब तक सैटेलाइट लॉन्चिग के जरिए 631 करोड़ की कमाई की है।कोर्टोसैट -2 श्रृंखला के उपग्रह के सफल प्रक्षेपण से भारत को कई फायदे होंगे, जिसमें अब भारत में किसी भी जगह को अंतरिक्ष से देखने की क्षमता भी हासिल होगी। कार्टोसैट-2 सीरीज के उपग्रहों में पैनक्रोमैटिक और मल्टीस्पेक्ट्रल इमेज सेंसर लगे हैं। इनसे रिमोट सेंसिग में भारत की काबिलियत सुधरेगी। इन उपग्रहों से मिले डाटा का इस्तेमाल सड़क निर्माण के काम पर निगरानी रखने, बेहतर लैंड यूज और जल वितरण के लिए होगा। इसके साथ ही अंतरिक्ष से हाई रिजोल्यूशन की तस्वीर मुमकिन होगी। दुश्मनों के सैनिक ठिकानों में गाड़ियों तक की तादाद बताने में ये उपग्रह कारगर हैं। लिहाजा रक्षा क्षेत्र में भी इन उपग्रहों की खासी अहमियत है। सरकार का इरादा कार्टोसैट सैटेलाइट्स को शहरी विकास और स्मार्ट सिटी के विकास की योजनाओं में भी इस्तेमाल करने का है। साथ ही इनके जरिये पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर भी नजर रखी जा सकेगी। भारत अंतरिक्ष विज्ञान में नई सफलताएं हासिल कर विकास को अधिक गति दे सकता है। देश में गरीबी दूर करने और विकसित भारत के सपने को पूरा करने में इसरो काफी मददगार साबित हो सकता है।

# अब घर जैसा मनोरंजन महसूस करा रहा ओटीटी


**फिल्म मिसेज का एक दृश्य**

**मनोरंजन** के नए माध्यम ओटीटी के बारे में इमेज बन गई थी कि इस पर सिर्फ अपराध कथाएं ही दिखाई जाती हैं। कुछ सालों तक यह बात सही भी लगी। पर, जब दर्शक ऊबने लगे, तो इसमें बदलाव लाया गया। अब ओटीटी पर सामाजिक पृष्ठभूमि पर गढ़ी कहानियां व रिश्तों का ताना-बाना ज्यादा दिखाई देने लगा। दर्शकों को ओटीटी का नया चेहरा पसंद आने लगा है। ह्यराजश्री की पहली वेब सीरीज भी पसंद की। आचारी बा, मिसेज,मीनाक्षी सुंदरम व अमर सिंह चमकीला ने भी तारीफें बटोरी।

हेमंत पाल

सिनेमा की दुनिया में कोरोना काल और उसके बाद बड़ा बदलाव आया। क्योंकि, यह वो समय काल था, जिसने जीवन के हर क्षेत्र पर असर डाला। मनोरंजन क्षेत्र पर असर यह पड़ा कि सिनेमाघर बंद हो गए, टीवी सीरियलों की शूटिंग बंद होने से टीवी पर भी पुराने कार्यक्रम दिखाए गए। ऐसे में मोबाइल पर ओटीटी नाम से मनोरंजन की एक दुनिया का जन्म हुआ। कोरोना के दौरान ओटीटी ने लोगों का मन बहलाया। कोरोना काल के बाद समझा जाने लगा था, कि अब ओटीटी के दर्शकों की संख्या पर असर आएगा, पर ऐसा नहीं हुआ। मोबाइल तक सीमित मनोरंजन का यह नया माध्यम स्मार्ट टीवी का प्रमुख हिस्सा बन गया और दायरा भी विस्तारित हुआ। शुरूआत में ओटीटी पर अधिकांश वेब सीरीज अपराध केंद्रित होती थी। क्रिमिनल जस्टिस, महाराजा, पाताल लोक, दिल्ली क्राइम, फोरेंसिक, और आर्या जैसी कई वेब सीरीज ने दर्शकों को आकर्षित भी किया। लेकिन, धीरे-धीरे दर्शक इन एक जैसी अपराध कथाओं से ऊबने लगे। इन्हें पूरा परिवार एक साथ देख भी नहीं सकता है। इस कंटेंट के विरोध की आवाज उठने लगी। लेकिन, एक-डेढ़ साल में ओटीटी पर तेजी से बदलाव आया। इसका प्रमाण है कि राजश्री जैसे प्रोडक्शन हाउस ने भी अपनी पहली वेब सीरीज बड़ा नाम करेगा ओटीटी के लिए बनाई। पारिवारिक रिश्तों की उलझन वाले किस्सों को प्रधानता दी जाने लगी, जिस




ओटीटी पर कभी अपराध की बाढ़ थी, वहां अब रिश्तों का सामंजस्य दिखाई देने लगा।

**औरत की बदलती भूमिका का लेखा-जोखा**

कई वेब सीरीज और ओटीटी के लिए बनी फिल्में ओटीटी का चेहरा बदलने का जरिया बनीं। आरती कदव डायरेक्टेड फिल्म मिसेज की कहानी हर महिला से जुड़ी लगती है। इसमें सान्या मल्होत्रा की मुख्य भूमिका है जिसमें एक महिला के संघर्ष को दिखाया गया। वो कैसे पितृसत्ता की मानसिकता से लड़कर अपने सपने पूरा करती है। इसकी कहानी ऋचा (सान्या मल्होत्रा) की है। उसे डांसर बनना था, पर घर की जिम्मेदारियों के बीच उसके सपने पीछे छूट जाते हैं। यह मलयाली फिल्म द ग्रेट इंडियन किचन का हिंदी रीमेक है। सान्या मल्होत्रा की ही फिल्म मीनाक्षी सुंदरेश्वर भी ऐसी महिला की कहानी है, जिसके पति की शादी के कुछ दिन बाद ही दूसरे शहर में नौकरी लग जाती है। लांग डिस्टेंस मैरिज के साइड इफेक्ट दिखाती मीनाक्षी सुंदरेश्वर में सान्या मल्होत्रा ने एक्टिंग की है। इसी तरह रवीना टंडन की फिल्म पटना शुक्ला सामाजिक मुद्दे पर है। ये एक हाउसवाइफ की कहानी जो वकील है, पर कोई उसे गंभीरता से नहीं लेता। वो अपनी पहचान पाने के लिए संघर्ष करती है।

**राजश्री का ओटीटी पर आना**

फिल्मों में राजश्री प्रोडक्शन नाम अपनी अलग पहचान रखता है। ऐसे में ओटीटी में उनका आना मनोरंजन के इस माध्यम को सहयोग करेगा। बड़ा नाम करेंगे राजश्री की वेब सीरीज है, जिसमें बड़ी सहजता से रिश्तों का तानाबाना बुना गया है। कोरोना काल में मुंबई से शुरू होने के बाद कहानी उज्जैन, इंदौर और रतलाम पहुंच जाती है। कथानक की नायिका और नायक संयोग से पांच दिन एक ही घर में रहने को मजबूर होते हैं। बाद में उनकी शादी की बात चलती है। दोनों पहले से परिचित हैं, ये बताने का समय नहीं मिलता और फूफाजी शादी में अड़चन बनने लगते हैं। ऐसी ही वेब सीरीज है पैठणी! जिसमें एक बेटी और मां की कहानी है। मां पैठणी बुनने वाले केंद्र में कारीगर का काम करती है। उसका अनुभव है कि पैठनी बुनने वालों को कभी पहनने का सौभाग्य नहीं मिलता। पर, बेटी ये सपना सच कर देती है।

**नए रिश्ते गढ़ने की कहानी कहती आचारी बा**

फिल्म आचारी बा में ऐसी महिला है, जिसके हाथ में स्वादिष्ट अचार बनाने का जादू है। बा को उनका बेटा मुंबई बुलाता है। वहां जाकर पता चलता है कि बेटे ने उसे परिवार के साथ समय बिताने के लिए नहीं, बल्कि घर और पालतू कुत्ते की देखभाल करनी है। बेटा-बहू विदेश यात्रा पर जा रहे हैं। शहर में बा खुद को एक शरारती कुत्ते के साथ घर में अकेला पाती है। वहीं आचारी बा का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होता है, जिसमें वे अचार रेसिपी बता रही हैं। यहीं से बा के आचारी बा बनने का सफर शुरू होता है।

**लीक से हटकर वेब सीरीज और फिल्में**

कुछ अलग सी कहानियों में एक द स्टोरी टेलर भी है, जो सत्यजीत रे की शॉर्ट स्टोरी गोलपो बोलिये तारिणी खुरो पर आधारित है। ये एक कहानीकार पर केंद्रित है, जिसे एक बिजनेसमैन नियुक्त करता है। कहानीकार उसे सोने में मदद करने के लिए कहानियां सुनाता है। लेकिन इस बिजनेसमैन के असली इरादे कुछ और ही हैं। परेश रावल ने तारिणी बंदोपाध्याय की भूमिका की है। आमिर खान प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी किरण राव द्वारा निर्देशित फिल्म लापता लेडिज इस साल सुर्खियों में रही। यह फिल्म हर महिला में आत्मविश्वास जगाती है, जो अपने सपनों के लिए संघर्ष करती है।

**नामचीन शख्सियतों पर कथानक**

पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक चमकीला में दिलजीत दोसांझ ने मुख्य भूमिका निभाई है। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी यह फिल्म लुधियाना के गांव धुबरी में जन्मे पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री में साल 1979 से 1988 तक राज करने वाले गायक अमर सिंह चमकीला के विवादास्पद जीवन पर आधारित है। उनकी गायकी के लोग दीवाने थे। 27 साल की उम्र में अज्ञात हमलावरों ने उनकी हत्या कर दी थी। राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत भी अपना असर छोड़ने में कामयाब रही जो उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला की कहानी है, जो अपनी आंखों से नहीं देख सकते, लेकिन उन्होंने करीब 500 करोड़ रुपये की कंपनी खड़ी कर विकलांगों के लिए रोजगार के अवसर खोले थे।

**पुराने नामचीन खिलाड़ियों की सच्ची कहानियां**

खिलाड़ियों का जिक्र किया जाए, तो चंदू चैंपियन कबीर खान के निर्देशन में बनी बायोपिक फिल्म है, जो परदे पर तो खास कमाल नहीं दिखा सकी, लेकिन ओटीटी पर इस फिल्म को पसंद किया गया। कार्तिक आर्यन की अदाकारी ने खूब तारीफें बटोरी। यह फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर पर आधारित है। बॉक्सिंग के वंडर बॉय बनने और आखिर में 1965 की जंग में अपने शरीर पर 9 गोलियां खाने तक सफर जारी रहा। वह देश का पहला पैरालंपिक गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी बने। अजय देवगन की फिल्म मैदान फुटबॉल से जुड़ी सत्य घटना पर आधारित है। यह महान कोच सैयद अब्दुल रहीम की कहानी है, जिनकी भूमिका अजय देवगन ने निभाई है। इसके अलावा भी कई ऐसी वेब सीरीज हैं, जो दर्शकों को पसंद आयीं।

# न्यायालय ने कई ऐतिहासिक फैसले सुनाए



निरंजन कुमार

एक ओर 2017 में न्यायालय ने कई ऐतिहासिक फैसले सुनाए वहीं 2018 में भी कई महत्त्वपूर्ण फैसले आने हैं। इन सबके दरम्यान साल-दर-साल लंबित मामलों में बढोतरी भी होती जा रही है। देश में सभी अदालतों में लंबित केस की बात करें तो लगभग 2 करोड़ 60 लाख मामले लंबित हैं और जजों की पद हजारों की संख्या में खाली हैं। आंकड़ों के मुताबिक, जहां ऊपरी अदालतों में लंबित मामलों में कमी आई है वहीं दूसरी ओर निचली अदालतों में मामले बढते ही जा रहे हैं। 27 दिसम्बर 2017 तक के आकड़ों के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट में 55,259 मामले लंबित हैं। मगर बड़ा सवाल यही कि जजों की संख्या अगर इसी तरह घटती रहेंगी तो लंबित मामलों में और ज्यादा इजाफा होगा। मौजूदा समय में जजों के कुल 6379 पद खाली हैं। सर्वोच्च न्यायालय में जहां 6 सीटें खाली हैं वही हाईकोर्ट में 389 और निचली आदालतों में 5984 पद रिक्त हैं। वहीं 9 हाईकोर्ट ऐसे हैं, जहां मुख्य न्यायाधीश का पद खाली पड़ा है और वहां पर कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश के माध्यम से काम हो रहा है। वहीं सुप्रीम कोर्ट में इस साल सात और जज रिटायर हो जाएंगे। आर्श्चयजनक बात यह है कि इन सबके वावजूद सुप्रीम कोर्ट की तरफ से इन पदों को भरने का प्रस्ताव सरकार को नहीं भेजा गया है। सबसे बुरा हाल सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश का है। जहां एक तरफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में सबसे ज्यादा यानी 51 पद खाली हैं, वहीं राज्य में सबसे ज्यादा मामले (60,49,151) लंबित हैं। जजों की नियुक्ति मौजूदा समय में कॉलेजियम सिस्टम के द्वारा की जाती है, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में सर्वोच्च न्यायालय के पांच वरिष्ठ न्यायाधीश जजों के नाम सुझाते हैं और इन्हीं में से जजों को चुना जाता है। वर्ष 2016 में इस दशक की सबसे ज्यादा नियुक्ति इस सिस्टम के द्वारा की गई है। परंतु इसका असर इन खाली पदों पर न के बराबर पड़ा है। अगर जजों की कमी को पूरा भी कर दिया गया तो मामले जल्दी निपटाने के चक्कर में न्याय अधूरा ही रह सकता है क्योंकि किसी भी केस में निर्णायक वक्त नहीं देने का खमियाजा न्याय की पूरी प्रक्रिया को पटरी से उतार सकता है। और अगर लोगों को न्याय नहीं मिलेगा तो वे फिर से ऊपरी अदालतों का रु ख करेंगे। यानी मामला सुलझाने के बजाय बढता ही जाएगा। मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा का कहना है कि अदालत में लंबित मामले से निपटने के लिए बार और बेंच दोनों को साथ मिलकर काम करना होगा। हम लंबित मामले को अपने सामने शेर की तरह गरजने नहीं दे सकते।' सबसे ज्यादा चिंता इस बात को लेकर है कि मामलों के सुनवाई अदालत में आने से लेकर उसके अंतिम फैसले आने में देरी होती है। चिंता की बात यह भी है कि इस समय देश में हर 10 लाख आबादी पर मात्र 18 जज हैं। 2018 न्यायपालिका के लिहाज से बेहद उल्लेखनीय वर्ष होगा। इस साल कई ऐतिहासिक फैसले लिये जाने हैं, जिनमें से आधार की संवैधानिक वैधता, दिल्ली सरकार और लेफ्टिनेंट गवर्नर के बीच सत्ता का संघर्ष, धारा 377 का वैधीकरण, बाबरी मस्जिद मामला, जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष आधिकार का मामला, निर्भया रेप केस, इच्छा मृत्यु आदि हैं। ये आने वाले निर्णय अगले कई सालों तक याद भी रखेंगे जाएंगे साथ ही इसके कई सियासी निहितार्थ भी निकाले जाएंगे। देखने वाली बात यह होगी कि न्यायालय में जजों के खाली पड़े पदों और करोड़ों लंबित मामले का इन ऐतिहासिक फैसलों पर क्या असर पड़ता है।सुरसा के मुंह की तरह बढते लंबित मामलों के संदर्भ में एक सुझाव राष्ट्रीय अपीली अदालत के गठन का है, जिसमें उत्तर, दक्षिण, पूरब और पश्चिम में से प्रत्येक क्षेत्र के लिए 15 जजों की नियुक्ति का प्रावधान होगा जो पांच और तीन जजों की बेंच में काम करेंगे ताकि सुप्रीम कोर्ट को मकान मालिक और किराएदार के बीच विवाद, विवाह संबंधी मामले और जमानत जैसे मुद्दों की सुनवाई से मुक्ति दिलाई जा सके। इससे सुप्रीम कोर्ट के पास सुनवाई के लिए सिर्फ संवैधानिक मामले, कानून की व्याख्या और हाईकोर्ट में असहमति से जुड़े मामले ही रह जाएंगे। देखना है इन सुझावों पर कितना और कितनी जल्दी अमल हो पाता है। स्वस्य लोकतंत्र के लिए मजबूत न्यायपालिका बहुत जरूरी है। लेकिन यह सब तब होगा जब अदालतों की सुविधाओं और ढांचों को बेहतर बनाया जाएगा। जजों की हर स्तर पर कमी से फिलहाल यही कहा जा सकता है कि इंसाफ में देरी नाइंसाफी है।

## एआई का उपयोग और विकास



फलक फातिमा

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता** – एक ऐसी तकनीक है, जो मशीनों को मानव जैसी सोचने, समझने और निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है। यह कंप्यूटर विज्ञान की वह शाखा है जो मशीनों को ₹बुद्धिमान₹ बनाने का कार्य करती है।

**एआई का विकासः** अक की शुरूआत 1950 के दशक में हुई थी, जब वैज्ञानिकों ने ऐसी मशीनें बनाने की कल्पना की जो सोच सकें। समय के साथ कंप्यूटर की शक्ति और डेटा की उपलब्धता ने अक को तेजी से विकसित किया। आज यह तकनीक हमारी रोजमर्रा की ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन चुकी है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रकारः नैरो अक्र यह विशेष कार्यों को करने वाली अक है, जैसे गूगल सर्च, वॉयस असिस्टेंट जनरल अक्र यह मानव स्तर की बुद्धि रखने वाली अक है, जो अभी अनुसंधान की अवस्था में है।

सुपर अक्र यह वह अकहोगी जो मानव से अधिक बुद्धिमान होगी, और यह भविष्य की अवधारणा है।

एआई का उपयोगः स्वास्थ्य क्षेत्रः रोग की पहचान, रोबोटिक सर्जरी में किया जा रहा है`

शिक्षाः स्मार्ट लर्निंग सिस्टम, व्यक्तिगत अध्ययन

कृषिः फसल की निगरानी, स्वचालित मशीनें

व्यापारः ग्राहक सेवा चैटबॉट, डेटा विश्लेषण

स्वचालित वाहनः ड्राइवरलेस कारें में किया जा रहा है`

फायदेः कार्यों को तेज और सटीक बनाना, मानवीय गलतियों में कमी समय और श्रम की बचत.. कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक क्रांतिकारी तकनीक है, जो मानव जीवन को सरल और उन्नत बना रही है। लेकिन इसके साथ ही इसे जिम्मेदारी और संतुलन के साथ अपनाना आवश्यक है, ताकि इसका उपयोग मानवता के लाभ के लिए हो सके।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ी पहलें

भारत ने सरकारी तथा निजी निवेश के माध्यम से पिछले कुछ वर्षों में ए.आई. क्षमता-निर्माण में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है। ए.आई. के उपयोग व अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लियेभारत सरकार नेह्नसामाजिक सशक्तीकरण के लिये जवाबदेह कृत्रिम बुद्धिमत्ता, 2020 नामक सम्मलेन का आयोजन किया था।

नीति आयोग ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रौद्योगिकी आधारित समावेशी विकास के लियेह्नसभी के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ताह्न नामक एक महत्त्वपूर्ण रणनीति भी प्रस्तुत की थी। इसके तहत स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, शिक्षा, स्मार्ट सिटीज तथा बुनियादी ढाँचे के विकास हेतु ए.आई. आधारित समाधानों की पहचान की जाएगी।

हाल ही में, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र ने ए.आई. तकनीक को अपनाने के लिये नई नीतियों एवं रणनीतियों की घोषणा की है। प्रौद्योगिकी कंपनियों ने भी अपने ग्राहकों की समस बुद्धिमत्ता का उदय हमारे रहने, काम करने और दुनिया के साथ बातचीत करने के तरीके को बदल रहा है। उद्योगों में क्रांति ला रहे हैं और मानव जीवन में सुधार ला रहे हैं।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्लेटिनम जुबिली समारोह को संबोधित करते हुए कहा

# देश को औद्योगिक महाशक्ति बनाने में लघु व मध्यम उद्योग की अहम् भूमिका

**अवसर की धरती है भारत, हमें इसका लाभ लेने के लिए टेक्नोलोजी के विकास व इनोवेशन पर ध्यान देना है, इनोवेशन, टेक्नोलोजी डेवलपमेंट और क्षमतावान युवाओं की सिनर्जी से दुनिया की अगुवाई कर सकता है भारत**



चैम्बर भवन पहुंच कर विजिटर्स बुक में संदेश लिखते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला। साथ में चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका।


एससीसीआई के प्लेटिनम जुबिली समारोह का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, संजय सेठ, अर्जुन मुंडा, विद्युतबरण महतो, चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका व अन्य अतिथि।


लोकसभा अध्यक्ष का आदिवासी नृत्य कर स्वागत करती युवतियां।

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने देश को औद्योगिक महाशक्ति बनाने का विजन रखा है। इस विजन के केंद्र में लघु व मध्यम उद्योग है। देश को औद्योगिक महाशक्ति बनाने में लघु व मध्यम उद्योग की अहम् भूमिका होगी। 2047 तक विकसित भारत के निर्माण जमशेदपुर के लघु व मध्यम उद्योग की भूमिका का ब्लू प्रिंट सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को तैयार करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने देश के अमृत काल की घोषणा की है। इस अमृत काल में विकसित भारत के निर्माण से उत्पन्न होने वाले अवसरों के लिए स्थानीय उद्योगों को तैयार करने में चैम्बर को अपनी भूमिका निभानी चाहिए और इसके लिए लांग टर्म विजन डोकूमेंट की जरुरत है। साथ ही एसएमएमई उद्योगों में इनोवेशन, व टेक्नोलोजी डेवलपमेंट और वैश्विक प्रतिस्पद्‍र्धा में खड़े रहने की ताकत विकसित करने में भी चैम्बर को अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी चाहिए। हमें इस


समारोह को संबोधित करते ओम बिरला।

बात की खुशी है कि सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबिली समारोह में भाग लेने का मुझे मौका मिला है। प्लेटिनम जुबिली मनाने के लिए चैम्बर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका व टीम तथा तमाम सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई।

उक्त बातें भारत के लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज फेसी ऑडिटोरियम में आयोजित चैम्बर के प्लेटिनम जुबिली समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। बिरला जैसे ही ऑडिटोरियम पहुंचे, उपस्थित व्यवसायियों और उद्यमियों ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। ओम बिरला के साथ देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युतबरण महतो भी थे। ओम बिरला ने अपने संबोधन में कहा कि सिंहभूम के उद्यमियों के पास टाटा का समृद्ध विरासत है, प्रेरणा है। सोचिए, 100 साल से भी ज्यादा समय जेएन टाटा एंड फेमिली को यहां एशिया का पहला स्टील प्लांट लगाने के लिए कितनी मशक्कत करनी पड़ी होगी? तमाम कठिनाइयों को पार लगाते हुए टाटा परिवार ने यहां उद्योगीकरण की नींव डाली, और शताब्दी से अधिक समय से विश्व बाजार के तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद टाटा समूह इस धरती पर बना हुआ है।

इस विरासत से प्रेरणा लेने और सीखने की जरुरत है। लोकसभा अध्यक्ष ने चैम्बर के सदस्यों को टाटा की वेंटर कंपनी बनने के बाद अब आइटी, सर्विस सेक्टर जैसे नये-नये उभरते सेक्टर में उद्योग स्थापित करने की सलाह दी। इसके लिए बड़े सपने देखें और उसे साकार करने के लिए कठोर मेहनत करें। बिरला ने जेएन टाटा के सपनों के शहर जमशेदपुर की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर शहर उद्योगीकरण के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक और बौद्धिक विकास का भी स्थान है। इस शहर की वैश्विक स्तर पर पहचान है। देश के आर्थिक विकास में जमशेदपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में अमृत काल का भारत एक सशक्त भारत है जिसका लोहा पूरी दुनिया मान रही है। हमारा देश हर मोर्चे पर आगे बढ़ रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ने चैम्बर सदस्यों को आश्वासन दिया कि वे अपने सांसद के जरिए मुझसे संपर्क में रहे, आपके मुद्दों एवं चुनौतियों के समाधान की सरकार की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए संबंधित मंत्रालयों से बात करेंगे।

**चैम्बर भवन भी गए ओम बिरला, शुभकामना संदेश लिखा**

वैसे तो चैम्बर के प्लेटिनम जुबिली समारोह में लेट से पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष किन्तु कम समय होने पर भी न सिर्फ उन्होंने लंबा संबोधन दिया बल्कि समय निकाल कर रांची रवाना होने से पूर्व बिष्टुपुर चैम्बर भवन आये और वहां विजिटर्स बुक में अपना संदेश नोट किया। उन्होने चैम्बर भवन में सुविधाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। चैम्बर के पदाधिकारियों के साथ ग्रुप फोटो के बाद वे जमशेदपुर एयरपोर्ट से रांची रवाना हुए।

**पूर्व अध्यक्षों का किया गया सम्मान**

प्लेटिनम जुबिली समारोह में मुख्य अतिथि ओम बिरला,लोकसभा अध्यक्ष के हाथों चैम्बर के पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। पूर्व अध्यक्षों में विजय कुमार मेहता, मुरलीधर केडिया, एके श्रीवास्तव, आरके चौधरी (उनकी अनुपस्थिति में पुत्र आलोक चौधरी ने सम्मान ग्रहण किया), निर्मल काबरा, उमेश कुमार काउंटिया, जी आर गोलेच्छा,बीडी बोधनवाला, राजकुमार अग्रवाल और सुरेश सोंथालिया। लोकसभा अध्यक्ष ने इन पूर्व अध्यक्षों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया जबकि रक्षा राज्यमंत्री ने शॉल ओढा कर सम्मानित किया।

**कार्यक्रम में ये भी थे उपस्थित**

प्लेटिनम जुबिली समारोह में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कारपोरेट सर्विसेज डीबी सुंदर रामम, वाइस प्रेसिडेंट राजीव मंगल, आरएसबी ग्रुप के वाइस चेयरमैन एंड एमडी एसके बेहरा समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि प्लेटिनम समारोह में उपस्थित रहे।

## यह नया भारत है, नये भारत का मतलब विकसित भारत : संजय सेठ

प्लेटिनम जुबिली समारोह को संबोधित करते हुए देश के रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि आजादी के अमृतकाल के दौरान भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य हमारे प्रधानमंत्री ने रखा है। अब हमारा देश दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। इसमें हमारा उद्योग जगत बढ़-चढ़ कर भूमिका निभा रहा है। सेठ ने उम्मीद जतायी कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी के कार्यकाल में वन नेशन, वन इलेक्शन का कानून पास होगा।

## देश की अर्थव्यवस्था के विकास में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार रहे चैम्बर : अर्जुन मुंडा

भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि देश के औद्योगिक विकास में सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स अपनी भूमिका निभा रहा है किन्तु आजादी के अमृतकाल में जोअवसर सृजित होने वाले हैं उसका लाभ उठाने के लिए चैम्बर और उसके सदस्यों को और बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार रहे।

## विकसित भारत बनाने में भूमिका निभायेगा चैम्बर : विद्युतबरण महतो

सांसद विद्युतबरण महतो ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का जमशेदपुर समेत पूरे झारखंड की धरती पर आना स्वागत योग्य है। लोकसभा अध्यक्ष के रुप में वे ऐतिहासिक भूमिका निभा रहे हैं। देश से धारा 370 और ट्रिपल तलाक हटाने के कानून समेत पुराने कानूनों को लोपित करने का ऐतिहासिक कार्य ओम बिरला जी के कार्यकाल में हो रहा है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को बताया कि आजादी की लडाई में जिस तरह टाटा ग्रुप की भूमिका रही उसी तरह चैम्बर ने भी झारखंड अलग राज्य बनाने के आंदोलन में मददगार रहा है। यहां के औद्योगिक विकास में चैम्बर की भूमिका उल्लेखनीय है।

**स्पीड न्यूज**

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का कुलवंत सिंह बंटी ने किया स्वागत



जमशेदपुर। सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री जमशेदपुर के 75 वा वर्ष पूरे होने के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के जमशेदपुर आगमन पर सोनारी एयरपोर्ट पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया।

### सतवाहिनी-सापड़ा मार्ग पर अनियंत्रित कार पलटी, तीन घायल

गम्हरिया। रविवार की दोपहर आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के सतवाहिनी-सापड़ा मार्ग पर अनियंत्रित कार पलट जाने से उसपर सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों में नारायण प्रधान, लाल मांझी और करण मार्डी शामिल हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर कार को जब्त कर लिया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक कार पर सवार तीनो युवक सांपड़ा से गम्हरिया की ओर आ रहे थे। इसी दौरान उक्त मार्ग पर अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे पलट गई जिससे तीनों युवक घायल हो गए। बताया जाता है कि तीनों युवक नशे की हालत में थे। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### कांग्रेस के झारखंड प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष का गम्हरिया में स्वागत

गम्हरिया। सरायकेला से जमशेदपुर जा रहे कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के.राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का कार्यकर्ताओं द्वारा वरिष्ठ पार्टी नेता केपी सोरेन के नेतृत्व में गम्हरिया प्रखंड कार्यालय के समक्ष भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कुछ पल के लिए वहां रुके प्रदेश स्तरीय नेताओं को इस दौरान मौजूद आरडी रबड़ कंपनी के कामगारों द्वारा एक ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराते हुए उसके समाधान की मांग की। इस मौके पर पार्टी नेता जगदीश नारायण चौबे, राजू रजक, अमूल्य महतो, कार्यकारी जिलाध्यक्ष आम अम्बुज कुमार, जटाशंकर पांडे समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता व आरडी रबड़ कंपनी के मजदूर उपस्थित थे।

## संवैधानिक मूल्यों से खिलवाड़ का पुरजोर विरोध करती रहेगी कांग्रेस : के. राजू

**कांग्रेस की जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी ने संबोधित किया**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में साकची पार्किंग स्थल में आयोजित की गई। रैली 25 मई को अपराह्न 3:00 बजे से प्रारंभ हुई। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व सांसद राज्यसभा प्रदीप कुमार बलमुचू एवं नेताओं ने रैली को संबोधित किया। स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने दिया। प्रोटोकॉल स्वागत जिलाध्यक्ष ने अंगवस्त्र, बुके, गांधी टोपी और मोमेंटो प्रदान कर स्वागत किया। जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने जिला कमिटी द्वारा प्रस्तावित तीन प्रस्ताव को पढा तथा उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठकर तथा प्रस्ताव का समर्थन किया। मुख्य अतिथि ने के. राजू ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सत्तारुढ़ मौजूदा सरकार संविधान के साथ छेड़छाड़ कर जन भावना के खिलाफ काम कर रही है। मोदी सरकार को समाज बांटने वाली नीतियों और कदम का कांग्रेस पुरजोर विरोध करती रहेगी। संविधान के अनुच्छेद 15 (5) राज्य को निजी स्कूलों या कॉलेजों सहित शैक्षणिक संस्थानों में पिछड़े वर्ग और आर्थिक रुप से पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण की बात कही गई है। जिसे झारखण्ड राज्य में अविलंब लागु करने का मांग कांग्रेस पार्टी करती है। के राजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने जातीय जनगणना की बात सड़क से लेकर सदन तक लंबी लड़ाई लड़ी और उनके इस लड़ाई का परिणाम था कि केन्द्र सरकार को जातीय जनगणना के पक्ष में झुकना पड़ा। रैली का संचालन संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, अशोक चौधरी, अजय सिंह, राकेश्वर पाण्डेय, रघुनाथ पाण्डेय, जोसाई मार्डी, चन्द्रभान सिंह, रियाजुद्दीन खान, प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी, जेबा खान, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला इंटक देविका सिंह, सामंता कुमार, फिरोज खान, ब्रजेन्द्र तिवारी, शशी कुमार सिन्हा, नूरजहां वारसी, अपर्णा गुहा, शफीअहमद खान, रजनीश सिंह, अरूण कुमार सिंह, अंसार खान, तापस चटर्जी, काल्टू चक्रवर्ती, किशन महतो, मुरारी शर्मा, आशीष ठाकुर, अतुल गुप्ता, संजय चौधरी, मो. शब्बीर ऊर्फ लालबाबू, सोशल मीडिया चेयरमैन राजकुमार वर्मा, अमित श्रीवास्तव, इंदुभुषण यादव, राकेश साहू, राजेश चौधरी, अजय शर्मा, शमशेर आलम, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, अमरजीत नाथ मिश्र, सचिन कुमार सिंह, कौशल प्रधान, संजय यादव सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

## श्रेयश का भारतीय टीम में चयन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** 22 से 29 जून तक साउथ अफ्रीका के केन्या में होनेवाले प्रथम जूनियर रोल बॉल (अंडर 17) चैंपियनशिप-2025 के लिये इंडिया टीम में शहर के श्रेयश शेखर का चयन हुआ है। यह प्रक्रिया गतदिनों इंदौर शहर में हुआ, जिसके बाद रोल बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने पूरी सूची जारी कर दी। सोनारी निवासी श्रेयश बिष्टुपुर डीएवी के 11वीं के विद्यार्थी और भाजपा नेता अजय श्रीवास्तव के छोटे भाई विजय श्रीवास्तव के पुत्र हैं। विजय श्रीवास्तव वर्तमान में टाटा स्टील में कार्यरत है और सिन्टर प्लांट में कमिटी मेंबर हैं। श्रेयश के भारतीय टीम में चयन होने पर जहां पूरा परिवार खुश है, वहीं उन्होंने जिले के साथ-साथ पूरे राज्य का मान बढ़ाया है। वे कहते हैं कि बेहतर खेल का प्रदर्शन कर भारत का नाम रौशन करना एकमात्र उद्देश्य है। ज्ञात हो कि पूरे झारखंड से एकमात्र खिलाड़ी श्रेयश का चयन हुआ है।

## सामाजिक परिवर्तन के लिए सक्रिय रहे कपूर बागी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं गांधीवादी कपूर बागी की स्मृति में आज सभा मितान जुमिद,चिलगु-चाकुलिया में आयोजित किया गया। इस अवसर पर चांडिल, ईचागढ़ कुकड़ू बोड़ाम, पटमदा, जमशेदपुर, नीमडीह आदि क्षेत्रों के सामाजिक कार्यकताओं ने उन्हें याद करते हुए कहा कि कपूर बागी एक बहादुर समर्पित और बेपरवाह कार्यकर्ता थे, जो जीवन पर्यन्त सामाजिक परिवर्तन के लिए सक्रिय रहे। बागी की स्मृति में सभा मितान जुमिद, चिलगु-चाकुलिया में आयोजित, मौजूद वक्ताओं ने कहा, कपूर बागी एक बहादुर समर्पित और बेपरवाह कार्यकर्ता थे, जो जीवन पर्यन्त सामाजिक परिवर्तन के लिए सक्रिय रहे। कपूर के परिवार से दो -दो व्यक्ति अर्थात मामा शिबू सोरेन और ममेरे भाई हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री हुए, उनकी हैसियत और पद का उन्होंने कभी भी निजी हित में इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने सादगी और असंग्रह की प्रवृत्ति से अपना जीवन बिताया। चांडिल क्षेत्र में चलने वाले हर आंदोलन में उन्होंने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इतना ही नहीं, वर्ष 1991 में कोयलकारो बांध के खिलाफ, पोटका में जिंदल और मित्तल के खिलाफ संघर्ष में तथा दलमा क्षेत्र को इको सेंसिटिव जोन घोषित करने के खिलाफ आंदोलनों में अग्रिम पंक्ति में शामिल रहे।

## दिव्यांग प्रतिभा सम्मान से 15 प्रेरणादायक दिव्यांगजनों का सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित दिव्य ज्योति नेत्रहीन विद्यालय का नवम वार्षिक उत्सव रविवार को विद्यालय परिसर (छठ घाट के समीप, शास्त्री नगर, जोन नंबर 4, कदमा) में हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 15 प्रतिभाशाली दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वाले दिव्यांगजन ने रोजगार, स्वरोजगार, शिक्षा, सामाजिक सेवा एवं दिव्यांगता अधिकार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर यह सिद्ध किया है कि चुनौती कोई बाधा नहीं, बल्कि अवसर हो सकता है। इन सम्मानित व्यक्तियों में कुमारी निकिता, बलबीर कौर, कृष्णदेव भट्टाचार्य, आदित्य सिंह, पी. संजना कुमारी, रणजीत सिंह, दैनिक कुमार महतो, चंदन कुमार सिंह, नंदन कुमार सिंह, सीमा कुमारी, सोनाली पाल तथा राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ (झारखंड) सहित कुल 15 प्रेरणादायक नाम शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामदास सोरेन ने अपने संबोधन में कहा, दिव्यांगजन समाज की बहुमूल्य संपत्ति हैं। यदि उन्हें समान अवसर और उचित मंच मिले, तो वे असाधारण उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। सरकार दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं सशक्तिकरण के लिए कृतसंकल्पित है। दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए हम तत्पर हैं और विशेष शिक्षकों की नियुक्ति के लिए राज्य सरकार तेजी से कार्य कर रही है। जल्द ही दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे। इस अवसर पर समाजसेवी पूरबी घोष भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। 2016 से इस संस्था से जुड़ी हुई है और मदद करते आ रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित कर समाज को समावेशी दिशा में आगे ले जाया जा सकता है। विद्यालय की संस्थापक सचिव रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि दिव्य ज्योति नेत्रहीन विद्यालय दृष्टिबाधित बच्चों को न केवल शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि उनके समग्र विकास, आत्मनिर्भरता और समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। समारोह के दौरान छात्रों एवं दिव्यांग प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया। समारोह में गणमान्य नागरिक, अभिभावक, और दिव्यांगजन उपस्थित थे।

**एक नजर में**

### झारखंड क्षत्रिय संघ और आदित्यपुर संघर्ष्ज्ञ सेवा समिति के शिविर में 367 यूनिट रक्तदान



जमशेदपुर। झारखंड क्षत्रिय संघ के नेतृत्व में और आदित्यपुर संघर्ष सेवा समिति एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त प्रयास से आधारशिला टावर में महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में कुल 367 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरयू राय विधायक जमशेदपुर पश्चिम और जियाडा के क्षेत्रिय निदेशक प्रेम रंजन जी एवं डॉ ओ पी आनंद थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में गम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी, झारखंड क्षत्रिय संघ के केंद्रीय अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह, सिया के अध्यक्ष संतोष सिंह, संरक्षक नंद कुमार सिंह, शिव शंकर सिंह विनोद सिंह ब्लू स्टार उपस्थित थे। यह कार्यक्रम झारखंड क्षत्रिय संघ के आर आई टी यूनिट द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष अवध बिहारी सिंह केंद्रीय सचिव प्रमोद कुमार सिंह, संपर्क सचिव रामाशंकर सिंह एवं मनोज सिंह का विशेष योगदान रहा। इस कार्य को सफल बनाने के लिए दूर-दराज के गांव से लोग आए थे। झारखंड क्षत्रिय संघ के विभिन्न यूनिट से लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ। आदित्यपुर संघर्ष सेवा समिति की भूमिका सकारात्मक और बहुमूल्य थी।

### टेल्को मिलेनियम पार्क में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मेगा अभ्यास शिविर का आयोजन



जमशेदपुर। पतंजलि योग समिति पूर्वी सिंहभूम के तत्वावधान में टेल्को मिलेनियम पार्क में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मेगा अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पतंजलि योग समिति पूर्वी सिंहभूम के जिला प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा कि योग आज जन-जन की आवश्यकता बन गई है। योग हमारे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए अति आवश्यक है। शिविर का नेतृत्व पतंजलि सोशल मीडिया के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर वर्ष 21 जून को मनाया जाता है जिसकी पूर्व तैयारी पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के दिशा निर्देशन में भारतवर्ष के 600 जिलों में की जा रही है। पतंजलि योग परिवार के माध्यम से जमशेदपुर में भी इसका भव्य आयोजन किया जाएगा। शिविर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के अभ्यास के साथ-साथ ईशा फाउंडेशन के टीम द्वारा ध्यान का अभ्यास भी कराया गया। शिविर में मुख्य रूप से पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी विपिन कुमार, पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी बिहारी लाल, वरिष्ठ योग शिक्षक उमापति लाल दास, शिव प्रसाद सिंह, महिला योग शिक्षिका कमला वस्ताकोटि, नीलम, आरती सिन्हा एवं रीता कुमारी उपस्थित थे। शिविर के सफल आयोजन में सोमा,निर्मला लाल, श्यामली डे, शबनम पोद्दार दीपक कुमार सिंह, सुब्रतो दास, ईशा फाउंडेशन के राजीव कुमार, अभिषेक निराला, प्रशांत, विजय और खुशबू कुमारी की सराहनीय भूमिका रही।

### सिख समुदाय ने किया ओम बिरला और संजय सेठ का अभिनंदन





जमशेदपुर। रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का एक दिवसीय जमशेदपुर दौरा हुआ। जिस दौरान सिख युवाओं ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें शॉल एवं झारखंड की संस्कृति से जुड़ी स्मृति चिन्ह प्रदान किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने 'सत श्री अकाल' के संबोधन के साथ सिख युवाओं से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने जमशेदपुर में स्थित गुरुद्वारों की संख्या एवं जमशेदपुर में कितने सिख जनसंख्या है इसकी जानकारी ली। उन्होंने सिख युवाओं से कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए अपने विचारों को रखा। ओम बिड़ला ने सिख युवाओं को दिल्ली अपने निवास आने का न्यौता दिया और विस्तृत चर्चा किया जाएगा यह बात कही। इस मौके पर सिख युवाओं के रूप में सिख भाजपा नेता सतबीर सिंह सोमू, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रविंदर सिंह रिंकू, सिख भाजपा नेता चंचल भाटिया, कुलवंत इत्यादि मौजूद रहें।



## सीएसके ने गुजरात टाइटंस को 83 रनों से हराया, ब्रेविस के बाद गेंदबाजों का दमदार प्रदर्शन

# धोनी की चेन्नई ने जीत के साथ ली विदाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** डेवाल्ड ब्रेविस की तूफानी फिफ्टी के बाद गेंदबाजों के कमाल से चेन्नई सुपर किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 83 रन से हरा दिया। इस तरह पांच बार की सीएसके की टीम ने आइपीएल 2025 में जीत के साथ अपने अभियान अंत किया। वहीं गुजरात टाइटंस पॉइंट्स टेबल में 20 अंक तक नहीं पहुंच पाई। गुजरात की टीम ने इस सीजन में 14 मैचों में 9 में जीत हासिल 18 अंक हासिल किए हैं। वहीं सीएसके की 18वें सीजन में यह सिर्फ चौथी जीत थी। इस तरह सीएसके आइपीएल 2025 में पॉइंट्स टेबल में अंतिम स्थान पर रही। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। सीएसके ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 5 विकेट के नुकसान पर 230 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में गुजरात की टीम 18.3 ओवर में 47 रन बनाकर सिमट गई। इस तरह सीएसके ने मैच को आसानी से अपने नाम कर लिया।



### नहीं चला शुभमन गिल और सुदर्शन का जादू

आइपीएल 2025 में अपनी बल्लेबाजी से धूम मचाने वाले कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन सीएसके के खिलाफ कुछ खास कमाल नहीं कर सके। सीएसके के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात के लिए शुभमन गिल 9 गेंद में 13 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, सुदर्शन ने जरूर 28 गेंद में 41 रनों की पारी खेलकर कुछ देर के लिए उम्मीद जगाई थी, लेकिन रविंद्र जडेजा ने उन्हें आउट गुजरात को पूरी तरह मैच से दूर कर दिया। अपनी इस पारी में उन्होंने बिना कोई सिक्स लगाए 6 चौके लगाए। शुभमन के आउट होने के बाद टॉप ऑर्डर में जोस बटलर 5 रन ही बना पाए जबकि शेफरन रदरफोर्ड तो अपना खाता भी नहीं खोल पाए। इस तरह एक बार फिर टॉप ऑर्डर के बिखरने के बाद गुजरात टाइटंस की टीम एक्सपोज हो गई। इसके बाद टीम के लिए शाहरुख ने जरूर कुछ आकर्षक शॉट खेले गए, लेकिन रविंद्र जडेजा की फिरकी में वह सिर्फ 19 रन बनाकर आउट हो गए। निचले क्रम में राहुल तेवतिया और राशिद खान जैसे बल्लेबाज भी कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो सीएसके की तरफ से रविंद्र जडेजा, अंशुल कंबोज और नूर अहमद का जलवा रहा। खास तौर से जडेजा ने एक ही ओवर में लेकर गुजरात की कमर तोड़कर रख दी।

### चेन्नई की बैटिंग रही दमदार

गुजरात के खिलाफ इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स की बल्लेबाजी शानदार रही। ओपनर बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने आते ही ताबड़तोड़ शुरूआत की और उन्हें डेवोन कॉन्वे को भी अच्छा साथ मिला। कॉनवे ने 35 गेंद में 52 रन और ब्रेविस ने 23 गेंद में अर्धशतक जड़े। सीएसके लिए आयुष म्हात्रे 17 गेंद में 34 रनों की तूफानी पारी खेली। इसके अलावा उर्विल पटेल ने भी 19 गेंद में 37 रन कूट दिए। चेन्नई की टीम ने 3.4 ओवर में 44 रन बनाकर शानदार शुरूआत की जो म्हात्रे के तेज गेंदबाज अरशद खान के ओवर में बनाए गए 28 रन से ही संभव हो सका। म्हात्रे ने दूसरे ओवर में अरशद के ओवर में 2, 6, 6, 4, 4, 6 रन बनाए। चेन्नई ने इस लय को बरकरार रखा। म्हात्रे को हाल में भारत की अंडर-19 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था, पर तेज शुरूआत कराने के बाद वह प्रसिद्ध कृष्णा (22 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर मोहम्मद सिराज के हाथों कैच आउट हो गए, लेकिन उर्विल ने आक्रामक खेल जारी रखा और डेवोन कॉनवे के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े। उनकी पारी का मुख्य आकर्षण अनुभवी स्पिनर राशिद खान के खिलाफ खेला गया पिक अप शॉट था जो उनके सिर के ऊपर से छक्के के लिए चला गया। हालांकि छक्का लगाने के तुरंत बाद उर्विल बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर की गेंद पर आउट हो गए।

### सीएसके के लिए चला बेबी एबी का जादू

कॉनवे ने अर्धशतक जड़ने के बाद आक्रामकता दिखाने की कोशिश की और राशिद को लांग-ऑन पर छक्का लगाने के बाद अगली गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए, लेकिन डेवाल्ड ब्रेविस ने भारत के तेज गेंदबाज सिराज पर दो छक्के और एक चौका जड़कर अपने बेबी एबीडी टैग को पूरी तरह से सही साबित किया। उन्होंने पार्क के चारों ओर गुजरात के गेंदबाजों की धुनाई की। दक्षिण अफ्रीकी के इस खिलाड़ी ने रविंद्र जडेजा (18 गेंद में नाबाद 21 मंत्र के साथ पांचवें विकेट के लिए 74 रन की भागीदारी निभाई। यह सीएसके के युवा बल्लेबाज की इस आइपीएल में अंतिम पारी है और वह अंतिम गेंद पर आउट हो गयें।

### आइपीएल 2025 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 13 | 09 | 04 | 00 | 18 | +0.602 |
| पंजाब | 12 | 08 | 03 | 01 | 17 | +0.389 |
| बेंगलुरु | 13 | 08 | 04 | 01 | 17 | +0.255 |
| मुंबई | 13 | 08 | 05 | 00 | 16 | +1.292 |
| दिल्ली | 13 | 06 | 06 | 01 | 13 | -0.019 |
| लखनऊ | 13 | 06 | 07 | 02 | 12 | -0.337 |
| कोलकाता | 13 | 05 | 06 | 02 | 12 | +0.193 |
| हैदराबाद | 13 | 05 | 07 | 01 | 11 | -0.737 |
| राजस्थान | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 | -0.549 |
| चेन्नई | 13 | 03 | 10 | 00 | 06 | -1.030 |



**पर्पल कैप**
21 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात



**ऑरेंज कैप**
638 रन
साई सुदर्शन
गुजरात

### चेन्नई 230/5 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| म्हात्रे कै सिराज बो. प्रसिद्ध | 34 | 17 | 03 | 03 |
| कॉनवे बो. राशिद खान | 52 | 35 | 06 | 02 |
| उर्विल के. गिल बो. किशोर | 37 | 19 | 04 | 02 |
| दुबे के. कोएटजी बो. शाहरुख | 17 | 08 | 00 | 02 |
| ब्रेविस के. बटलर बो. प्रसिद्ध | 57 | 23 | 04 | 05 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 21 | 18 | 01 | 01 |

**अतिरिक्त** : 12

**विकेट पतन** : 1-44, 2-107, 3-144, 4-156, 5-230.

**गेंदबाज** : मोहम्मद सिराज : 4-0-47-0, अरशद खान : 2-0-42-0, प्रसिद्ध कृष्णा : 4-0-22-2, गेराल्ड कोएटजी : 3-0-34-0, साई किशोर : 2-0-23-1, राशिद खान : 4-0-42-1, शाहरुख खान : 1-0-13-1.

### गुजरात 147/10 (18.3 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन कै. दुबे बो. जडेजा | 41 | 28 | 06 | 00 |
| गिल कै. पटेल बो. कंबोज | 13 | 09 | 01 | 01 |
| बटलर कै. कंबोज बो. खलील | 05 | 07 | 00 | 00 |
| रदरफोर्ड कै. म्हात्रे बो. कंबोज | 00 | 04 | 00 | 00 |
| शाहरुख कै. पथिराना बो. जडेजा | 19 | 15 | 00 | 02 |
| तेवतिया कै. दुबे बो. नूर | 14 | 10 | 01 | 00 |
| राशिद कै .उर्विल बो. नूर | 12 | 08 | 01 | 01 |
| कोएटजी बो. मथीशा | 05 | 05 | 01 | 00 |
| अरशद खान बो. नूर | 20 | 14 | 00 | 03 |
| किशोर कै. धोनी बो. कंबोज | 03 | 07 | 00 | 00 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 | 04 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 12

**विकेट पतन** : 1-24, 2-29, 3-30, 4-85, 5-86, 6-105, 7-110, 8-126, 9-142, 10-147.

**गेंदबाज** : रवींद्र जडेजा : 3-0-17-2, खलील अहमद : 3-0-17-1, अंशुल कंबोज : 2.3-0-13-3, शिवम दुबे : 2-0-33-0, नूर अहमद : 4-0-21-3, मथीशा पथिराना : 3-0-29-1, दीपक हूडा : 1-0-15-0.

## बर्तवाल थाईलैंड ओपन मुक्केबाजी के क्वार्टर फाइनल में, कंबोडियाई मुक्केबाज को दी मात

**बैंकॉक।** भारतीय मुक्केबाज पवन बर्तवाल ने रविवार को कंबोडिया के साओ रंगसे पर 5-0 की शानदार जीत के साथ चौथे थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता बर्तवाल ने बेहतरीन फुटवर्क और रणनीतिक कौशल के साथ मुकाबले पर अपना दबदबा बनाया और टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत हासिल की। उत्तराखंड के स्यूपुरी गांव के इस मुक्केबाज ने शुरूआत में सावधानी बरतते हुए रक्षात्मक रुख अपनाया। उन्होंने अपने मौकों का इंतजार किया और प्रतिद्वंद्वी के चेहरे पर एक तेज मुक्का मारने के बाद मैच पर दबदबा कायम करना शुरू किया। भारत ने विश्व मुक्केबाजी समर्थित एशियाई संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए 19 सदस्यीय टीम उतारी है। इसमें चीन, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, दक्षिण कोरिया और मेजबान थाईलैंड के शीर्ष मुक्केबाज शामिल हैं।

## संन्यास पर सोचने के लिए मेरे पास अभी बहुत समय है : महेन्द्र सिंह धोनी

अहमदाबाद। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान धोनी ने आज कहा कि संन्यास पर सोचने के लिए मेरे पास अभी बहुत समय है। आज यहां इंडियन प्रीमियर लीग में अपने आखिरी मैच में गुजरात टाइटंस को 83 रनों से शिकस्त देने के बाद संवाददाता सम्मेलन में धोनी कहा कि हमारा सत्र अच्छा नहीं गया। इस सत्र में हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को 2-1 से हराया

**रोसारियो (अर्जेंटीना)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को चार देशों के टूर्नामेंट में चिली पर 2-1 से जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। रविवार को खेले गये मुकाबले में भारतीय महिला टीम के लिए सुखवीर कौर ने (39वें) और कनिका सिवाच ने (58वें) मिनट में गोल किए। वहीं चिली की ओर से एकमात्र गोल जावेरिया सेंज ने (20वें)मिनट में गोल दागा। मैच के दूसरे हॉफ में चिली की जावेरिया सेंज ने 20वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि इसके बाद तीसरे क्वार्टर में भारत की सुखवीर कौर ने 39वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में कनिका सिवाच ने 58वें मिनट में गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। भारतीय टीम सोमवार को अपने अगले मैच में उरुग्वे से मुकाबला करेगी।

## क्लासेन ने 37 गेंदों पर जड़ा शतक, आइपीएल में सबसे तेज सैकड़ा जड़ने वाले संयुक्त रूप से तीसरे बल्लेबाज बने

सनराइजर्स हैदराबाद के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हेनरिच क्लासेन ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों पर शतक जड़ दिया। यह आईपीएल इतिहास का संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज शतक है। उन्होंने यूसुफ पठान की बराबरी कर ली है जिन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 2010 में इतने ही गेंदों पर शतक लगाया था।

### सनराइजर्स का तीसरा सर्वोच्च टोटल

क्लासेन की शतकीय और ट्रेविस हेड की अर्धशतकीय पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने 279 रनों का लक्ष्य रखा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 278 रन बनाए। उनके लिए दाएं हाथ के बल्लेबाज क्लासेन ने सर्वाधिक 105 रनों की नाबाद पारी खेली। वहीं, ट्रेविस हेड 40 गेंदों में 76 रन बनाकर आउट हुए। केकेआर के लिए सुनील नरेन ने दो और वैभव अरोड़ा ने एक विकेट झटका।

### क्लासेन के आइपीएल करियर का दूसरा शतक

क्लासेन ने इस सीजन का दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा है। उनसे पहले राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों पर शतक लगाया था। क्लासेन का यह आईपीएल में दूसरा शतक भी है।

# दिल्ली में क्लासेन और हेड का तूफान, उड़ गई केकेआर की टीम, जाते-जाते जीत गयी हैदराबाद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2025 के 68वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 110 रन से बुरी तरह हरा दिया। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने बोर्ड पर 278 रन का बड़ा स्कोर बोर्ड पर लगाया। जवाब में केकेआर की टीम 168 रन ही बना पाई। इसी के साथ जहां एक तरह सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने अपने सीजन का अंत जीत के साथ किया, वहीं केकेआर की टीम को हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि इस मैच से आइपीएल के प्लेऑफ और टॉप 4 पर कोई खास असर नहीं पड़ा है।

### नहीं चल पायें केकेआर के बल्लेबाज

कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम की बल्लेबाजी इस मुकाबले में एकदम नहीं चल पाई। टीम का स्कोर 10 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 168 रन हो पाया। केकेआर के लिए सुनील नरेन ने 16 गेंद पर 31 रन की पारी खेली। वहीं मनीष पांडे ने 37 और 34 रन हर्षित राणा ने बनाए। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए इशान मलिंगा, हर्ष दुबे और जयदेव उनादकट ने 3-3 विकेट हासिल किए।

हेनरिक क्लासेन का तूफानी शतक

हेनरिक क्लासेन के तूफानी शतक और उनकी दो अर्धशतकीय साझेदारियों से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तीन विकेट पर 278 रन बनाए जो आइपीएल इतिहास का तीसरा सर्वश्रेष्ठ और मौजूदा सत्र का दूसरा सर्वश्रेष्ठ टीम स्कोर है। आईपीएल के इतिहास के चार सर्वश्रेष्ठ टीम स्कोर अब सनराइजर्स के नाम हैं। टीम ने 15 अप्रैल 2024 को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाए थे जो आइपीएल इतिहास का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। पैट कमिंस की टीम ने मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 23 मार्च को छह विकेट पर 286 रन का स्कोर खड़ा किया था। क्लासेन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 39 गेंद में 9 छक्कों और 7 चौकों से नाबाद 105 रन बनाने के अलावा हेड (76 रन, 40 गेंद, छह छक्के, छह चौके) और इशान किशन (29) के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे विकेट के लिए समान 83 रन की साझेदारी भी की। हेड ने इससे पहले अभिषेक शर्मा (32) के साथ पहले विकेट के लिए भी 92 रन जोड़े। नाइट राइडर्स की ओर सुनील नारायण सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 42 रन देकर दो विकेट चटकाए। नाइट राइडर्स के गेंदबाजों ने अनुशासनहीनता दिखाते हुए 14 वाइड और एक नोबॉल फेंकी। वरुण चक्रवर्ती ने तीन ओवर में 54 जबकि एनरिच नोर्किया ने चार ओवर में 60 रन लुटाए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिली।



### हेड ने भी खेली कमाल की पारी

पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया जिसके बाद अभिषेक और हेड ने पावरप्ले में 79 रन जोड़कर सनराइजर्स को तूफानी शुरूआत दिलाई। हेड ने दूसरे ओवर में एनरिच नोर्किया पर छक्का जबकि अभिषेक ने दो चौके जड़े। हेड ने अगले ओवर में वैभव अरोड़ा पर दो छक्कों और एक चौके से 19 रन जुटाए। हेड ने हर्षित राणा का स्वागत तीन चौकों के साथ किया और चौथे ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। अभिषेक ने नाइट राइडर्स के स्टार स्पिनर सुनील नारायण पर लगातार दो छक्के मारे लेकिन अगली गेंद पर डीप मिडविकेट पर रिंकू सिंह को कैच दे बैठे। उन्होंने 16 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के मारे। हेड ने आठवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती पर छक्के के साथ 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। क्लासेन ने चक्रवर्ती पर छक्के और नारायण पर चौके से शुरूआत की और बीच के ओवरों में रन गति कम नहीं होने दी। उन्होंने 10वें ओवर में चक्रवर्ती पर तीन चौके मारे और टीम का स्कोर एक विकेट पर 139 रन तक पहुंचाया। क्लासेन ने आक्रामक रुख बरकरार रखते हुए आंद्रे रसेल पर छक्का जड़ने के बाद राणा की लगातार गेंदों पर दो छक्कों और एक चौके के साथ सिर्फ 17 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

# मलयेशिया मास्टर्स के फाइनल में हारे भारत के श्रीकांत

एजेंसी

**कुआलालंपुर।** भारत के किदांबी श्रीकांत रविवार को मलयेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हार मिली और वह उपविजेता रहे। उन्हें पुरुष एकल फाइनल में चीन के विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। चोट की वजह से हाल फिलहाल में कई अवसर गंवाने के बाद श्रीकांत ने मलयेशिया मास्टर्स में जबरदस्त वापसी की। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने छह साल में पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने क्वालिफायर से शुरूआत की और खिताबी मुकाबले तक शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी का प्रदर्शन अनियमित रहा और वह दूसरे वरीय ली के मजबूत डिफेंस को भेदने में संघर्ष करते रहे। वह मौके भुनाने में भी असफल रहे और आखिरकार 36 मिनट में 11-21, 9-21 से हार गए। हार के बावजूद श्रीकांत का प्रदर्शन प्रेरणादायक रहा। उन्होंने इस महीने की शुरूआत में दुनिया में 82वें नंबर पर खिसकने के बाद, दुनिया को अपनी क्षमता की याद दिलाने के लिए धैर्य और क्लास दिखाया। श्रीकांत पिछली बार 2019 इंडिया ओपन में बीडब्लयूएफ वर्ल्ड टूर के फाइनल में पहुंचे थे, जहां वे उपविजेता भी रहे थे। वे 2021 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता भी रहे। श्रीकांत 2017 में चार बीडब्लयूएफ खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने थे और फिर उन्होंने भारत को टीम स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया, लेकिन उसके तुरंत बाद उनका संघर्ष शुरू हो गया।। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत पिछले कुछ सत्र में खराब फॉर्म और फिटनेस के दौर से गुजर रहे हैं जिससे अब वह विश्व रैंकिंग में 65वें स्थान पर मौजूद हैं। श्रीकांत ने मैच के बाद कहा, यह सप्ताह काफी अच्छा रहा। यह मेरा सत्र का तीसरा टूर्नामेंट है, पहले दो टूर्नामेंट में भी मैंने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन ज्यादा सफलता नहीं मिली। अब तक जिस तरह से खेल रहा हूं, उससे मैं काफी खुश हूं। मैं जिस तरह से खेलना चाहता था, वैसा नहीं हुआ, लेकिन वह (शी फेंग) काफी अच्छा खेला। मेरे करियर में एक ऐसा समय था जब मैं वहां खड़े रहने का आदी था और फिर काफी समय बीत गया। इसलिए पोडियम पर वापस आना वाकई खास लगता है। श्रीकांत ने शुरूआत में गलतियां की जिससे वह अंक गंवा बैठे और शी फेंग 6-3 से आगे निकल गए। भारतीय खिलाड़ी के बैकहैंड पर सीधे स्मैश से प्रतिद्वंद्वी 8-5 तक पहुंच गया। श्रीकांत के नेट पर स्मैश ने चीनी खिलाड़ी को ब्रेक तक पांच अंक की बढ़त दिला दी। सहज गलतियों से श्रीकांत को नुकसान पहुंचा। उनके दो लूज शॉट लंबे चले गए और ली फेंग ने सटीक क्रॉसकोर्ट विनर से जवाब दिया जिससे स्कोर 14-8 हो गया।

श्रीकांत ने 10-16 से पीछे थे और ली फेंग ने लगातार डाउन-द-लाइन स्मैश से 16 मिनट में शुरूआती गेम खत्म कर दिया। दूसरे गेम में श्रीकांत ने हालांकि बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन कड़ी रैलियों के बावजूद उनके स्ट्रोक्स अक्सर वाइड या लॉन्ग जाते रहे जिससे ली फेंग ने ब्रेक तक 11-5 की बढ़त हासिल की। इससे भारतीय खिलाड़ी के लिए वापसी करना मुश्किल हो गया और चीन के खिलाड़ी ने खिताब जीत लिया। श्रीकांत का 2019 इंडिया ओपन के बाद से यह पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल था और 2021 के बाद से उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा।



### मलयेशिया मास्टर में श्रीकांत का सफर

इससे पहले श्रीकांत ने सटीक नेट प्ले और आक्रामक खेल की बदौलत सेमीफाइनल में दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी टनाका को 21-18, 24-22 से शिकस्त दी थी। वहीं, क्वार्टर फाइनल में उन्होंने अपने से ऊंची रैंकिंग के फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव पर तीन गेम में जीत दर्ज कर अंतिम चार का टिकट कटाया था। 65वीं रैंकिंग पर काबिज श्रीकांत ने क्वार्टर फाइनल में दुनिया के 18वें नंबर के पोपोव को कड़ी टक्कर देते हुए एक घंटे 14 मिनट में 24-22, 17-21, 22-20 से शिकस्त दी। उससे पहले श्रीकांत ने दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी गुयेन के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल में 59 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-17 से जीत हासिल की थी। वहीं, मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लिए श्रीकांत ने चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को 9-21, 21-12, 21-6 से हराया था।

## स्टिना के गोल से आर्सेनल ने बार्सिलोना को 1-0 से हराकर महिला चैंपियंस लीग जीती



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** स्टिना ब्लैकस्टेनियस के गोल की बदौलत आर्सेनल की महिलाओं ने लिस्बन में बार्सिलोना को 1-0 से हराकर 2024/25 यूइएफए महिला चैंपियंस लीग जीत ली है। 2007 की सफलता के कारण यूरोपीय चैंपियन बनने वाली एकमात्र अंग्रेजी टीम होने के बाद आर्सेनल की महिलाओं ने अब अपने शानदार इतिहास में एक और महाद्वीपीय खिताब जोड़ लिया है, जिसमें उन्होंने रिकॉर्ड 15 लीग खिताब, 14 एफए कप और सात लीग कप जीते हैं। पुर्तगाल में जीत टीम के लिए एक उल्लेखनीय अभियान का समापन है, जिसने सितंबर में पहले क्वालीफाइंग दौर में टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। ग्रुप चरणों में पहुंचने के लिए है। केन और रेंजर्स को हराने के बाद, आर्सेनल ने नॉकआउट चरणों में पहुंचने के लिए बायर्न म्यूनिख, जुवेंटस और वेलारेन्गा से आगे रहकर काम किया, भले ही अक्टूबर में जोनास ईडेवाल की जगह रेनी स्लेगर्स ने मैनेजर के रूप में काम किया हो।

# बिजली की भारी बिल और मिस्त्री की मनमानी से चरमराई बिजली व्यवस्था, उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** पथरगामा प्रखंड क्षेत्र में रविवार को सुबह से ही बिजली आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित रही, जिससे आमजन उमस भरी गर्मी में बेहद परेशान दिखे। लोगों का आरोप है कि स्थानीय बिजली मिस्त्री की मनमानी के कारण बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली मिस्त्री द्वारा कई बार 'सरडाउन' लेकर बिजली काट दी जाती है।

जबकि बिजली विभाग की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि यदि किसी कार्य के लिए दस मिनट से अधिक समय तक 'सर डाउन' लेना आवश्यक हो, तो संबंधित क्षेत्र की लाइन को काटकर मुख्य लाइन को चालू रखा जाए, ताकि अन्य इलाकों की बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो। लेकिन इन निर्देशों की अनदेखी कर मिस्त्री द्वारा मनमानी ढंग से पूरे क्षेत्र की बिजली काट दी जा रही है। इस कारण लोग न केवल भीषण गर्मी से परेशान हैं, बल्कि छोटे व्यापार, घरेलू कामकाज और छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। पथरगामा वासियों ने इस लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैये पर कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि एक-एक घंटे तक बिजली बाधित रहना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है और इससे जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं स्थानीय प्रशासन और बिजली विभाग से यह अपेक्षा की जा रही है कि वे इस समस्या का स्थायी समाधान करें, ताकि पथरगामा में निर्बाध और व्यवस्थित रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

## पुलिस ने महिला महाविद्यालय में चलाया जागरुकता अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** महिला कॉलेज परिसर में लड़कियों व महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गोड्डा पुलिस के द्वारा एक जागरुकता अभियान एआरईएन चलाया गया। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक रविदास के साथ नगर थाने की टीम ने महिला कॉलेज सभागार में शिक्षक व छात्राओं के बीच सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी साथ ही साइबर गतिविधियों को लेकर भी जागरुक किया। उन्होंने कहा कि इसको लेकर विशेष रूप से सचेत होने की जरूरत है। बेवजह किसी लिंक को टच नाहीं करने की सलाह दी गयी। साथ ही महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार के शोषण को लेकर पुलिस ने कानूनी पहलुओं की जानकारी दी। कहा कि यदि किसी शिक्षण संस्थान में महिला व बालिकाओं के साथ गलत तरीके से टच किया जा रहा है, तो भी इसकी शिकायत करें, पुलिस निश्चित तौर पर कार्यवाही करेगी। इसके अलावा महिला कॉलेज परिसर में शिकायत पेटी भी लगायी गयी है। वहीं बताया गया कि पुलिस शिकायतों का निबटारा करेगी।

## आपसी सुलह-समझौता से सात पारिवारिक वादों का किया निपटारा

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक कर समस्या सुनते कोषांग सदस्य

**दुमका।** महिला कोषांग की बैठक रविवार को महिला थाना परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग ने की। बैठक में काउंसेलिंग कर सात परिवारिक वादों का आपसी सुलह-समझौता से निपटारा हुआ। बैठक में जिला के जरमुंडी थाना क्षेत्र के जमाबहियार निवासी सुभाष दास एवं थाना क्षेत्र के ही मदनपुर निवासी द्वितीय पक्ष रूबी देवी के बीच सुलह हुआ। जिला के जरमुंडी थाना क्षेत्र के धमनी गांव निवासी बब्लू कुमार एवं टोंगरा थाना क्षेत्र के खरना गांव निवासी छनिका रविदास के बीच समझौता हुआ। जिला के काठीकुंड थाना क्षेत्र के असनापहाड़ी गांव निवासी रीना देवी एवं शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के झिलीमीली गांव निवासी नरेश मिर्धा के बीच सुलह हुआ। जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र के फुलजोरा गांव निवासी रंजु देवी एवं पति सोधन कोटवार के बीच समझौता हुआ। जिला के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के गोपीकांदर निवासी बबीता चांद एवं काठीकुंड थाना क्षेत्र के काठीकुंड निवासी जीवन नाग के बीच सुलह-समझौता हुआ। जिला के नगर थाना क्षेत्र के राखाबानी निवासी ज्ञानमाला देवी एवं पति राजेंद्र सिंह के बीच सुलह हुआ। जिला के नगर थाना क्षेत्र के बंदरजोड़ी गांव निवासी स्वाति देवी एवं पति लक्ष्मण साह के बीच आपसी सुलह-समझौता कोषांग सदस्यों ने कराया। कोषांग सदस्यों ने दंपति जोड़े को खुशहाल जीवन व्यतीत करने की शुभकामनाएं देते हुए विदा किया। इस अवसर पर कोषांग सदस्यों में अधिवक्ता किरण तिवारी एवं पत्रकार शैलेंद्र सिन्हा आदि मौजूद रहे।

## समायोजन को लेकर अनुबंध कर्मी होंगे एकजुट

### राज्य स्तरीय आंदोलन को करेंगें तेज



बैठक करते अनुबंध कर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** संथाल परगना अंगीभूत कॉलेज के अनुबंध शिक्षिकेतर कर्मचारी मोर्चा के बैनर तले दुमका स्थित लॉबीन आवास में रविवार को बैठक आयोजित हुई। जिसमें संथाल परगना के अंतर्गत सभी अंगीभूत कॉलेज से कर्मचारी उपस्थित होकर अपनी समस्याओं पर चर्चा किया। बैठक में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय से नवनिर्वाचित सिनेट सदस्य विमल मरांडी उपस्थित हुए। सिनेट सदस्य श्री मरांडी ने अनुबंध कर्मियों को भरोसा दिलाया की विश्वविद्यालय में आपकी समस्याओं को उठाएंगे और कर्मचारियों का समायोजन की बात विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष रखेंगे। चुकी कार्यरत कर्मी अनुभवी हैं और कई वर्षों से कार्यरत है। कार्य अनुभव को देखते हुए समायोजन की मांग की जाएगी। बैठक में रांची में चल रहे धरना प्रदर्शन को और तीव्र करने की बात रखी गई। सभी कर्मी एकत्रित होकर समायोजन की मांग को लेकर के बैठक की समाप्ति की। बैठक में मुख्य रूप से सौरभ मिश्रा, इमानुएल हेम्ब्रम, विशंभर कुमार, अनिल मंडल, समीर मिश्रा, जीवेश सिंह, अनुज दुबे, निशिकांत यादव, दिलीप मरांडी, सिकंदर यादव, रामकिशोर यादव, राजीव पाठक, नजरे आलम, भारत कुमार मंडल, छोटू मंडल, अशोक हांसदा, संजीव कुमार, सतीश कुमार, अर्जुन रजवार, अंशु श्रीवास्तव, अशफाक अहमद, कुणाल सिंह, मथुरा महतो समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## बीएसएल में उत्कृष्ट सेवा देने वाले कर्मियों को किया गया सम्मानित




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन विभाग की ओर से बोकारो क्लब में सेल शाबाश योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में कैटेगरी- 2 में चयनित कर्मचारियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ में ईडी- वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी- मानव संसाधन राजश्री बनर्जी ईडी- सामग्री प्रबंधन सीआर मिश्रा तथा प्रभारी- बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ बीबी करुणामय सहित सीजीएम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक प्रगति कुमारी एवं सिबिल सिंह ने किया। दीप प्रज्वलन पश्चात सीजीएम-मानव संसाधन एके शरण ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सेल शाबाश योजना की रूपरेखा व उद्देश्य एवं इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने कहा कि सेल शाबाश योजना का उद्देश्य उन कर्मचारियों को पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करना है जो अपने कार्य में उत्कृष्टता एवं निष्ठा और समर्पण का प्रदर्शन करते हैं। यह सम्मान उनके प्रयासों- संस्था के लक्ष्यों में उनके योगदान और अनुकरणीय कार्य संस्कृति को रेखांकित करता है। उन्होंने सभी पुरस्कृत कर्मचारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कुल 38 कर्मचारियों को व्यक्तिगत एवं एक समूह पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह न केवल कर्मचारियों के लिए गर्व का विषय रहा बल्कि उनके परिजनों के लिए भी एक हर्ष का क्षण बना जिन्होंने अपने प्रियजनों की उपलब्धियों को प्रत्यक्ष रूप से साझा किया।

## युवा लायंस फोर्स ने फूंका बिगुल

**बोकारो।** युवा लायंस फोर्स की बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर-1 में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जाफर अंसारी ने एवं संचालन बिनोद शर्मा ने किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा ने कहा कि बोकारो और चास के ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं की आर्थिक स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। बेरोजगारी के कारण उन्हें या तो पलायन करना पड़ रहा है या फिर योग्यता के बावजूद अस्थायी और कम वेतन वाली नौकरियों में संतोष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा कारण आपसी मतभेद और आंदोलन से पीछे हटने की प्रवृत्ति है। श्री शर्मा ने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि यह ज़िला आपका है- यहां के कल-कारखाने आपके पूर्वजों की जमीन पर बने हैं। हमें हमारी कमजोरी को ताकत में बदलना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में झामुमो और कांग्रेस गठबंधन की सरकार है और माननीय मुख्यमंत्री स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं कि राज्य के प्रत्येक उद्योग में 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए एवं समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाना चाहिए।

## चास में सघन जांच अभियान के तहत 10 दुकानदारों का काटा चालान

**बोकारो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निदेर्शानुसार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चास के नेतृत्व में चास थाना क्षेत्र में सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम- 2003 (कोटपा 2003) एवं पेका एक्ट- 2019 की धारा 4 व 6 ए व 6 बी के तहत नियमित जांच अभियान चलाया गया जिसमें 10 दुकानदारों द्वारा कोटपा कानून उल्लंघन करते हुए पाया गया जिनका चालान काटकर कार्रवाई की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चास डॉ अनिल कुमार ने बताया कि छापामारी के दौरान विशेष रूप से देखा गया कि कोई दुकानदार स्कूल के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री न करें और अगर कोई कर रहा है तो उनका कोटपा 2003 की धारा 6 बी के तहत चालान किया जाएगा। छापामारी के दौरान सभी दुकानों से विज्ञापन वाले पोस्टर हटाया गया। साथ ही सभी दुकानों में कोटपा-2003 की धारा 6ए का अनुपालन कराया गया।

## वट सावित्री आज, खरीददारी जोरों पर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिला मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में सोमवार पति के दीर्घजीवन की मंगल कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं की लोक आस्था का महान पर्व बट सावित्री मनाया जाएगा।

इसको लेकर पिछले तीन दिनों से हाट-बाजारों में डलिया-बिनिया सहित मौसमी फल व पूजन सामग्री की खरीददारी को लेकर भारी भीड़ लगी हुई है। पर्व को लेकर सभी सामानों की कीमतों में बढ़ोत्तरी होने के बावजूद उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। बाजारों में चहुंओर खरीददारों की भीड़ लगी रही। पर्व में कच्ची बांस की डलिया व बिनिया 80 रुपए से लेकर 100 रुपए जोड़ा में धड़ल्ले से बिक रही है। सेब 200 रुपए, आम 70 रुपए, लीची 150/200रुपए किग्रा, केला 80 रुपए दर्जन खीरा 80 रुपया केजी, खबौना व पिरकिया 180 रुपए प्रति किग्रा बिक रही है। नये फैशन के इस दौर में पकवान घर में बनाने की बजाय दुकान से खरीदने पर ही जोर दिया जा रहा है। वहीं विवाहिता अपनी पसंद की नई साड़ी, श्रृंगार सामग्री व पूजन सामग्रियों की खरीददारी करने में जुड़ी रही।



जानकार बताते हैं कि इस पर्व में महिलाएं पति की लंबी उम्र को लेकर बट वृक्ष का पूजन करती हैं। इसमें कच्चे धागे बांधकर रक्षा का बचन लेती हैं, कच्ची बांस की बिनिया से हवा देकर पति के जीवन में शीतलता प्रदान करने की मंगल कामना करती हैं। यह पर्व प्रकृति से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि बट वृक्ष का जीवन सबसे लंबा होता है। वृक्ष अपने धूप में रहकर प्रकृति व जीवन जंतुओं की रक्षा करते हुए शीतलता प्रदान करती है। एक दिन पूर्व व्रति महिलाएं उपवास करती हैं जबकि व्रत के बाद अरबा खाने का प्रचलन है। पंडित का कहना है कि बट साबित्री व्रत चतुर्दशी उपरांत अमास्या में मनाने का विधान है।

ऐसे में सोमवार 11 बजकर दो मिनट पर अमावस्या प्रवेश कर रही है। व्रति 11 बजकर दो मिनट के बाद से लेकर मंगलवार को आठ बजे दिन तक पूजन कर सकती हैं। नवविवाहित महिलाएं मंगलवार को अहले सुबह सूर्य उदय से पूर्व बट वृक्ष को जल देंगी व पूजन कर सकेंगी।

## बीएसएल के डीआई ने नगर सेवा एवं बीजीएच का किया औचक निरीक्षण

**बोकारो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने नगर प्रशासन विभाग एवं बोकारो जनरल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अधिशासी निदेशक-एचआर राजश्री बनर्जी एवं मुख्य महाप्रबंधक-तकनीकी एल दास भी उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी ने नगर प्रशासन के विभिन्न अनुभागों के औचक निरीक्षण के क्रम में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से उनके विभागीय कामकाज के विषय में जानकारी ली। अपने काम के सिलसिले में नगर प्रशासन विभाग आये लोगों से भी निदेशक प्रभारी ने बात कर फीडबैक लिया तथा मुख्य महाप्रबंधक-नगर प्रशासन कुंदन कुमार सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बीजीएच के प्रमुख डॉ बीबी करुणामय भी उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### पिकअप के चपेट में आने से एक महिला सहित तीन घायल

**गोपीकांदर।** गोपीकांदर थाना क्षेत्र गोविंदपुर-साहिबगंज स्टेट हाईवे के गड़ियापानी के समीप एक स्कूटी पर सवार एक महिला सहित तीन लोग अज्ञात पिकअप वैन के चपेट में आने से घायल हो गए हैं। तीन घायलों की पहचान गोपीकांदर थाना क्षेत्र के सोनाय हेम्ब्रम, द्वारिया गांव के फिलोमन बास्की और एक महिला बलिया गांव की बताया जा रहा है। तीनों एक ही स्कूटी पर सवार होकर बलिया से गोपीकांदर हटिया आ रहे थे। इसी दौरान गड़ियापानी के पास प के पास पाकुड़ से दुमका की ओर जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दिया। हालांकि पिकअप वैन घटना स्थल से भागने में सफल हो गया। तीनों को गंभीर रूप से चोट आई।स्थानीय पुलिस को सूचना मिलते ही एसआई राजन सिंह व सहयोगी के द्वारा घायल तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीकांदर में भर्ती कराया गया।

### भूमिहीन छात्रों के जाति प्रमाणपत्र बनाने को विशेष शिविर का आयोजन

**बोकारो।** जनता दरबार एवं विभिन्न स्रोतों से भूमिहीन छात्रों द्वारा जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में आ रही समस्याओं को देखते हुए उपायुक्त विजया जाधव ने सभी अंचलाधिकारियों को आगामी 26 से 31 मई 2025 तक अंचल कार्यालयों में विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया है। इस दौरान सभी भूमिहीन निवासी तथा अहर्ता प्राप्त निवासी को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए आवेदन प्राप्त करने को कहा है। उन्होंने अभियान को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा है तथा कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राज्यभाषा विभाग झारखण्ड रांची से निर्गत निर्देश के आलोक में विशेष शिविर में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन करना सुनिश्चित करने को कहा है। वहीं विशेष शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को रजिस्टर में सूचीबद्ध करते हुए दैनिक प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

### पूर्व विधायक ने मोचरो में किया 63 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत पोंडा पंचायत के मोचरो गांव में पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद की धर्म पत्नी सह पूर्व विधायक बबिता देवी ने 63 केवीए के ट्रांसफार्मर का फीता काटकर और स्विच ऑन कर उद्घाटन किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। कई समस्याओं का अधिकारियों से बात कर ऑन द स्पॉट निराकरण कराया। पूर्व विधायक बबिता देवी ने कहा कि मैं हर सुख दुख में आपके साथ खड़ी हूँ। समस्याओं का समाधान करने का यथासंभव प्रयास करूंगी।

### मैनेजमेंट स्टडी एण्ड रीसर्च ने एयरपोर्ट निर्माण में देरी पर पीएम को भेजा पत्र

**बोकारो।** मैनेजमेंट स्टडी एण्ड रीसर्च सेंटर के अध्यक्ष शशि भूषण विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बोकारो इस्पात नगर में स्थापित हो रहे एयरपोर्ट को चालू होने में हो रही देरी के कारणों पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए पत्र लिखा है। बताया है कि केन्द्र द्वारा आवश्यक सुरक्षा तथा पर्यावरण संबंधित अनुमति नहीं मिलने से एयरपोर्ट लगभग बनकर तैयार होने के बाद भी चालू नहीं किया जा सका है। उकरीद पहाड़ी पर सुरक्षा लाइट लगाने- आसपास में बाहर पार्किंग व आस-पास साफ-सफाई तथा एयरपोर्ट के लिए प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु वर्तमान में स्थित निदेशक प्रभारी के आवास तथा अस्थाई एलोरा होटल को वहां से स्थानान्तरित करने तथा अनावश्यक अतिक्रमण को अविलंब हटाने का निर्देश राज्य तथा सेल- बीएसएल को देने की कृपा की जाए जिससे कि एयरपोर्ट के स्थापना काल से निर्मित सेक्टर 12 की तरफ से सर्विस रोड को भी चालू किया जा सके। उन्होंने लिखा है कि एयरपोर्ट को चालू करने संबंधित व पर्यावरण संबंधित अनुमति देने से इनकार करते हुए राज्य सरकार ने बोकारो इस्पात संयंत्र को केन्द्र सरकार के पास आवेदन करने को कहा है- जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

## एक नजर में

### डीवीसी चेयरमैन ने किया बोकारो थर्मल प्लांट का निरीक्षण

**बेरमो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीस) के चेयरमैन एस सुरेश कुमार 24 मई को बोकारो थर्मल पहुंचे। यहां उन्होंने बोकारो थर्मल प्लांट एवं डीवीसी एस पौंड का निरीक्षण किया। साथ ही प्लांट के अन्दर डीवीसी अधिकारियों के साथ बैठक कर प्लांट बिस्तर को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर चेयरमैन को डीवीसी निदेशक भवन में विस्थापित प्रतिनिधियों यथा करीम अंसारी, जितेंद्र यादव, नरेश प्रजापति, बालेश्वर यादव, हारेराम यादव आदि ने मांग पत्र सौंपा। साथ हीं डीवीसी कामगार संघ के अध्यक्ष कौशलेंदु तिवारी, सचिव रूपायन मण्डल, गंगा यादव, सुकेश प्रजापति, विकास तिवारी आदि ने मजदूर समस्याओं से संबंधित 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जबकि डीवीसी ठेका मजदुर संघ के महामंत्री सह भाजपा नेता भरत यादव, भैरव महतो आदि नेताओं ने सप्लाई मजदूरों के समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा, साथ ही चेयरमैन का स्वागत गुलदस्ता देकर एवं शॉल ओढ़ा कर किया गया। मौके पर उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए चेयरमैन एस सुरेश कुमार ने कहा कि बोकारो थर्मल में जल्द 800 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाली विद्युत प्लांट बनाई जाएगी, जिसके लिए डीवीसी की अतिक्रमित जमीनों को खाली करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि गोमिया के लुगु पहाड़ में डीवीसी अब प्लांट नहीं बनाएगी। क्योंकि झारखंड सरकार के कैबिनेट ने इसके लिए मंजूरी नहीं दी है। कहा कि यहां डीवीसी 1500 मेगावाट का प्लांट बनाने जा रही थी। चेयरमैन ने कहा कि डीवीसी अपनी जमीन की म्यूटेशन जल्द करवा लेगी, इसके बाद जमीन से संबंधित होने वाली विस्थापितों की समस्याओं का भी समाधान हो जाएगा। साथ ही डीवीसी की बेरमो कोल माइंस को भी उन्होंने फिर से खोलने की बात कही।

### विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की जेब पर डाका

**गोड्डा।** विद्युत विभाग गोड्डा द्वारा खुलेआम नागरिकों को बेवकूफ बनाकर उनकी जेबों पर डाका डाला जा रहा है । जबसे पुरानी मीटर हटाकर नए मीटर लगाए गए हैं तब से लूट बदस्तूर जारी है ।मीटर रीडर मीटर के बटन को कितनी बार दबाता है जबतक कि आपका हर माह 200 यूनिट से ऊपर नहीं हो जाता है। उपभोक्ताओं को पता ही नहीं चल पाता है कि उसने इस माह कितनी यूनिट बिजली खपत की है और मीटर रीडर जब बोलता है आपकी खपत तो दो सौ यूनिट से ज्यादा है और आपको पूरे यूनिट की 6 रुपए से अधिक दर पर शुल्क लग रहा है इस माह और आपका बिल 2100 के आसपास पहुंच जाता है । ये विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी सभी इस खेल में शामिल हैं ।कभी किसी माह में बिजली खपत 100 यूनिट भी नहीं होती और तीसरे माह में 200 यूनिट से ज्यादा की खपत । इस तिलस्म में सभी शामिल हैं सरकार और विभाग । जबकि सरकार ने 200 यूनिट बिजली फ्री किया है । लेकिन 3 माह पर अगर 250 यूनिट मीटर रीडर के द्वारा बताया जाता है तो घोर आश्चर्य की बात लगती है । जो विद्युत उपभोग किया जाता है उसमें 10 –20 यूनिट आगे पीछे हो सकता है लेकिन 150 और 200 यूनिट नहीं हो सकता जबकि खपत बराबर है कोई नई मशीन या उपकरण का उपयोग नहीं किये जाने के बावजूद भी ।इससे पहले भी कई उपभोक्ताओं ने इस तरह की मनमानी मीटर रीडिंग की शिकायत की है । नहीं चाहिए फ्री बिजली जो सरकार की ओर से दी जा रही है जबकि कुल यूनिट का 6 रुपए की दर से चार्ज कर दिया जाता है । इस विभाग के गोरखधंधा के विरुद्ध आम जनता को एक जुट होकर बिजली विभाग को घेरना पड़ेगा और जोरदार आंदोलन करने की जरूरत है । झारखंड सरकार और विद्युत विभाग दोनों मिलकर जनता की जेबों पर हाथ साफ कर रहे हैं मनमाना मीटर रीडिंग देकर ।विभाग के पास शिकायत करने का भी कोई मतलब नहीं उल्टे आप ही को मुजरिम साबित करते हैं आपने ज्यादा विद्युत उपभोग किया है।

### बाइक और टेम्पो की टक्कर में पिता की मौत, पुत्र की स्थिति चिंताजनक

**बोकारो।** जिले के पिंडराजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत घटियाली और मोहनपुर गांव के बीच एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता की मौत हो गई जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान महावीर मांझी के रूप में हुई है जबकि उनके पुत्र रामधन मांझी की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है। टेम्पो के साथ टक्कर में महावीर मांझी की मौत हो गई। महावीर मांझी अपने बेटे रामधन मांझी के साथ बाइक से अपनी बहन के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही दोनों घटियाली और मोहनपुर के बीच मुख्य सड़क पर पहुंचे- एक अनियंत्रित टेम्पो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों पिता-पुत्र सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार हादसे के तुरंत बाद टेम्पो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। लोगों की सूचना पर पिंडराजोरा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और महावीर मांझी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गंभीर रूप से घायल रामधन मांझी को प्राथमिक उपचार के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस ने टेम्पो की पहचान कर ली है लेकिन फिलहाल इसकी पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है।

### स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में डीसी ने अधिकारियों को दिए कई दिशा-निर्देश

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की। मौके पर डीईओ जगरनाथ लोहरा डीईएस अतुल कुमार चौबे डीपीआरओ रवि कुमार अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अरविंद कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में उपायुक्त ने जिले के विभिन्न विद्यालयों में विशेष अवसरों पर जैसे- महापुरुषों या छात्रों के जन्मदिन एवं क्षेत्रीय पर्व त्योहार दशहरा दिवाली काली पूजा होली रामनवमी क्रिसमस ईद मकर संक्रांति गुरु पर्व आदि में विशेष भोजन का आयोजन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बच्चों के बीच पोषण के महत्व एवं स्वास्थ्य तथा तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के लिए पोषण पखवाड़ा आयोजित करने का निर्देश दिया। इस क्रम में जागरूकता कार्यक्रम पोषण साहित्य अभियान प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम माता-पिता/अभिभावक की सहभागिता बढ़ाने पारंपरिक एवं स्थानीय भोजन को बढ़ावा देने स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता करने को कहा।

### साहित्यकार सुधापति की तीन मैथिली पुस्तकों के प्रकाशन पर लोग हुए हर्षित

**बोकारो।** वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक सुधापति की तीन मैथिली पुस्तकों- कौटिल्यक अर्थशास्त्र व आचार्य चाणक्यक अवदान (कथा नीति सूत्र) व प्रहरी पुरुष (संक्षिप्त स्वरूप मैथिली पद्य में) के प्रकाशन पर बोकारो के साहित्यकारों ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी है। बोकारो की चर्चित मैथिली साहित्यिक संस्था साहित्यलोक से जुड़े वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा तुला नन्द मिश्र उदय कुमार झा संजय कुमार झा अरुण पाठक अमन कुमार झा शैलजा झा नीलम झा स्मिता चौधरी अमृता शर्मा आदि ने श्री सुधापति को बधाई दी है। सुधापति की यह तीनों पुस्तकें आदित्य प्रकाशन पटना से प्रकाशित होकर बोकारो आने के बाद बीती शाम उनके आवास पर पारिवारिक फोटो सेशन हुआ जिसमें लेखक विजय शंकर मल्लिक सुधापति के साथ उनकी पत्नी सुधा मल्लिक व पारिवारिक सदस्य पूनम मल्लिक शामिल हुईं। उल्लेखनीय है कि साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक सुधापति साहित्य के प्रति समर्पित व्यक्तित्व हैं। ये मैथिली व हिंदी सहित भोजपुरी व अंग्रेजी में भी साहित्य रचना करते हैं। बोकारो स्टील प्लांट की सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद पूर्णरूप से साहित्य की सेवा में लगे हुए हैं।

स्पीड न्यूज

# ओवैसी ने बहरीन में खोली पाक की पोल

## कहा-निर्दोष को मारना पूरी मानवता को मारने के समान

**हमें अंतरराष्ट्रीय समर्थन की जरूरत : गुलाम नबी आजाद**

**एजेंसी**



**बहरीन।** भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व भारतीय डेलिगेशन बहरीन पहुंचा है, जहां प्रतिनिधिमंडल ने भारत का पक्ष रखा और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद की पोल खोली। इस दौरान एआइएमआइएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा है। ओवैसी ने पाकिस्तान पर बोला हमला ओवैसी ने कहा कि आतंकी निर्दोष लोगों की हत्या करते हैं और उसे सही ठहराने के लिए धर्म का गलत इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि इस्लाम आतंकवाद की निंदा करता है और कुरान स्पष्ट रूप से कहता है कि निर्दोष व्यक्ति को मारना पूरी मानवता को मारने के समान है। बहरीन में प्रमुख हस्तियों से बातचीत के दौरान असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि इन आतंकवादी संगठनों ने भारत में विर्दोष लोगों की हत्या को उचित ठहराया है और उन्होंने कुरान की आयातों को गलत संदर्भ में इस्तेमाल किया है। हमें इसे खत्म करना होगा। वहीं, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोगेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने आतंकवाद से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन की मांग की है। उन्होंने कहा कि हमें हर अंतरराष्ट्रीय मंच और ओआइसी में समर्थन की जरूत है। हम किसी भी देश को खत्म नहीं करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि पाकिस्तान इस आतंकवादी ढांचे को नष्ट करे और आतंकवादियों पर कार्रवाई करे।

**भाजपा सांसद ने रखा भारत का पक्ष :** इस बीच भाजपा सांसद एस फांगनोन कोन्याक ने कहा कि पाकिस्तान ने विभाजन के बाद से भारत के खिलाफ अपनी आतंकवादी गतिविधियां जारी रखी है। उन्होंने बहरीन से आग्रह किया कि वह पाकिस्तान से इसकी जिम्मेदारी लेने को कहे। भाजपा सांसद ने कहा कि भारत सरकार ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है और अगर दोबारा हमला हुआ तो वह इसका कड़ा जवाब देगी। डेलिगेशन में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, एनजेपी सांसद रेखा शर्मा, एआइएमआइएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सांसद सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और राजदूत हर्ष श्रृंगला शामिल हैं।

## आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया को एकजुट होने की जरूरत : शशि थरूर

**न्यूयॉर्क ने भी 20 साल पहले झेला था आतंकवादी हमला**



**वॉशिंगटन।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और पहलगाम हमलों के पीछे पाकिस्तान कनेक्शन की जानकारी दुनिया को दी जा रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में डेलिगेशन अमेरिका पहुंचा। भारतीय वाणिज्य दूतावास में शशि थरूर ने बताया कि कैसे भारत ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। उन्होंने आह्वान किया आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया को एकजुट होने की जरूरत है। शशि थरूर ने 9/11 का जिक्र करते हुए कहा कि हम एक ऐसे शहर में हैं, जिसने आतंकवादी हमले को झेला है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है। थरूर 9/11 स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम 9/11 स्मारक पर यह संदेश देने गए थे कि न्यूयॉर्क ने भी 20 साल पहले आतंकी हमला झेला था और हमारा भी यही अनुभव है। हम चाहते हैं कि वे समझें कि एकजुटता की जरूरत है। हमें अमेरिका की तरह दुनिया को यह संकल्प दिखाने की जरूरत है कि हम ऐसे आतंकी हमलों के खिलाफ हैं और हम कार्रवाई करेंगे। शशि थरूर ने कहा कि पहलगाम में जिस तरह धर्म के नाम पर लोगों की हत्या की गई, उसके पीछे का उद्देश्य देश में हिंदू-मुस्लिम सौहार्द बिगाड़ना था। हमने स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत आतंकवाद को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा और इसका करारा जवाब देगा।

डेलिगेशन में ये नेता भी शामिल : इस डेलिगेशन में शशि थरूर के अलावा, भाजपा के शशांक मणि त्रिपाठी, भुवनेश्वर कलिता और तेजस्वी सूर्या के साथ-साथ एलजेपी (रामविलास) की शांभवी चौधरी, टीडीपी के जीएम हरीश बालयोगी, शिव सेना के मिलिंद देवड़ा, जेएमएम के सरफराज अहमद और अमेरिका में पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू शामिल हैं।

### नेपाल : 19 साल बाद ज्ञानेंद्र शाह ने किया राजदरबार में प्रवेश



**काठमांडू।** नेपाल में राजतंत्र के खात्मे के बाद शनिवार को पहली बार पूर्व राजपरिवार के सदस्यों ने राजदरबार में प्रवेश किया। पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह अपने परिवार के साथ 19 साल बाद राजदरबार पहुंचे। उन्होंने महल में परिवार के साथ पूर्जा अर्चना भी की। उन्होंने अपने परिवार के साथ राजदरबार के भीतर बने चतुर्व्युह नारायण मंदिर में जाकर विधिवत पूजा की। इस अवसर पर राजपुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिपूर्वक पूजा कराई। इस दौरान पूर्व राज परिवार के सदस्य राजदरबार के मुख्य भवन तक नहीं गए, जहां रह कर वह अपना शासन चलाया करते थे।

### रक्षा बजट में वृद्धि करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमलों से भयभीत पाकिस्तान अब रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी करेगा। योजना मंत्री अहसन इकबाल ने कहा कि पाकिस्तान की रक्षा के लिए रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी जरूरी है। इकबाल ने कहा कि यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है कि वित्त वर्ष 2025-26 के आम बजट में रक्षा बीते दिनों आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान पर हवाई हमले करके उसके तमाम आतंकी लांच पैड तबाह कर दिए, वहीं 11 एयरबेस को भी काफी नुकसान पहुंचाया गया था।

### नेपाल में डी कंपनी का गुर्गा युनूस फिर अरेस्ट

**काठमांडू।** नेपाल में दाऊद इब्राहिम और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का प्रमुख गुर्गा युनूस अंसारी कोजेल से रिहा होते ही दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। जाली भारतीय नोट के कारोबार में पांच वर्ष की कैद पूरा होने के बाद रविवार को उसे दूसरे मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। नेपाल में डी कंपनी का पूरा कारोबार संभालने वाला युनूस अंसारी को चौथी बार गिरफ्तार किया। पाकिस्तान में आंधी-तूफान से 19 लोगों की मौत, 90 घायल

### पाकिस्तान में तूफान से 19 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शनिवार को आंधी-तूफान और ओलावृष्टि के कारण कम से कम19 लोगों की मौत हो गई और 90अन्य घायल हो गए। खराब मौसम की वजह से कई जिलों में भारी बारिश हुयी और तेज हवाएं चलीं जिससे व्यापक स्तर पर जानमाल का नुकसान हुआ। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई।

### विदेश सचिव व डिप्टी एनएसए अगले हफ्ते जायेंगे वाशिंगटन

नयी दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिस्री और राष्ट्रीय उप सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी एनएसए) पवन कपूर वाशिंगटन जाएंगे। शीर्ष पदस्थ सूत्रों ने बताया कि उनका यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर तय किया गया है। दोनों शीर्ष अधिकारी अगले सप्ताह अमेरिका जायेंगे। वे ऐसे समय में वहां जा रहे हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई मौकों पर भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले दिनों जारी संघर्ष को रोकने में मध्यस्थता का दावा कर चुके हैं। ट्रंप ने कहा था कि संघर्ष विराम के लिए उन्होंने दोनों पक्षों से लंबी बातचीत की थी।

## कीव पर रूस ने किया हमला 12 की मौत और कई घायल

**रूस ने यूक्रेन पर दागीं 298 ड्रोन व 69 मिसाइलें**

**एजेंसी**



कीव। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव और देश के अन्य क्षेत्रों पर लगातार दूसरी रात ड्रोन और मिसाइल से बड़े पैमाने पर हमला किया, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने रविवार सुबह यह जानकारी दी। यूक्रेन की वायुसेना के प्रवक्ता यूरी इग्नाट के अनुसार रूस ने कुल 367 ड्रोन और मिसाइलें यूक्रेन पर दागीं। यह अब तक के पूरे युद्ध (जो तीन साल से भी ज्यादा समय से जारी है) का सबसे बड़ा एकल हमला था। यूरी इग्नाट ने मीडिया को बताया कि रूस ने विभिन्न प्रकार की 69 मिसाइलों और 298 ड्रोन का इस्तेमाल किया, जिसमें ईरान द्वारा डिजाइन किए गए शाहिद ड्रोन भी शामिल हैं। इग्नाट ने कहा कि यह 2022 में शुरू हुए युद्ध के बाद से यूक्रेन में अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला था।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस की मिसाइलों और ड्रोन ने यूक्रेन के 30 शहरों और गांवों को निशाना बनाया है। जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से रूस पर लगाये गये प्रतिबंधों को और कड़ा करने की मांग की। यह यूक्रेनी नेता की पुरानी मांग रही है, लेकिन अमेरिका और यूरोप की मॉस्को को दी गयी चेतावनियों के बावजूद, ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया है, जो रूस को रोक सके। जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा कि रविवार को कीव, जितोमिर, खमेलनित्स्की, टर्नोपिल, चेर्निहीव, सुमी, ओदेसा, पोल्टावा, ड्नीप्रो, मिकोला, खारकीव और चेरकासी क्षेत्र में हमले किये गये। उन्होंने कहा कि ये हमले शहरों पर जानबूझकर किए गए हमले थे। आवासीय इमारतों को नष्ट कर दिया गया और उन्हें नुकसान पहुंचाया गया। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रात भर में 110 यूक्रेनी ड्रोन गिरा दिये।

### गाजा में इजरायल का हमला, 9 बच्चों की मौत

**काहिरा।** गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को बताया कि इजराइल के हालिया हवाई हमलों में पिछले 24 घंटों के भीतर कम से कम 79 लोगों के शव अस्पतालों में लाए गए हैं। मंत्रालय का कहना है कि यह आंकड़ा उत्तरी गाजा के उन अस्पतालों को शामिल नहीं करता, जो अब पूरी तरह पहुंच से बाहर हो चुके हैं। इन मृतकों में सबसे दर्दनाक घटना दक्षिणी शहर खान यूनुस में सामने आई, जहां नासिर अस्पताल में कार्यरत बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अलाअ नज्जार के 10 में से 9 बच्चों की मौत हो गई। अस्पताल के बाल रोग विभाग के प्रमुख डॉक्टर अहमद अल-फर्रा ने बताया कि हमले के वक्त डॉक्टर नज्जार अस्पताल में ड्यूटी पर थीं और सूचना मिलते ही घर दौड़ीं, जहां उन्होंने अपने घर को आग की लपटों में घिरा पाया। डॉक्टर नज्जार के पति गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि इकलौता बेटा गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। मृत बच्चों की उम्र सात महीने से लेकर 12 वर्ष के बीच बताई गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता खलील अल-दुक्रान ने बताया कि दो बच्चों के शव अब भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं।

## यमन में अलकायदा के छह आतंकी मारे गये

**एजेंसी**

**दक्षिणी प्रांत अबयान में अमेरिका ने रात में ड्रोन से किया हमला**

एडेन। यमन के एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि शनिवार को दक्षिणी प्रांत अबयान में अलकायदा के एक संदिग्ध ठिकाने को निशाना बनाकर अमेरिका ने रात में ड्रोन से किया हमला । इस हमले में कम से कम छह लोग मारे गए हैं। यमन के सैन्य अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि शुक्रवार देर रात पूर्वी अबयान के पहाड़ी माराकिशा इलाके में हमले किए गए। माना जा रहा है कि मारे गए सभी लोग अल-कायदा इन द अरेबियन पेनिन्जुला के सदस्य थे। यह अलकायदा नेटवर्क की यमन स्थित शाखा है। अधिकारी के अनुसार, अलकायदा के खिलाफ यह अभियान यमन के सरकारी बलों के साथ चलाया गया। जिस स्थान पर हमला किया गया, वह कथित तौर पर सरकारी बलों के खिलाफ हमलों और प्रांत में हाल ही में बमबारी अभियानों के लिए लॉन्च पॉइंट के रूप में काम करता था। हमले को लेकर विरोधाभासी खबरें भी आई हैं। एक स्थानीय आदिवासी नेता ने रात में हुए दो ड्रोन हमलों की पुष्टि की, जिसमें आदिवासी तत्वों को ही निशाना बनाया गया। घटना को लेकर अलकायदा इन अरबियन पेनिन्जुला (एक्यूएपी) की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है। साल 2022 के अंत से अबयान यमन के आतंकवाद विरोधी प्रयासों में एक प्रमुख युद्धक्षेत्र रहा है। सरकार समर्थक साउदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल के बलों ने सरकारी सैनिकों द्वारा समर्थित, दूरदराज के क्षेत्रों में जमे हुए अलकायदा इन अरेबियन पेनिन्जुला लड़ाकों को जड़ से उखाड़ने की कोशिश की है। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि एक्यूएपी अक्सर तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों के साथ सुरक्षा कर्मियों को निशाना बनाता है। यमन लंबे समय से गृह युद्ध झेल रहा है।

### चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव 19 जून को

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुजरात की दो और केरल , पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक-एक विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव 19 जून को कराने की रविवार को घोषणा की। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार गुजरात विधानसभा की कादी (अनुसूचित जाति) और विसावदर , केरल की निलम्बूर , पंजाब की लुधियाना (पश्चिम) और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की अधिसूचना सोमवार 26 मई को जारी की जाएगी। इन उपचुनावों के लिए नामांकन दो जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच तीन जून को की जाएगी और नामांकन पांच जून तक वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों पर मतदान 19 जून को कराया जाएगा और मतगणना 23 जून को करायी जाएगी। उपचुनाव की पूरी प्रक्रिया 25 जून तक सम्पन्न हो जाएगी। उपचुनाव की घोषणा के साथ वहां आदर्श चुनाव संहिता लागू कर दी गयी है। ये सीटें प्रतिनिधियों के निधन या इस्तीफे के कारण रिक्त है।

## छह कंपनियों का मार्केट कैप 78166 करोड़ घटा

**रिलायंस , टीसीएस, आइसीआइसीआइ, एसबीआइ, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में गिरावट**

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 78,166.08 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोर रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 40,800.4 करोड़ रुपये घटकर 19,30,339.56 करोड़ रुपये रह गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 17,710.54 करोड़ रुपये घटकर 12,71,395.95 करोड़ रुपये पर आ गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 10,488.58 करोड़ रुपये घटकर 6,49,876.91 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 5,462.8 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,53,974.88 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 2,454.31 करोड़ रुपये घटकर 10,33,868.01 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 1,249.45 करोड़ रुपये घटकर 7,05,446.59 करोड़ रुपये पर आ गई। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 10,121.24 करोड़ रुपये बढ़कर 10,44,682.72 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 4,548.87 करोड़ रुपये बढ़कर 5,74,207.54 करोड़ रुपये रही।

## जीडीपी आंकड़ों पर रहेगी शेयर बाजार की नजर

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर भू-राजनैतिक तनाव और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल से हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह अमेरिका के बजट घाटे, मुद्रास्फीति आंकड़े और बेरोजगारी दावों के साथ ही समाप्त वित्त वर्ष के भारत के जीडीपी आंकड़ों पर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.51 अंक अर्थात 0.74 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81721.08 अंक और निफ्टी 166.65 अंक यानी 0.7 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24853.15 अंक पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार ने काफी उतार-चढ़ाव देखा। इसका मुख्य कारण वैश्विक बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल और भू-राजनीतिक तनाव रहे। सप्ताह की शुरूआत मजबूत रही लेकिन अमेरिका में कमजोर ट्रेजरी नीलामी और बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी ने वैश्विक जोखिम-मुक्त धारणा को प्रबल किया, जिससे सप्ताह के मध्य में सेंसेक्स और निफ्टी में तेज बिकवाली देखने को मिली।

## सज्जनता के साथ शक्ति भी जरूरी: भागवत

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि भारत को इतना सामर्थ्यवान बनना चाहिए कि कोई भी शक्ति उसे पराजित न कर सके। उन्होंने संघ प्रार्थना की एक पंक्ति का उल्लेख करते हुए बताया कि यह केवल भावना नहीं बल्कि हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि अपना स्वयं का बल ही वास्तविक बल होता है और सुरक्षा के मामले में हमें किसी अन्य पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। भागवत ने संघ की विचार पत्रिकाओं के संपादकों को दिए साक्षात्कार में देश, समाज और हिंदुत्व से जुड़े कई अहम विषयों पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने आत्मनिर्भर सुरक्षा, सामाजिक समरसता, संघ में महिलाओं की भूमिका और धर्म आधारित जीवन मूल्यों पर स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विश्व में कुछ लोग आक्रामक प्रवृत्ति के होते हैं और केवल सज्जनता से उनकी रोकथाम संभव नहीं है। सज्जनता के साथ शक्ति भी जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि जब सज्जनता में शक्ति नहीं होती तो वह असहाय बन जाती है और शक्ति यदि सज्जनता से रहित हो तो हिंसा में बदल सकती है। इसलिए दोनों का संतुलन आवश्यक है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचारों से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अब वहां का हिंदू समाज पहले से अधिक जागरूक और आत्मविश्वासी हो गया है। पहले ऐसे हालात में पलायन होता था लेकिन अब वहां के हिंदू कहते हैं कि वे भागेंगे नहीं बल्कि अपने अधिकारों के लिए वहीं संघर्ष करेंगे। भागवत ने इसे हिंदू समाज के बढ़ते आत्मबल और संगठन का

## तेजप्रताप को पार्टी से निकालने पर लालू परिवार एकजुट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- **ये सब अच्छा नहीं लगता है, न हम इसे बर्दाश्त करते हैं : तेजस्वी**
- **परिवार की प्रतिष्ठा की सीमा को बारंबार लांघने की गलती : रोहिणी**



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निकाल दिया है। लालू यादव के इस फैसले के साथ उनका पूरा परिवार साथ खड़ा है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि हमें ये सब अच्छा नहीं लगता है, न हम इसे बर्दाश्त करते हैं। मेरे बड़े भाई की बात है, तो राजनीतिक और निजी जीवन अलग होता है। निजी जीवन के निर्णय लेने का उनका अधिकार है। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमें ये सब अच्छा नहीं लगता है, न हम इसे बर्दाश्त करते हैं। हम बिहार की जनता के लिए काम कर रहे हैं, जनता के सुख-दुख में हम भाग ले रहे हैं, जनता के मुद्दे को उठा रहे है। हम नेता विरोधी दल हैं। जहां तक मेरे बड़े भाई की बात है, राजनीतिक और निजी जीवन अलग होता है। निजी जीवन के निर्णय लेने का उनका अधिकार है। राष्ट्रीय अध्यक्ष दल के नेता हैं, उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी भावनाएं स्पष्ट कर दी है। हम ऐसी चीजों को पसंद नहीं करते हैं। लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने भी तेज प्रताप को पार्टी से निष्कासित करने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि जो परिवेश, परंपरा, परिवार और परवरिश की मर्यादा का ख्याल रखते हैं, उन पर कभी सवाल नहीं उठते हैं, जो अपना विवेक त्याग कर मर्यादित आचरण व परिवार की प्रतिष्ठा की सीमा को बारंबार लांघने की गलती, धृष्टता करते हैं, वो खुद को आलोचना का पात्र खुद ही बनाते हैं। हमारे लिए पापा देवतुल्य हैं, परिवार हमारा मंदिर एवं गौरव और पापा के अथक प्रयासों-संघर्षों से खड़ी की गई पार्टी व सामाजिक न्याय की अवधारणा हमारी पूजा, इन तीनों की प्रतिष्ठा पर किसी की वजह से कोई आंच आए, ये हमें कदापि स्वीकार्य नहीं। लालू यादव ने लिखा कि अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे, वे स्वविवेक से निर्णय लें। लोक जीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद। शनिवार को तेज प्रताप का एक कथित पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें दावा किया गया था कि यह पोस्ट तेज प्रताप यादव ने किया है, जिसमें उन्हें एक युवती के साथ देखा गया था। हालांकि कुछ घंटे बाद तेज प्रताप यादव ने कहा कि मेरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को हैक एवं मेरे तस्वीरों को गलत तरीके से एडिट कर मुझे और मेरे परिवार वालों को परेशान और बदनाम किया जा रहा है।

### पोस्ट डिलीट करना और सफाई देना लालू परिवार की पुरानी आदत : जदयू

तेज प्रताप यादव मामले में जदयू के प्रवक्ता मनीष यादव ने पूछा- तेज प्रताप को संपत्ति से कब बेदखल कर रहे हैं। वहीं तेज प्रताप यादव के इस प्रकरण पर जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने इसे पारिवारिक मामला बताते हुए कहा कि यदि सोशल मीडिया अकाउंट वाकई हैक हुआ है, तो साइबर क्राइम ब्रांच में शिकायत की जानी चाहिए। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पोस्ट डिलीट करना और सफाई देना लालू परिवार की पुरानी आदत है।

